# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 27 मार्च 2025




**60 ठिकानों पर जांच**

### महादेव सट्टा मामले में सीबीआई का सबसे बड़ा छापा, रायपुर-भिलाई-भोपाल-कोलकाता-दिल्ली में जांच

# पूर्व सीएम भूपेश, आधा दर्जन पुलिस अफसर कर्मी और करीबियों पर सीबीआई के छापे

*महादेव सट्टा एप मामले में सीबीआई ने छग में अब तक की सबसे बड़ी छापेमारी करते हुए पूर्व सीएम भूपेश बघेल और पुलिस अफसरों के साथ उनके करीबियों को घेरा है। सीबीआई ने बुधवार तड़के रायपुर-भिलाई के अलावा भोपाल, कोलकाता और दिल्ली में एक साथ धावा बोला। पूर्व सीएम के रायपुर और भिलाई आवास में शाम तक जांच पड़ताल चलती रही। उनके अलावा टीम ने राज्य प्रशासनिक सेवा के निलंबित अफसर सौम्या चौरसिया, विधायक देवेंद्र यादव, सेवानिवृत्त आईएएस अनिल टूटेजा के साथ चार आईपीएस के निवास पर भी धावा बोला। इसी दौरान भूपेश के ओएसडी रहे मनीष बंछोर और आशीष वर्मा और केपीएस के डायरेक्टर प्रशांत त्रिपाठी के आवास पर भी पड़ताल जारी रही। इस छापे को लेकर रायपुर से दिल्ली तक सियासी फिजा भी गर्म है।*

**खास खबर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/भिलाई

सीबीआई के 50 से ज्यादा अफसर कर्मियों की टीम संबंधित लोगों के ठिकानों पर तड़के 7 बजे पहुंच चुकी थी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश के भिलाई स्थित आवास पर जांच के लिए पहुंची टीम के साथ समर्थकों का विवाद हुआ। इसी तरह देवेंद्र यादव के दिल्ली प्रवास पर होने की वजह से उनकी मां सीबीआई अफसरों को घर के अंदर दाखिल नहीं होने दे रही थी।

करीब एक घंटे की समझाइश के बाद सीबीआई के अफसर देवेंद्र यादव के निवास में दाखिल हुए। इसी तरह भिलाई में आईपीएस अभिषेक पल्लव ड्यूटी में जाने निकल रहे थे, जिन्हें सीबीआई ने रोका और उनके घर की जांच की। मनीष बंछोर परिवार के साथ बाहर घूमने गए हैं, इसलिए सीबीआई की टीम मनीष के घर का ताला तोड़ घर के अंदर दाखिल होकर तलाशी ली। पूर्व मुख्यमंत्री के रायपुर के ▶▶| शेष पेज 7 पर



### वीआईपी प्रोफाइल के अलावा इनके यहां दबिश

सीबीआई की टीम वीआईपी प्रोफाइल से जुड़े लोगों के अलावा रायपुर में लंबे अरसे से एएसपी के पद पर पदस्थ रहे अभिषेक माहेश्वरी, भिलाई में एएसपी रहे संजय ध्रुव के अलावा भिलाई के निलंबित पुलिस कर्मी नकुल तथा उसके भाई सहदेव यादव के साथ ही रायपुर के पुलिसकर्मी संदीप दीक्षित, राधाकांत ▶▶| शेष पेज 7 पर



### सीबीआई मेरे तीन मोबाइल ले गई



इधर, पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि सीबीआई मेरे तीन मोबाइल ले गई। रायपुर स्थित निवास में यदि सीबीआई ने कुछ भी जब्ती की है, तो उसकी जिम्मेदारी मेरी नहीं है। इधर, सीबीआई टीम के लौटने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री ▶▶| शेष पेज 7 पर

**डिजिटल साक्ष्य मिलने का दावाः** छापे के बीच सीबीआई ने एक बयान जारी किया है। इसमें कहा गया है कि महादेव सट्टा एप सुचारू रूप से संचालित करने के बदले राजनेताओं तथा पुलिस अफसरों के खिलाफ सट्टा संचालक से प्रोटेक्शन मनी ली गई है। छापे में साक्ष्य के रूप में बड़े पैमाने पर दस्तावेजी के साथ डिजिटल साक्ष्य मिलने का दावा किया गया है।

### 43 ठिकानों में कार्रवाई

*महादेव सट्टा एप को लेकर देश के जिन चार राज्यों में छापे की कार्रवाई की है, उनमें 43 ठिकाने छत्तीसगढ़ के शामिल है। राज्य के जिन लोगों के यहां छापे की कार्रवाई की गई है उनमें प्रमुख नाम इनके हैं।*

- *पूर्व मुख्यमंत्री - भूपेश बघेल*
- *पूर्व मुख्यमंत्री के ओएसडी - आशीष वर्मा, मनीष बंछोर*
- *राज्य प्रशासनिक सेवा के निलंबित अफसर - सौम्या चौरसिया*
- *भिलाई विधायक - देवेंद्र यादव*
- *सेवानिवृत्त आईएएस - अनिल टूटेजा*
- *चार आईपीएस*
- *दो राज्य पुलिस अफसर - अभिषेक माहेश्वरी, संजय ध्रुव*
- *चार पुलिसकर्मी - नकुल, सहदेव यादव, राधाकांत पाण्डेय, संदीप दीक्षित*
- *केपीएस स्कूल के डायरेक्टर - प्रशांत त्रिपाठी*


## *पहले पुलिस, फिर ईओडब्ल्यू अब सीबीआई की इंट्री, 500 से ज्यादा हो चुके हैं अरेस्ट अब कसा जा रहा रसूखदारों पर शिकंजा*

**ईओडब्ल्यू के चालान के बाद नरेश चंद्र गुप्ता ने लिखा था सीबीआई डायरेक्टर को पत्र, उसमें भी अफसरों पर उठाए सवाल**

**सूत्रों के अनुसार सीबीआई को छापे में मिली है डायरी, उसमें आईपीएस अफसरों और नेताओं के बीच लेनदेन का ब्योरा**

*महादेव एप बुक भिलाई के सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के दिमाग की उपज थी। दोनों ने आनलाइन सट्टेबाजी का मंच तैयार किया था। हर दिन करीब 100 करोड़ रुपए का सट्टा एप के माध्यम से खेला जा रहा था। कोरोना के समय यह डेढ़ से दो सौ करोड़ रुपए तक हो गया। हरिभूमि ने महादेव सट्टा एप के जरिए किए जा रही सट्टेबाजी का खुलासा किया था। उस वक्त करीब 500 सटोरियों की गिरफ्तारी हुई थी और मास्टर माइंड दुबई भाग गए थे। सरकार बदलने के बाद मामला पुलिस से ईओडब्ल्यू तक पहुंचा।*

*ईओडब्ल्यू ने बीते साल जुलाई में चालान भी पेश कर दिया। लेकिन उसमें रसूखदारों के नाम नहीं थे। उसके बाद मामला सीबीआई तक पहुंचा। सीबीआई ने आज रसूखदारों पर* ▶▶| शेष पेज 7 पर



### सरकार बदलने के बाद ईओब्ल्यू को सौंपा केस

4 मार्च 2024 को भाजपा सरकार ने यह मामला आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को सौंप दिया। जब एफआईआर हुई उसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ 20 आरोपी बनाए गए। अज्ञात के खिलाफ एफआईआर हुई। लेकिन उस वक्त किसी भी पुलिस अफसर को आरोपी नहीं बनाया गया। यहां तक जब बीते साल जुलाई में ईओब्ल्यू ने चालान पेश किया उसमें सभी रसूखदारों के ▶▶| शेष पेज 7 पर

### नीली डायरी में 22 करोड़ के लेनदेन का जिक्र

छापेमारी के दौरान बताया गया कि एक नीली डायरी सीबीआई के हाथ लगी है। इस डायरी में कई आईएएस, आईपीएस से संबंधित जानकारी, कुछ लेन-देन का ब्योरा मिला है। माना जा रहा है कि इस डायरी को सीबीआई महत्वपूर्ण सबूत बना सकती है। इस डायरी में 2020 से जनवरी 2023 तक के लेनदेन से जुड़े इनपुट मिले हैं, जिसमें लगभग 22 करोड़ रुपए का लेनदेन का जिक्र है। साथ ही महादेव सट्टा एप को छत्तीसगढ़ में सपोर्ट देने के ▶▶| शेष पेज 7 पर







### हरिभूमि की खबर की बाद हुई थीं 500 से ज्यादा की गिरफ्तारी

3 अप्रैल 2022 को हरिभूमि ने आनलाइन सट्टेबाजी का खुलासा किया था। उसके बाद तत्कालीन सरकार ने मामले को पुलिस के हवाले किया। हर जिले में सटोरियो के खिलाफ कार्यवाही की गई और करीब 500 सटोरिए गिरफ्तार किए गए। हालांकि उसके बाद भी सट्टा चलता रहा। बड़े सटोरियों ने छत्तीसगढ़ छोड़ दिया। मास्टर माइंड सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल दुबई भाग गए। दुबई में उन्होंने महादेव एप बुक का मुख्यालय बनाया।

---

## खबर संक्षेप

### दुहान बने एसईसीएल के नए सीएमडी



**बिलासपुर।** केंद्र सरकार ने एसईसीएल के नए चेयरमैन कम मैनेजिंग डायरेक्टर की नियुक्ति कर दी है। सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड के डायरेक्टर टेक्निकल हरीश दुहान को नया सीएमडी बनाया गया है। उनकी नियुक्ति 26 मार्च 2025 से प्रभावी होगी। वे 31 मार्च 2028 तक पद पर रहेंगे। डॉ. प्रेम सागर मिश्रा की सेवानिवृत्ति ▶▶| शेष पेज 7 पर

### सीबीआई के स्पेशल जज बने मनोज ठाकुर

**बिलासपुर।** भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत सीबीआई द्वारा दायर मामलों की सुनवाई के लिए गठित विशेष अदालत में मनोज कुमार सिंह ठाकुर को विशेष न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति का आदेश विधि एवं विधायी विभाग के एडिशनल सेक्रेटरी शहाबुद्दीन कुरैशी ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के परामर्श एवं सहमति के बाद जारी किया। राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 3(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए यह नियुक्ति की है।

**नैसकॉम, आईईएसए एवं टाई बैंगलोर के साथ एमओयू**

## बेंगलुरु की टेक कंपनियों से छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए 3700 करोड़ से अधिक का करार

*देश की सिलिकॉन वैली के रूप में प्रसिद्ध बेंगलुरु की कई बड़ी टेक कंपनियों ने छत्तीसगढ़ में निवेश को लेकर रुचि दिखाई है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बेंगलुरु में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट मीट में देश के शीर्ष उद्योगपतियों और बिजनेस लीडर्स से संवाद कर राज्य में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। इस दौरान इंजीनियरिंग, टेक्सटाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी/आईटीईएस, खाद्य प्रसंस्करण और ग्रीन फ्यूल जैसे क्षेत्रों के कई बड़ी कम्पनियों ने 3700 करोड़ के निवेश प्रस्ताव सौंपे हैं।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार ने आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नैसकॉम, इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन और द इंडस एंटरप्रेन्योर्स बैंगलोर के साथ महत्वपूर्ण एमओयू भी साइन किया है।

सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ निवेश और उद्योगों के लिए देश के सबसे उभरते हुए राज्यों में से एक है। देश के सबसे समृद्ध खनिज संसाधन, सेंट्रल इंडिया की ▶▶| शेष पेज 7 पर

### नवा रायपुर में सबसे बड़ा फार्मास्यूटिकल पार्क

उन्होंने कहा कि नई औद्योगिक नीति में हमने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, रोबोटिक्स, कंप्यूटिंग, ग्रीन हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में निवेश के लिए आकर्षक प्रावधान रखे गये हैं। इसके साथ ही इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रानिक्स, फार्मा, टैक्सटाइल, फूड एंड एग्रो प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में भी विशेष रियायत दी गई है। हम नवा रायपुर में फार्मास्यूटिकल पार्क भी स्थापित कर रहे हैं जो सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा फार्मास्यूटिकल पार्क होगा। ▶▶| शेष पेज 7 पर

**हाईकोर्ट ने बीसीआई से मांगा शपथ पत्र**

## जून में होंगे स्टेट बार काउंसिल के चुनाव

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल के चुनाव के लिए शेड्यूल तय करने स्वतः संज्ञान याचिका पर हाईकोर्ट ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) को अंतिम अवसर दिया है। अगली सुनवाई में 2 अप्रैल को होगी जिसमें चुनाव शेड्यूल पर बार कौंसिल आफ इंडिया को स्पष्टीकरण देना होगा। ध्यान रहे ▶▶| शेष पेज 7 पर

### नियमों के अनुसार हो चुनाव कार्यक्रम

बीसीआई के अधिवक्ता ने जानकारी दी कि सचिव द्वारा शपथपत्र भेज दिया गया है, लेकिन वह हाईकोर्ट को प्राप्त नहीं हुआ। कोर्ट ने यह भी कहा है कि चुनाव कार्यक्रम बीसीआई नियमों और ▶▶| शेष पेज 7 पर

**नोट कांड मामले में चल रही जांच**

## जस्टिस वर्मा के आवास पर पहुंची पुलिस की टीम, स्टोर रूम सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास में लगी आग के बाद कथित नकदी बरामदगी के मामले की जांच के सिलसिले में पुलिस उपायुक्त, नई दिल्ली के नेतृत्व में एक टीम बुधवार को उनके आवास पहुंची। टीम अपराह्न करीब 1.50 बजे न्यायमूर्ति वर्मा के घर पहुंची और दो घंटे बाद वापस गई। हालांकि, पुलिस टीम ने मीडिया से बात नहीं ▶▶| शेष पेज 7 पर



### एफआईआर की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ उनके अधिकारिक आवास से बड़े पैमाने पर नकदी मिलने के आरोप में मुकदमा दर्ज करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई होगी। हालांकि शीर्ष अदालत ने याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ता व अधिवक्ता मैथ्यूज जे. नेदुम्परा ने अपनी याचिका का उल्लेख करते हुए, इसे सुनवाई के लिए तत्काल सूचीबद्ध करने का आग्रह किया।

**ईपीएफओ के सदस्यों के लिए जून से नई सेवा**

## अब यूपीआई से भी निकाल सकेंगे पीएफ का पैसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पीएफ अकाउंट होल्डर्स के लिए बड़ी और राहत भरी खबर है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ जून से अपने सदस्यों को बड़ी सुविधा देने के लिए तैयार है। खास बात यह है कि पहले एटीएम से पीएफ निकासी की चर्चा हो रही थी, लेकिन संगठन की ओर से बताया गया है कि एटीएम ही नहीं, यूपीआई के जरिए भी पीएफ के पैसों की निकासी की जा सकेगी। इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, ▶▶| शेष पेज 7 पर

### पीएफ अकाउंट को यूपीआई से करना होगा लिंक




### एनपीसीआई को मंजूरी

विभाग अधिकारी सुमिता डावरा ने जानकारी दी कि भारत में रिटेल पेमेंट्स सैटेलमेंट सिस्टम को ऑपरेट करने वाली एनपीसीआई की इस सिफारिश को मंजूरी मिल गई है। इसके तहत अब हर ईपीएफओ मेंबर साल मई फिर जून के आखिरी तक यूपीआई या फिर एटीएम के जरिए अपना पीएफ का पैसा आसानी से निकाल सकता है। ध्यान रहे इस बात की भी जानकारी सामने आई कि सिर्फ एक लाख रुपए तक ही आसानी से विड्रॉ किया जा सकता है।

### *यूपीआई से लिंक करना होगा अकाउंट*

*यूपीआई से पैसा निकालने के लिए आपको अपने पीएफ अकाउंट को यूपीआई से लिंक करना होगा। इसके बाद सब्सक्राइबर्स पीएफ का पैसा अपने बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर सकेंगे। पीएफ विड्रॉल के नियम के तहत अगर किसी मेंबर की नौकरी चली जाती है तो वह 1 माह के बाद पीएमफ अकाउंट से 75% पैसा निकाल सकता है।*

### तेजी थमी, गिरा बाजार डूबे 3.51 लाख करोड़

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में लगातार 7 दिनों की तेजी के बाद 26 मार्च को गिरावट आई। अमेरिकी टैरिफ नीतियों को लेकर अनिश्चितता का असर बाजार में दिखा। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप करीब 3.51 लाख करोड़ रुपए घटा है। बीएसई सेंसेक्स 728.69 अंक की गिरावट के साथ 77,288.50 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 181.80 अंक या 0.77 फीसदी टूटकर 23,486.85 के स्तर पर बंद हुआ। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप 26 मार्च को घटकर 411.43 लाख करोड़ रुपए पर आ गया, जो 25 मार्च को 414.94 लाख करोड़ रुपए रहा था।

# KALINGA UNIVERSITY

RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited NIRF 2024 Ranked: 101-150 | 50+ Acre Campus | 130+ Programs | 8000+ Students from 27+ Countries | 250+ Recruiters

# 2025-26!

## ADMISSIONS OPEN



## DEPARTMENT OF COMMERCE

# B.Com.

# B.Com. Hons.

(BANKING & FINANCE)

(INCLUDES TAXATION & GST)

# M.Com.

# M.Com.

(BANKING & FINANCE)

APPLY THROUGH OUR
**ENTRANCE EXAMINATION KALSEE**

SCAN THE QR CODE

## OTHER DEPARTMENTS

ARTS & HUMANITIES · DESIGN · ENGINEERING · EDUCATION · INFORMATION TECHNOLOGY · LAW · LIBRARY & INFORMATION SCIENCE · MANAGEMENT · PHARMACY · RESEARCH · SCIENCE · YOGA

## BENEFITS:

- Priority program selection – pick what you want to study.
- Access to exclusive scholarship opportunities.
- Claim your preferred hostel room – first-come, first-serve.
- One-to-one career counselling & guidance for course selection.
- Get guidance about the new education policy.
- Early campus tour & introduction to campus facilities.
- Access to bridge courses.
- Access to centres of excellence.
- Avoid last-minute hassle.

## CAREER OPPORTUNITIES:

- Business Analyst
- Project Manager
- Strategy Consultant
- Marketing Manager
- Finance Manager
- Operations Manager
- Supply Chain Manager
- Human Resources Manager
- Corporate Development Manager
- Executive Leadership Positions like CEO, COO, CFO, etc




## WHY CHOOSE KALINGA UNIVERSITY?

- Industry-Aligned Curriculum
- State-of-the-art Infrastructure
- Extensive Networking Opportunities
- Student Support Services
- Excellent Placement Records
- Holistic Learning Experience
- Focus on Entrepreneurship and Startups
- Participate in IDEATHON - Business Plan Competitions
- Corporate and Industry Collaborations
- Valuable Internship Programs

## BENEFITS OF OUR ENTRANCE EXAM (KALSEE 2025-26):

You Can Get an Extra Scholarship Based on Marks Obtained in **KALSEE** Entrance Exam

To avail of a Scholarship, Register before:
**31st MARCH 2025**






#Rajesh9926308899

+91-9907252100 | www.kalingauniversity.ac.in | admissions@kalingauniversity.ac.in

**Campus:** Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101 Chhattisgarh | **City Office:** 1st Floor, SLT Waterfront, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001

**Bhilai Office:** 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

रायपुर
गुरुवार, 27 मार्च 2025
चैत्र कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
वर्ष : 23, अंक : 248
पृष्ठ : 14+4+4 = 22 मूल्य : 5 .00**

**मौसम**
अधि. 38.4
न्यून. 22.5

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# सामान्य छात्रों से ज्यादा गरीब छात्र! निर्धारित संख्या से अधिक सीटों पर आरटीई प्रवेश देकर खेला करोड़ों का खेल

अलग खबर

देवीलाल साहू ⏭ भिलाई

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अर्थात आरटीई में प्रतिपूर्ति राशि घोटाला चल रहा है। आरटीई के नियमानुसार, विद्यालय में जितनी प्रवेश संख्या है, उसके 25 प्रतिशत सीटों पर ही गरीब छात्रों को प्रवेश दिया जाना है। इन गरीब छात्रों की फीस शासन द्वारा दी जाती है। शासन से अधिक राशि वसूलने छोटे और मंझोले निजी विद्यालयों ने 25 प्रतिशत से अधिक सीटों पर गरीब छात्रों को प्रवेश दे दिया। इन अतिरिक्त छात्रों की फीस शासन से वसूल भी ली। किसी तरह की मॉनिटरिंग नहीं ⏭ शेष पेज 7 पर

**केस 1**

एक स्कूल का यू-डाइस कोड 22100604505 है। पोर्टल में यहां नर्सरी से लेकर सातवीं तक प्रवेश संख्या 169 उल्लेखित है। आरटीई नियम के अनुसार, इन सीटों का 25 प्रतिशत 39 होता है। 39 सीटों पर ही गरीब छात्रों को प्रवेश दिया जाना था, लेकिन इस विद्यालय में गरीब वर्ग के 95 बच्चों को प्रवेश दे दिया। इस तरह शासन से 4 लाख 6 हजार की राशि अतिरिक्त ली गई।




### बीच में पढ़ाई छोड़ देते हैं छात्र

कई सामान्य वर्ग के विद्यार्थी प्रवेश लेने के बाद पढ़ाई छोड़ देते हैं। इस कारण उनकी संख्या कम हो जाती है और आरटीई छात्रों की संख्या बढ़ जाती है।
-राजीव गुप्ता,
अध्यक्ष, निजी विद्यालय संघ

### मामले को चेक करवाता हूं

स्कूलों में यू डाइस कोड में उल्लेखित दर्ज संख्या और प्रवेशित बच्चों की दर्ज संख्या में अंतर के हिसाब से अतिरिक्त प्रतिपूर्ति राशि ली जा रही है तो यह मेरे संज्ञान में अभी आया है। इस मामले को चेक करवाता हूं।
-अरविंद मिश्रा
जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग

**केस 2**

एक स्कूल का यू-डाइस कोड 22100601903 है। इस विद्यालय में कक्षावार दर्ज संख्या 50 उल्लेखित है। नियमानुसार, 10 बच्चों की प्रतिपूर्ति राशि मिलनी थी, लेकिन 60 बच्चों का भुगतान लिया गया है। जिससे शासन को 3,18,000 रुपए का नुकसान पहुंचाया गया।

**केस 3**

एक विद्यालय का यू-डाइस कोड 22100600104 है। इस स्कूल में नर्सरी से लेकर आठवीं तक यू-डाइस पोर्टल में दर्ज संख्या 222 उल्लेखित है। आरक्षित सीटों के हिसाब से कक्षावार 45 सीटें आरटीई की होनी चाहिए, लेकिन यहां आरटीई के अंतर्गत 61 बच्चों को दाखिला दिया गया। इस आधार पर 1,82,000 रुपए का अतिरिक्त भुगतान ले लिया गया।

**केस 4**

एक विद्यालय का यू-डाइस कोड 22100603005 है। इस स्कूल में 130 बच्चे दर्ज हैं। नियमानुसार यहां आरटीई के अंतर्गत 30 छात्रों को प्रवेश दिया जाना था, लेकिन 57 को प्रवेश दिया गया। नियमविरूद्ध अतिरिक्त बच्चों को प्रवेश देकर शासन को 1 लाख 96 हजार का नुकसान पहुंचाया गया।

**केस 5**

एक विद्यालय का यू-डाइस कोड 22100600106 है। इस स्कूल की दर्ज संख्या 396 है। इस स्कूल में आरटीई के 134 बच्चों को प्रवेश दिया गया, जबकि यह संख्या 101 होनी थी। इस तरह से 41 बच्चों के अतिरिक्त भुगतान के रूप में 3 लाख 200 रुपए अतिरिक्त लिए गए।

नोट- ये उदाहरण मात्र हैं। ऐसा खेल प्रदेशभर के कई स्कूलों में चल रहा है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### संसद की सुरक्षा में सेंध हाईकोर्ट ने मांगा जवाब




**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में गिरफ्तार आरोपी की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस से जवाब-तलब किया। न पीठ ने मनोरंजन डी. की अर्जी पर पुलिस को नोटिस जारी किया। इसमें उसने निचली अदालत द्वारा जमानत देने से इनकार करने के फैसले को चुनौती दी है।

### नेपाल में ड्रग्स के साथ भारतीय गिरफ्तार



**काठमांडू।** नेपाल के गौतम बुद्ध अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 34 वर्षीय भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से 15 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। उड़ान के जरिए बैंकॉक से पश्चिम नेपाल के भैरहवा में उतरने वाले रितेश कुमार के पास से मादक पदार्थ बरामद किया गया।

### डंपर की टक्कर से पांच की मौत



**प्रतापगढ़।** रानीगंज क्षेत्र के लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर अनियंत्रित डंपर की टक्कर से कार सवार पांच लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में घायल सुंदरम पाण्डेय (26) और रामबाबू (30) को ट्रॉमा सेंटर में मृत घोषित कर दिया गया, जबकि नीरज सरोज (23), विजय सरोज (25) और विशाल (25) ने अस्पताल में दम तोड़ा।

### खाई में गिरा वाहन महिला समेत 4 की मौत



**शिमला।** शिमला के उपनगरीय इलाके में आनंदपुर-मेहली रोड पर एक वाहन के खाई में गिर जाने से उसमें सवार एक महिला और उसकी बेटी समेत चार लोगों की मौत हो गई। घटना लालपानी पुल के पास हुई। मृतकों की पहचान जय सिंह नेगी (40) मुकुल (10) रूपा (45) और प्रगति के रूप में हुई है।

### बकरियां चराने गए तीन बच्चे नदी में डूबे



**शाहजहांपुर।** जिले के थाना सदर बाजार अंतर्गत मामुड़ी मोहल्ले के तीन बच्चों की गर्रा नदी में डूबने से मौत हो गई। मोहल्ले के चार बच्चे सोमवार को दोपहर में बकरियां चराने के लिए गए थे। इस दौरान तीन बच्चे डूब गए। मृतकों की पहचान शाहरुख (12), शोएब (14) और अखलाक (11) के रूप में हुई है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा था-ब्रेस्ट छूना रेप नहीं

# हाईकोर्ट की टिप्पणी पर रोक, सुप्रीम कोर्ट ने कहा-असंवेदनशील और अमानवीय

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हाईकोर्ट की टिप्पणी को 'बेहद गंभीर मामला' करार देते हुए सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा, सामान्य परिस्थितियों में हम इस स्तर पर स्थगन देने में सुस्त हैं, लेकिन चूंकि पैराग्राफ 21, 24 और 26 में की गई टिप्पणियां कानून के सिद्धांतों से पूरी तरह अलग हैं और पूरी तरह असंवेदनशील और अमानवीय दृष्टिकोण वाली हैं, इसलिए हम उक्त टिप्पणियों पर स्थगन देने के लिए इच्छुक हैं। दरअसल 'वी द वूमेन ऑफ इंडिया' नामक संगठन हाईकोर्ट द्वारा की गई विवादास्पद टिप्पणियों को प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना के संज्ञान में लाया, जिसके बाद शीर्ष अदालत ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया। हाईकोर्ट की विवादास्पद टिप्पणियों पर रोक लगाने का तात्पर्य यह है, किसी तरह की विधिक प्रक्रिया में इनका आगे इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। हाईकोर्ट का आदेश दो व्यक्तियों द्वारा दायर एक याचिका पर आया था। इन आरोपियों ने कासगंज के विशेष न्यायाधीश ⏭ शेष पेज 7 पर

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के बलात्कार संबंधी हालिया दृष्टिकोण पर कड़ी आपत्ति जताई। उसकी टिप्पणियों को पूर्णतः 'असंवेदनशील' तथा 'अमानवीय दृष्टिकोण' वाला बताते हुए इन पर रोक लगा दी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 17मार्च के अपने एक आदेश में कहा था कि महज स्तन पकड़ना और 'पायजामे' का नाड़ा खींचना बलात्कार के अपराध के दायरे में नहीं आता।

### हाईकोर्ट ने क्या कहा था

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यौन अपराध के एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि स्तन पकड़ना और उसके पायजामे का नाड़ा तोड़ना, आईपीसी की धारा 376 (दुष्कर्म) का मामला नहीं है, बल्कि ऐसा अपराध धारा 354 (बी) (किसी महिला को निर्वस्त्र करने के इरादे से हमला) के तहत अपराध की श्रेणी में आता है। यह आदेश दो व्यक्तियों द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा ने पारित किया। इस मामले के तथ्यों के मुताबिक, विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) की अदालत में एक आवेदन दाखिल करके आरोप लगाया गया था कि 10 नवंबर, 2021 को शाम करीब पांच बजे शिकायतकर्ता महिला अपनी 14 वर्षीय बेटी के साथ ननद के घर से लौट रही थी।



### फैसले में दिखता है अमानवीय दृष्टिकोण

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, हम आमतौर पर इस स्तर पर रोक (स्थगन) लगाने में देने में हिचकिचाते हैं, लेकिन पैरा 21, 24 और 26 में की गई टिप्पणियां कानून के दायरे से बाहर हैं। अमानवीय दृष्टिकोण दिखाती हैं, इसलिए हम इन टिप्पणियों पर रोक लगाते हैं।

### केंद्र, यूपी सरकार और अन्य को नोटिस

सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के 17 मार्च के आदेश से संबंधित मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए शुरू की गई कार्यवाही में केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया। पीठ ने सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को निर्देश दिया कि वह अपना आदेश इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार को बताएं, जिसके बाद इसे तुरंत वहां के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखा जाएगा। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से मामले की जांच करने और उचित कदम उठाने का आग्रह किया गया। पीठ ने कहा कि मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद की जाएगी।

### जल्दबाजी में नहीं सुनाया गया फैसला


न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा, हमें ये कहते हुए दुख हो रहा है कि यह फैसला लिखने वाले की ओर से संवेदनशीलता की कमी को दिखाता है। ये फैसला तत्काल नहीं लिया गया था, बल्कि फैसला सुरक्षित रखने के 4 महीने बाद सुनाया गया। इस प्रकार, इसमें विवेक का इस्तेमाल किया गया है।

### महिला आयोग ने किया स्वागत

राष्ट्रीय महिला आयोग ने विवादास्पद टिप्पणियों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक का स्वागत किया है। एनसीडब्ल्यू ने कहा कि उसने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने के लिए विस्तृत आधार पहले ही विधि एवं न्याय मंत्रालय को सौंप दिए हैं तथा वह उच्चतम न्यायालय के आदेश का स्वागत करती है।

विवादों के बीच कामरा का नया वीडियो

# लोगों की लूटने कमाई साड़ी वाली दीदी आई



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

स्टैंड अप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने अब केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर तंज कसा है। उन्होंने बुधवार को एक वीडियो शेयर किया, जहां वह एक गाने के जरिए वित्त मंत्री को 'निर्मला ताई' बुला रहे हैं और नीतियों पर सवाल उठा रहे हैं। खास बात है कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर टिप्पणी को लेकर विवाद गहरा गया था। करीब डेढ़ मिनट के वीडियो में कामरा ने जोक किया, 'आपका टैक्स का पैसा हो रहा है हवा ⏭ शेष पेज 7 पर

### पुलिस ने किया तलब

मुंबई में डिप्टी सीएम शिंदे पर टिप्पणी के मामले में कामरा को पुलिस ने फिर से तलब किया है। इससे पहले भी उन्हें नोटिस जारी किया गया था। उन्होंने रविवार को एक कार्यक्रम में बगैर नाम लिए 'गद्दार', 'ठाणे का रिक्शा' जैसी टिप्पणियां की थीं।

### अब महंगाई को लेकर किया तंज

ताजा वीडियो क्लिप में कुणाल कामरा एक और पैरोडी सॉन्ग सुनाते दिख रहे हैं। इस वीडियो में वो महंगाई को लेकर सरकार पर तंज कस रहे हैं और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का भी जिक्र कर रहे हैं। वीडियो में कॉमेडियन टैक्स को लेकर भी कमेंट कर रहे हैं।

बैंककारी विधियां संशोधन विधेयक

# अब बैंक खाते में एक नहीं बना सकेंगे चार नॉमिनी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राज्यसभा ने बुधवार को बैंककारी विधियां (संशोधन) विधेयक 2024 को मंजूरी दे दी। इसमें बैंकिंग क्षेत्र में सुधार के विभिन्न प्रावधान किए गए हैं। अब बैंक खाताधारक अपने खाते के लिए चार लोगों को नामित कर सकेंगे। अब तक खाताधारक केवल एक नामिनी जोड़ सकता था।

राज्यसभा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा चर्चा का जवाब दिए जाने के बाद इस विधेयक को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। इसके साथ ही सदन ने विपक्ष द्वारा पेश संशोधनों को खारिज कर दिया और सरकार द्वारा पेश संशोधनों को स्वीकार कर लिया।



विधेयक में भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934; बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949; भारतीय स्टेट बैंक, 1955 और बैंकिंग कंपनियां, 1980 में कुल 19 संशोधन प्रस्तावित हैं। विधेयक में यह प्रावधान है कि कोई बैंक खाताधारक अपने खाते में चार 'नॉमिनी' बना सकता है। विधेयक में वैधानिक लेखा परीक्षकों को भुगतान किया जाने वाला पारिश्रमिक तय करने में बैंकों को अधिक स्वतंत्रता देने का भी प्रावधान है। इस विधेयक की घोषणा वित्त मंत्री ने अपने 2023-24 के बजट भाषण में की थी।

### क्या कहता है नया नियम?

दरअसल, बीते मंगलवार को लोकसभा में बैंककारी विधियां (संशोधित) विधेयक, 2024 पारित किया गया। इसके अंतर्गत अब एक खाताधारक अपने बैंक खाते में एक की जगह चार नॉमिनी बना सकता है। वित्त निर्मला सीतारमण ने जुलाई 2024 में बजट के दौरान इस विधेयक को पेश करने की घोषणा की थी। ऐसे में सरकार ने एक साथ आरबीआई अधिनियम 1934, बैंकिंग नियमन कानून 1949, एसबीआई अधिनियम 1955, बैंकिंग कंपनीज अधिनियमन 1970-1980 के कई प्रावधानों में संशोधन किया है।

### क्यों पड़ी इसकी जरूरत?

यहां ये भी समझना जरूरी है कि आखिर एक से ज्यादा नॉमिनी जोड़ने वाले फैसले की क्यों जरूरत पड़ी? दरअसल, कोरोना काल में जिन लोगों का निधन हुआ उसके बाद कई लोग ऐसे थे जो मृत व्यक्ति के बैंक खाते पर दावा कर रहे थे। ऐसे में बैंकों के सामने कई तरह के कानूनी विवाद आ गए। इसके चलते ही इस फैसले को लाने की जरूरत नजर आई।

### सहकारी बैंकों के लिए ऐसा प्रस्ताव

विधेयक में सहकारी बैंकों में निदेशकों (अध्यक्ष और पूर्णकालिक निदेशक को छोड़कर) के कार्यकाल को 8 वर्ष से बढ़ाकर 10 वर्ष करने का प्रस्ताव है, ताकि इसे संविधान (97वां संशोधन) अधिनियम, 2011 के अनुरूप बनाया जा सके। विधेयक कानून बनने के बाद केंद्रीय सहकारी बैंक के निदेशक को राज्य सहकारी बैंक के बोर्ड में सेवा देने की अनुमति प्रदान करेगा।

# देशभर में कई जगहों पर यूपीआई सेवा हुई ठप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में यूपीआई की सेवा कई जगहों पर ठप हो गई है, जिससे लोगों को डिजिटल भुगतान करने में दिक्कत हुई। कई उपयोगकर्ताओं ने शिकायत की है कि उनके यू पी आ ई पेमेंट फेल हो रहे हैं या बहुत देर से प्रोसेस हो रहे हैं। कई बैंकों के ग्राहक को यूपीआई के जरिए पैसे भेजने और रिसीव करने में दिक्कत आ रही थी।



### ऑनलाइन भुगतान फेल

कई व्यापारियों ने बताया कि ग्राहक यूपीआई से भुगतान नहीं कर पा रहे हैं, जिससे लेन-देन भी प्रभावित हो रहा है। वहीं, ऑनलाइन शॉपिंग और एप्स पर भी भुगतान फेल होने की शिकायतें आई हैं। कुछ उपयोगकर्ताओं ने शिकायत की है कि उनके फोनपे, गूगल पे और पेटीएम जैसे एप्स सही से काम नहीं कर रहे।

# फीफा का ऐलान, चैंपियन को मिलेंगे 11 अरब रुपए!

एजेंसी ⏭ ज्यूरिख

अमेरिका में आयोजित होने वाले फीफा के पहले क्लब विश्व कप के लिए फीफा ने एक बिलियन डॉलर (लगभग 85.66 अरब रुपए) की पुरस्कार राशि का विवरण बुधवार को पेश किया जिसमें से चैंपियन बनने वाली फुटबॉल टीम को 125 मिलियन डॉलर (लगभग 10.70 अरब रुपए) की राशि मिल सकती है। फीफा ने कहा कि उसने 14 जून से 13 जुलाई तक ⏭ शेष पेज 7 पर




फीफा 14 जून से 13 जुलाई तक कर रहा 'क्लब विश्व कप' टूर्नामेंट का आयोजन

### अतिरिक्त कमाई का मौका

टूर्नामेंट के मैचों को जीतने पर टीमों के पास अतिरिक्त कमाई का मौका होगा जिसके लिए 475 मिलियन डॉलर का प्रावधान रखा गया है। इसमें ग्रुप चरण के मैच जीतने के लिए दो मिलियन डॉलर, अंतिम-16 चरण में खेलने के लिए 7.5 मिलियन डॉलर और न्यूयॉर्क के पास मेटलाइफ स्टेडियम में फाइनल जीतने वाली टीम को 40 मिलियन डॉलर का भुगतान किया जाता है।

### वर्ल्ड कप विजेता को मिले 347 करोड़ रुपए




कतर की मेजबानी में फीफा वर्ल्ड कप 2022 का फाइनल अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच खेला गया। इस विश्व कप में 32 टीमों के बीच 440 मिलियन डॉलर प्राइज मनी बांटी गई। विजेता अर्जेंटीना को 42 मिलियन डॉलर (347 करोड़ रुपए) मिले। वहीं उपविजेता फ्रांस को 30 मिलियन डॉलर (248 करोड़ रुपए) मिले। बात तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम के पुरस्कार के बारे में करें तो, क्रोएशिया को 27 मिलियन डालर यानी 223 करोड़ रुपए मिले।





# धरती पर उतरा यूएफओ! आसमान में दिखी रहस्यमय नीली रोशनी, एलियन तो नहीं आ गए?

लंदन। ब्रिटेन से पौलैंड तक 24 मार्च की रात एक अनोखा नजारा देखने को मिला। यहां के आसमान में रात के अंधेरे में एक नीली रोशनी वाला स्पायरल देखा गया। आसमान में इस नजारे को देख हर कोई हैरान था। सबके मन में यही सवाल था कि आखिर अंधेरे में यह घूमती हुई रोशनी क्या है?

## आसमान में चमचमाती नीली रोशनी



बता दें कि आसमान में घूमती हुए नीली रोशनी की पहचान एलन मस्क के स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट से निकले जमे हुए कुछ धुएं के रूप में हुई, यह वायुमंडल में घूम रहा था और सनलाइट से रिफलेक्ट कर रहा था, जिससे यह धुआं चमचमाता दिख रहा था। इसकी जानकारी ब्रिटेने के मेट ऑफिस के अधिकारियों की ओर से दी गई।



### फाल्कन 9 रॉकेट से है संबंधित

यूरोप के पूरे सोशल मीडिया पर आसमान में चमचमाती यह नीली रोशनी काफी वायरल हो रही है। डेनमार्क, जर्मनी और फ्रांस में इसको लेकर लोगों के मन में काफी सवाल खड़ा होने लगा था। ब्रिटेन से पूर्वी यूरोप तक यह चमचमाती रोशनी काफी देर तक देखने को मिली। ब्रिटेन के मेट ऑफिस ने सोशल मीडिया पर इसका जिक्र करते हुए बताया कि आसमान में यह चमचमाती रोशनी स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट से संबंधित है। यह रॉकेट के जमे हुए धुएं के कारण हुआ है, जो सूरज की किरणों को रिफलैक्ट कर रहा है और स्पाइरल का आकार बना रहा है।

### फ्लोरिडा से लॉन्च हुआ रॉकेट

यह रॉकेट इस हफ्ते अमेरिका के फ्लोरिडा से लॉन्च हुआ था, जो एलन मस्क के स्पेसएक्स फ्लीट का एक हिस्सा है। यह रॉकेट सरकारी पेलोड लेकर गया था। जब रॉकेट के ऊपरी चरण से जमे हुए ईंधन को रिलीज किया गया तब इसने हाई अल्टीट्यूड पर सनलाइट पकड़ ली, जिससे यह चमकने लगा।

## रोचक खबरें



### 400 किलो की अनोखी रामायण की पेंटिंग देख लोग हुए हैरान, कीमत 12 लाख रुपए

**जयपुर**। हर साल 30 मार्च को राजस्थान में स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। सभी शहरों में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन होता है। साथ ही हर क्षेत्र के कलाकार अपनी कला का राजस्थान पर्यटन दिवस उत्सव के रूप में प्रदर्शन करते हैं। ऐसे ही जयपुर के जवाहर कला केंद्र में राजस्थान पर्यटन दिवस उत्सव के चलते अलंकार आर्ट गैलरी में 6 दिवसीय ग्रुप आर्ट एग्जीबिशन में सृजन गैलरी की शुरुआत की गई है, जहां लोग इस पेंटिंग एग्जिबिशन में विभिन्न कलाकारों की अद्भुत कृतियां और पेंटिंग देख सकते हैं। इस एग्जिबिशन में श्रीराम और भगवान विष्णु के संसार का चित्रण की अनोखी पेंटिंग देख सकते हैं। साथ ही इस एग्जिबिशन में संदीप गोमे की विशेष और सबसे खास 400 किलो की अनोखी रामायण की पेंटिंग लोगों के लिए आकर्षक का केंद्र है। आपको बता दें कि यह अद्भुत पेंटिंग 12 बाय 15 इंच की 64 मेटल प्लेट्स पर बनाई गई है। इस खास पेंटिंग में एचिंग टेक्निक से उभारी गई आकृतियां हैं, जो बेहद सुंदर हैं। इस पेंटिंग में राजा दशरथ के श्राप से लेकर भगवान राम के राज्याभिषेक तक की पूरी कथा को खूबसूरती से चित्रित किया गया है।

### खरबों साल पहले मर गया जो ग्रह, वहां से धरती पर गिरा था उल्कापिंड; वैज्ञानिकों ने बातों से चौंकाया

**वॉशिंगटन**। धरती पर एक ऐसा उल्कापिंड गिरा था, जो अस्तित्वहीन ग्रह से आया था. यह पढ़कर आप हैरान हो सकते हैं या सोच में पड़ सकते हैं। इससे पहले आप दिमाग में जोर दें हम आपको बता दें कि 2023 में अल्जीरिया में एक रहस्यमयी उल्कापिंड गिरा था, उस समय वैज्ञानिकों को भी नहीं पता था कि यह किस ग्रह से आया है। जैसा कि सभी को पता है कि पृथ्वी पर हर साल कई उल्कापिंड गिरते हैं। उनमें से ज़्यादातर एक खगोलीय पिंड के अवशेष हैं जो अभी अंतरिक्ष में



अलग-अलग रूप में मौजूद हैं, जिसमें चंद्रमा, मंगल और अन्य ग्रह शामिल हैं। हालांकि, यह उल्कापिंड एक ऐसे ग्रह से आया था जो लाखों या शायद अरबों साल पहले मर चुका था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, धरती पर गिरे उल्कापिंड के एक नए विश्लेषण के अनुसार, इसमें ऐसी सामग्री मिली है जो वैज्ञानिकों के ज्ञान से मेल नहीं खाती। यानी वैज्ञानिक इसके बारे में कुछ भी नहीं बता पा रहे हैं। जिसे नॉर्थवेस्ट अफ्रीका 15915 उल्कापिंड नाम दिया गया है, जिसका वजन 2.84 किलोग्राम है और माना जाता है कि यह बुध जैसे ग्रह का है जो लंबे समय से मृत है। न्यू साइंटिस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, मिनेसोटा विश्वविद्यालय के जेनिफर मिशेल के नेतृत्व में वैज्ञानिकों की एक टीम ने इसकी रिसर्च की। जिसमें बताया गया कि एनडब्ल्यूए 15915 अंतरिक्ष में किसी जीवित पिंड से नहीं आया था, बल्कि एक आउटलाइअर उल्कापिंड के विवरण में फिट बैठता है।

### बचपन की यादों को याद करने में क्यों आती है मुश्किलें?

**वॉशिंगटन**। हमारे जीवन में बहुत सारे ऐसे काम होते हैं जिसको हम याद रखते हैं, हालांकि कुछ चीजें ऐसी भी होती है जिसे याद करने की कोशिश हम करते हैं इसके बावजूद भी नहीं याद होती है। अक्सर देखा जाता है कि हम बचपन से जुड़ी चीजों को भूल जाते हैं। एक नए अध्ययन में पता लगाया गया है कि बचपन में यादों के निर्माण के बावजूद मनुष्य बाद में जीवन में उन्हें याद करने में संघर्ष क्यों करते हैं। संघर्ष



करने के पीछे की क्या वजह है जानते हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि शिशु बचपन में यादों को एनकोड कर सकते हैं, लेकिन इन यादों को पुनः प्राप्त करने में असमर्थता अविकसित पुनर्प्राप्ति प्रणालियों से उत्पन्न होती है। बचपन में तेजी से सीखने की अवधि होने के बावजूद, इस समय की यादें बाद के बचपन या वयस्कता में नहीं रहती हैं। ऐसे में अधिकांश मनुष्य तीन साल की उम्र तक याद नहीं कर पाते हैं कि वे क्या कर रहे थे और अध्ययन का उद्देश्य लंबे समय से चले आ रहे रहस्य पर प्रकाश डालना है। साइंस जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक कहा गया है कि मानव जीवन की अवधि के दौरान एपिसोडिक मेमोरी के लिए एन्कोडिंग तंत्र की उपलब्धता जो बाद में हमारे आत्मकथात्मक रिकॉर्ड से खो जाती है, इसका मतलब है कि पोस्टएन्कोडिंग तंत्र, जिसके द्वारा बचपन की यादें पुनः प्राप्त करना काफी ज्यादा मुश्किल हो जाता है। ऐसे में वह भूलने की बीमारी के लिए अधिक जिम्मेदार हो जाता है।

# सूरज की रोशनी को अब टच कर सकते हैं! दुनिया में पहली बार वैज्ञानिकों ने किया करिश्मा



वॉशिंगटन। विज्ञान ने एक और चमत्कार कर दिखाया है। क्या आपने कभी ऐसा सोचा था? अब तक सूरज की रोशनी को हम केवल महसूस कर सकते थे, लेकिन अब वैज्ञानिक इसे ठोस रूप में बदलने में सफल हो गए हैं। असल में इटली के नेशनल रिसर्च काउंसिल के वैज्ञानिकों ने पहली बार प्रकाश को ठोस अवस्था में बदलने का कारनामा कर दिखाया है। यह खोज क्वांटम फिजिक्स में मील का पत्थर मानी जा रही है। इसका मतलब यह है कि अब हम सिर्फ रोशनी को देख नहीं पाएंगे, बल्कि उसे छू भी सकेंगे। विज्ञान ने इसे हकीकत बना दिया है।

### क्या यह विज्ञान की नई क्रांति है?

रिपोर्ट में कहा गया कि इस रिसर्च से क्लियर है कि विज्ञान अब ऐसे आयामों को छू रहा है जो पहले केवल कल्पना माने जाते थे। प्रकाश को ठोस रूप में



बदलने की यह उपलब्धि विज्ञान की दुनिया में नए युग की शुरुआत कर सकती है। यह शोध केवल प्रयोगशाला तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आने वाले वर्षों में हमारे स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंटरनेट, चिकित्सा और अंतरिक्ष अनुसंधान तक इसका प्रभाव दिखेगा।

### इस खोज का क्या प्रभाव पड़ेगा?

यह खोज कई क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। इसको लेकर वैज्ञानिकों के कई तर्क हैं। क्वांटम कंप्यूटिंग: इस खोज से अत्याधुनिक क्वांटम कंप्यूटर बनाए जा सकते हैं जो सुपरकंप्यूटर से भी तेज होंगे। यह स्वास्थ्य, साइबर सुरक्षा, और वैज्ञानिक अनुसंधान में बड़े बदलाव लाएगा।





### सुपरफास्ट इंटरनेट

यह तकनीक क्वांटम नेटवर्क और क्वांटम इंटरनेट विकसित करने में मदद करेगी। जिससे डेटा ट्रांसमिशन कई गुना तेज और सुरक्षित होगा।

**मेडिकल टेक्नोलॉजी**: नए क्वांटम सेंसर और इमेजिंग तकनीक से एमआरआई और कैंसर उपचार अधिक सटीक होंगे।


**ऊर्जा और पर्यावरण**: यह खोज ग्रीन एनर्जी और बैटरी टेक्नोलॉजी को अधिक प्रभावी बनाएगी जिससे ऊर्जा दक्षता बढ़ेगी और पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा।

### कैसे संभव हुआ यह करिश्मा?

एक रिपोर्ट के मुताबिक 17वीं और 18वीं शताब्दी में जब न्यूटन और हाइजेंस ने प्रकाश के बारे में अध्ययन किया तब यह बहस छिड़ी थी कि प्रकाश तरंग है या कण। बाद में आइंस्टीन ने थ्योरी ऑफ रिलेटिविटी में बताया कि प्रकाश ऊर्जा और पदार्थ से जुड़ा हुआ है, लेकिन इसे ठोस में बदलना असंभव माना जाता था। इसका कारण यह था कि फोटोन का रेस्ट मास शून्य होता है। लेकिन, अब इटली के वैज्ञानिकों ने यह साबित कर दिया कि सुपर सॉलिड स्टेट में प्रकाश को बदलना संभव है। हुआ यह कि वैज्ञानिकों ने इस खोज को संभव बनाने के लिए गैलियम आर्सेनाइड की विशेष संरचना का उपयोग किया। उन्होंने माइक्रोस्कोपिक रिज बना डालीं.. इसे सूक्ष्म लकीरें भी कहते हैं। ऐसा इसलिए ताकि फोटोन को नियंत्रित किया जा सके। इस तकनीक ने पहली बार लाइट को सुपर सॉलिड में बदलने का मार्ग प्रशस्त किया।

# परमाणु हथियार से भी ज्यादा खतरनाक है एआई, यहूदी इतिहासकार ने दी चेतावनी, इंसान भी नहीं कर पाएंगे कंट्रोल

लंदन। आज के समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को काफी बढ़ावा दिया जा रहा है। शिक्षा और नौकरी समेत कई बड़े स्तर पर इसका इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं, अब यहूदी इतिहासकार और लेखक युवाल नोआ हरारी ने एआई को लेकर एक चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस परमाणु हथियार से भी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है।



### इंसानों का कंट्रोल हो जाएगा खत्म?

हरारी ने कहा कि परमाणु हथियारों को तैनात करने के लिए इंसानों से फैसले लेने की जरूरत पड़ती है, लेकिन एआई सिस्टम अपने खुद के विकल्प चुन सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एआई का इस्तेमाल पहले से ही इंसानों के हस्तक्षेप के बिना युद्ध में किया जा रहा है। उन्होंने कहा,' हमारे पास पहले से ही ऑटोनॉमस वेपन सिस्ट हैं, जो खुद फैसला लेती हैं।' उन्होंने चेतावनी दी कि एआई नए हथियारों का आविष्कार करके या यहां तक कि और अधिक एडवांस एआई सिस्टम विकसित करके आगे बढ़ सकता है, जिसे इंसान कंट्रोल नहीं कर सकते। हरारी ने चेतावनी दी कि अगर एआई को कंट्रोल नहीं किया गया तो यह इंसानों से भी आगे बढ़ सकता है।

### खुद फैसला ले सकता है एआई

वीडियो में हरारी हथियारों और एआई की तुलना करते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा,' एक उपकरण आपके हाथों में एक चीज है। हथौड़ा एक उपकरण है। एक परमाणु बम एक उपकरण है। आप फैसला करते हैं कि युद्ध शुरू करना है और किसे बम से उड़ाना है। यह वहां चलकर खुद को विस्फोट करने का फैसला नहीं करता, लेकिन एआई ऐसा कर सकता है।'






### सबकुछ तबाह कर सकता है एआई

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'इंस्टाग्राम' पर 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस न्यूज डॉट इन' नाम के एक पेज की ओर से एक वीडियो शेयर की गई है। वीडियो में लेखक एआई से जुड़े खतरे के बारे में बातचीत कर रहे हैं, जिसमें उन्होंने कहा कि परमाणु बम बनाने के लिए इंसानों की जरूरत पड़ती है, लेकिन एआई के पास खुद से सबकुछ तबाह करने की क्षमता होती है। बता दें कि नोआ हरारी इजरायल के जेरूसलम स्थित हेब्रू यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं। उन्हें ह्यूमन हिस्ट्री और टेक्नोलॉजी से जुड़ी उनकी किताबों के लिए खूब जाना जाता है।

# 12 साल के बच्चे ने किया ऐसा एक्सपेरिमेंट, घर पहुंचे टॉप सीक्रेट एजेंट, नजारा देख फटी की फटी रह गई आंखें

**वॉशिंगटन**। बच्चे ने अपना प्रोजेक्ट पूरा करने इतिहास रच दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जैक्सन ने पहले फ्यूजन के पीछे का पूरा विज्ञान समझा। इसके बाद उन्होंने सबसे पहले 'डेमो फ्यूजर' बनाया। इस अनोखे, शानदार और दुर्लभ रिएक्टर बनाने के लिए छात्र ने अपने पैरेंट्स से आर्थिक मदद ली। प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती ये बात साबित कर दी एक 12 साल के स्कूली बच्चे ने, जिसने अपने दिमाग से ऐसा प्रोजेक्ट कंप्लीट किया कि एक ओर उसकी काबिलियक का लोहा दुनिया के बड़े-बड़े वैज्ञानिक मानने लग गए। वहीं, दूसरी ओर दुनिया की टॉप सीक्रेट एजेंसियों में से एक के टॉप एजेंट उसके घर पहुंच गए।



### कैसे साकार हुआ सपना?

बच्चे ने अपना प्रोजेक्ट पूरा करने इतिहास रच दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जैक्सन ने पहले फ्यूजन के पीछे का पूरा विज्ञान समझा। इसके बाद उन्होंने सबसे पहले 'डेमो फ्यूजर' बनाया। इस अनोखे, शानदार और दुर्लभ रिएक्टर बनाने के लिए छात्र ने अपने पैरेंट्स से आर्थिक मदद ली।


### एफबीआई एजेंट पहुंचे

अमेरिका के मेम्फिस के 12 साल के जैक्सन ओसवाल्ट ने अपने कमरे में न्यूक्लियर फ्यूजन रिएक्टर बनाया है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में जैक्सन को सबसे कम उम्र में यह कामयाबी हासिल करने वाला व्यक्ति बताया है। एक दिन जैक्सन अपनी लैब में सो रहा था तब उसे दो लोगों ने जगाया। नींद खुली तो उसने अपने सामने खुफिया एजेंसी के दो एजेंट्स को देखा। ऐसा इसलिए हुआ कि जब उसके प्रोजेक्ट की खबर दुनिया को मिली और वायरल हो गई तो अमेरिकी खुफिया एजेंसी एफबीआई के दो एजेंट्स बिना बताए जैक्सन के घर पहुंच गए। दरअसल, इसके जरिए एजेंसी ये पता करना चाहती थी कि ओसवास्ट के बनाए रिएक्टर से कहीं कोई खतरनाक एनर्जी या गैस तो नहीं निकल रही।

### क्या है ये प्रोजेक्ट

अगर आप विज्ञान के छात्र होंगे या साइंस में आपकी दिलचस्पी होगी तो आपको इस न्यूक्लियर फ्यूजन रिएक्टर में बारे में थोड़ा बहुत तो पढ़ा होगा। जिन्होंने साइंस स्ट्रीम की जगह कॉमर्स या आर्ट्स पढ़ी हो तो उन्हें भी इसके पीछे का विज्ञान समझाते हैं कि आखिर इस मेधावी बालक ने कौन सा चमत्कारिक रिएक्टर बना दिया।जब दो हल्के परमाणु (जैसे हाइड्रोजन के) आपस में टकराकर एक भारी परमाणु बनाते हैं, तो इस प्रक्रिया को न्यूक्लियर फ्यूजन कहते हैं। इस टक्कर में बहुत ज्यादा ऊर्जा निकलती है। दरअसल, ये वही प्रॉसेस होता है जो हमारे सौरमंडल में सूरज और तारों में होता है। इसी थ्योरी से सूरज जो दुनिया में एनर्जी का सबसे बड़ा सोर्स है वो हमें दिन-रात अपनी रोशनी और गर्मी देता है। वहीं, न्यूक्लियर फ्यूजन रिएक्टर की बात करें तो रिएक्टर दो हल्के परमाणुओं को बहुत ज्यादा गर्म और तेज करके एक साथ जोड़ता है, ऐसा होने पर एक नया और भारी परमाणु बनता है। जिससे बहुत ज्यादा ऊर्जा निकलती है।

# भारत और पाकिस्तान अमेरिका से भी ज्यादा सुरक्षित, दुनिया के 10 सबसे सुरक्षित देशों की लिस्ट देखें



**नई दिल्ली**। नंबेओ की नवीनतम सूची के अनुसार, अमेरिका 2025 के लिए दुनिया के सबसे सुरक्षित देशों की सूची में 89वें स्थान पर है। वहीं, इस सूची में भारत 66वें और पाकिस्तान 65वें स्थान पर है। ऐसे में जानें कि इस नई सूची में कौन सा देश दुनिया में सबसे सुरक्षित बताया गया है।

**अंडोरा** : नंबेओ की दुनिया के 10 सबसे सुरक्षित देशों की सूची में अंडोरा (84.7) को पहले स्थान पर रखा गया है।

**यूएई** : संयुक्त अरब अमीरात को 84.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रखा गया है।

**कतर** : कतर 84.2 अंकों के साथ दुनिया का तीसरा सबसे सुरक्षित देश माना गया है।

**ताइवान** : ताइवान को 82.9 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रखा गया है।

**ओमान** : ओमान को 81.7 अंकों के साथ पांचवे स्थान पर रखा गया है।

**आइल ऑफ मैन** : नंबेओ की दुनिया के 10 सबसे सुरक्षित देशों की सूची में आइल ऑफ मैन को 79.0 अंकों के साथ छठे स्थान पर रखा गया है।

**हांगकांग** : हांगकांग को 78.5 अंकों के साथ सातवें स्थान पर रखा गया है।

**आर्मेनिया** : आर्मेनिया को 77.9 अंकों के साथ आठवें स्थान पर रखा गया है।

**सिंगापुर**: सिंगापुर को 77.4 अंकों के साथ नौवें स्थान पर रखा गया है।

**जापान** : नंबेओ की दुनिया के 10 सबसे सुरक्षित देशों की सूची में जापान को 77.1 अंकों के साथ दसवें स्थान पर रखा गया है।





## खबर संक्षेप

### गठबंधन केवल चुनाव के समय ही बनते हैं



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्य विपक्षी दल ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के महासचिव एडाप्पड़ी के पलानीस्वामी ने बुधवार को स्पष्ट तौर पर यह बताने से इंकार कर दिया कि उनकी पार्टी 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में भाजपा के साथ गठबंधन करेगी या नहीं। गठबंधन केवल चुनाव के समय ही बनते हैं। पलानीस्वामी की मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद चुनावी गठबंधन की अटकलें तेज हो गई हैं।

### नेपाल में इमारत में लगी आग, सात लोग घायल



**काठमांडू।** पूर्वी नेपाल के एक कस्बे में बहुमंजिला व्यावसायिक परिसर में आग लग जाने से सुरक्षाकर्मियों सहित सात लोग घायल हो गए, जबकि 11 लोगों को बचा लिया गया।पूर्वी नेपाल में स्थित इटाहारी उप-महानगरीय शहर के मुख्य चौक पर स्थित 'सेंट्रल प्लाजा मॉल' में लगी आग को बुझाने के लिए दमकल के 12 वाहनों को भेजा गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, 10 मंजिला इमारत की पांचवीं और छठी मंजिल पर स्थित एक रेस्तरां से आग शुरू हुई।

### जूस विक्रेता को मिला 7.79 करोड़ का आयकर नोटिस

**अलीगढ़।** अलीगढ़ जिला अदालत परिसर में एक छोटी सी दुकान संचालित करने वाले एक जूस विक्रेता को कथित तौर पर सात करोड़ 79 लाख रुपये आयकर चुकाने का नोटिस मिला है। सराय रहमान इलाके के निवासी मोहम्मद रहीस को 18 मार्च को यह नोटिस प्राप्त हुआ जिसमें उन्हें 28 मार्च तक जवाब देने को कहा गया है। रहीस ने बताया कि वह बमुश्किल 400 रुपये प्रतिदिन कमाकर अपने बीमार माता-पिता सहित पूरे परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये के नोटिस ने उन्हें बहुत परेशान कर दिया है।

राणा सांगा को कहा गद्दार, पूरे देश में आक्रोश, इलाका छावनी में तब्दील, कई थानों की फोर्स तैनात

# सपा सांसद सुमन के घर करणी सेना का हमला तोड़फोड़, पथराव में कई पुलिस कर्मी घायल

एजेंसी ▶▶| आगरा

समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा राणा सांगा पर टिप्पणी को लेकर आगरा में बवाल हो गया है। सपा सांसद रामजी लाल सुमन के घर पर बुधवार को करणी सेना के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बुलडोजर के साथ धावा बोल दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को पुलिस द्वारा रोके जाने पर बवाल हो गया और जमकर लाठीचार्ज व पथराव हुआ। करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने सांसद के घर पर खड़ी कई गाड़ियों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। पथराव में सांसद के घर के खिड़की दरवाजे क्षतिग्रस्त हो गए और शीशे टूट गए हैं। पुलिस ने आक्रोशित करणी सेना कार्यकर्ताओं को रोकने की कोशिश की तो पुलिस पर ही हमला कर दिया गया। इससे इंस्पेक्टर सहित आधा दर्जन पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। पुलिस ने लाठीचार्ज कर किसी तरह सभी को खदेड़ा। कई लोगों को हिरासत में भी लिया गया है। इलाके को छावनी बना दिया गया है। कई थानों की फोर्स पहुंच गई है। फिलहाल सांसद रामजी लाल सुमन इस समय दिल्ली में हैं।



### कौन थे राणा सांगा?

राणा सांगा मेवाड़ के सिसोदिया वंश के प्रतापी शासक थे, जिन्होंने 1509 से 1528 तक राज किया। इनका पूरा नाम महाराणा संग्राम सिंह था और वे भारतीय इतिहास में राजपूत शौर्य के प्रतीक माने जाते हैं। राणा सांगा ने अपने जीवन में 80 से अधिक युद्ध लड़े। अपने शरीर पर अधिक घावों के साथ एक आंख व एक हाथ गंवाने के बाद भी राणा सांगा ने युद्ध लड़ा। 1527 में खानवा के युद्ध में बाबर से हार के बावजूद, उन्होंने मुगलों को भारी नुकसान पहुंचाया था।

### राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप

अब, इस विवाद पर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। समाजवादी पार्टी ने सांसद के घर पर हुए हमले की निंदा की और आरोप लगाते हुए कहा कि यह हमला भाजपा के इशारे पर हुआ है। हालांकि, दूसरी ओर भाजपा सपा सांसद के राणा सांगा पर दिए बयान की निंदा की। बीजेपी नेता अनुराग ठाकुर ने संसद ने इस बयान को लेकर विपक्ष पर हमला किया।

**क्या कहा था रामजी लाल सुमन ने? :** आपको बता दें कि हाल ही में राज्यसभा में समाजवादी पार्टी के नेता और सांसद रामजी लाल सुमन ने मेवाड़ के शासक राणा सांगा को हिंदुओं का गद्दार बताया था। उन्होंने कहा कि राणा सांगा ने बाबर को भारत लाए थे। जबकि इतिहासकार उन्हें भारत के अंतिम स्वतंत्र हिंदू सम्राटों में से एक मानते हैं। उनका शासनकाल राजपूत गौरव और साम्राज्य विस्तार का स्वर्णिम दौर माना जाता है।

### बंगले में रखी कुर्सियां-गेट तोड़ा

बुलडोजर लेकर पहुंचे करणी सेना के लोगों ने प्रांगण में रखीं कुर्सियों को सबसे पहले तोड़ डाला। इसके बाद आसपास खड़ी गाड़ियों को लाठी-डंडों से तोड़ना शुरू कर दिया। उनके घर पर लगे खिड़की दरवाजों पर ईंटें और पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। कुछ देर में ही भारी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया और लाठीचार्ज कर दिया गया। इसके बाद किसी तरह भीड़ तितर बितर हो सकी। इस बीच कई पुलिस वाले भी घायल हुए हैं। सपा का आरोप है कि पुलिस की शह पर ही सबकुछ हुआ है। ऐसे में पुलिस ने रामलीलाल सुमन के घर की सुरक्षा बढ़ा दी। एक गेट को बंद कर दिया गया है। वहां भी पुलिस फोर्स तैनात है। दूसरे गेट के पास बैरियर लगाकर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है।

### गाड़ियों के तोड़ दिए शीशे

उग्र युवकों ने रामजीलाल सुमन के एचआइजी फ्लैट्स संजय प्लेस के बाहर खड़ी सात-आठ गाड़ियों के शीशे तोड़ने के साथ ही आवास में भी तोड़फोड़ की। वहां रखी कुर्सियां भी तोड़ दीं। पुलिस ने लाठी फटकार कर युवकों को खदेड़ने का प्रयास किया, लेकिन युवक अभी नारेबाजी करते हुए पथराव करते रहे जिससे कई पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

**मुख्यमंत्री शहर में, इधर तोड़फोड़ :** करणी सेना ने वो समय चुना, जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शहर में हैं। वे दरियानाथ मंदिर के कार्यक्रम में थे। तभी करणी सेना के सदस्यों और पदाधिकारियों ने राज्यसभा सदस्य के घर पर पहुंचकर तोड़फोड़ की।

सुप्रीम कोर्ट ने दिए शिकायत निवारण तंत्र बनाने के निर्देश

# भ्रामक विज्ञापन समाज को पहुंचा सकते हैं गंभीर नुकसान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ शिकायत निवारण तंत्र बनाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे विज्ञापन समाज को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं, उन पर कड़ी निगरानी आवश्यक है। सरकार ने तंत्र स्थापित करने के लिए राज्यों को दो महीने का वक्त दिया है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने राज्यों को निर्देश दिया कि वे 1954 के ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज एक्ट के तहत निषिद्ध आपत्तिजनक विज्ञापनों के खिलाफ आम जनता की शिकायतों के लिए एक उपयुक्त तंत्र तैयार करें। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से भ्रामक विज्ञापनों पर सख्ती से रोक लगाने का रास्ता साफ हुआ है।



### शिकायत निवारण तंत्र बनाएं

पीठ ने आदेश में कहा, हम राज्यों को निर्देश देते हैं कि वे दो महीने के भीतर उचित शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करें और इसकी उपलब्धता के बारे में नियमित रूप से प्रचार करें। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को पुलिस तंत्र को इस अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने के लिए संवेदनशील बनाने का भी निर्देश दिया।

**विज्ञापन जारी करने से पहले स्व-घोषणा आवश्यक :** इससे पहले शीर्ष अदालत ने 7 मई 2024 को आदेश दिया था कि कोई भी विज्ञापन जारी करने से पहले केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 की तर्ज पर, विज्ञापनदाताओं से स्व-घोषणा प्राप्त की जाए।

### पतंजलि और रामदेव के खिलाफ आईएमए की याचिका से उठा मामला

भ्रामक विज्ञापनों का मुद्दा उस समय उठा जब सुप्रीम कोर्ट 2022 में दायर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था। इस याचिका में आरोप लगाया गया था कि पतंजलि और योगगुरु रामदेव ने कोविड वैक्सीनेशन अभियान और आधुनिक चिकित्सा पद्धति के खिलाफ गलत प्रचार किया था।

# बिरला ने दी मर्यादा और प्रतिष्ठा की सीख, राहुल बोले- मुझे बोलने नहीं देते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में आज स्पीकर ओम बिरला ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को खरी-खरी सुना दी। दरअसल, जब करीब एक बजे सदन की कार्यवाही चल रही थी उसी दौरान स्पीकर ने कांग्रेस सदस्यों को रोकते हुए राहुल को लेकर टिप्पणी की। जब अध्यक्ष ने बोलना शुरू किया उस समय कांग्रेस सांसद के सी वेणुगोपाल कुछ बोल रहे थे। इस दौरान बिरला काफी सख्त दिख रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं पुनः



आग्रह करता हूं कि सदन में विशेष रूप से प्रतिपक्ष के नेता से तो ये अपेक्षा की जाती है कि वह आचरण रखें। इसके बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### सदस्यों का आचरण मापदंड के अनुरूप नहीं : बिरला

मुद्दा क्या था ये तो समझ में नहीं आ पाया लेकिन बिरला अपनी टिप्पणी के दौरान काफी नाराज दिख रहे थे। उन्होंने कहा कि माननीय सदस्यगणों कृपया बैठ जाइए। 'माननीय सदस्यगण आप सबसे अपेक्षा की जाती है कि सदन में सदन की मर्यादा और शालीनता के कुछ मापदंडों को बनाए रखें। सदन में मेरे संज्ञान में ऐसी कई घटनाएं आई हैं जब माननीय सदस्यों के आचरण सदन की उच्च परंपराओं और मापदंडों के अनुरूप नहीं रहे हैं।'

### राहुल ने लगाए गंभीर आरोप

अध्यक्ष के इस बयान के बाद राहुल गांधी ने उन पर संसद के बाहर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनका माइक बंद कर दिया जाता है और उन्हें बोलने तक नहीं दिया जाता है। राहुल गांधी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जब भी वह लोकसभा सदन में कुछ बोलने के लिए खड़े होते हैं तो उनको बोलने नहीं दिया जाता है। राहुल ने कहा कि उनके बोलने से पहले कार्यवाही को ही स्थगित कर दिया गया।

दिल्ली हाईकोर्ट की अनुमति

# जेल में बंद इंजी. राशिद संसद सत्र में भाग ले सकेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने जेल में बंद जम्मू-कश्मीर से सांसद इंजीनियर राशिद को संसद सत्र में भाग लेने की अनुमति दे दी है। सांसद हिरासत में रहते हुए संसद की कार्यवाही में आ सकते हैं। कोर्ट का आदेश है कि सांसद राशिद को 26 मार्च से 4 अप्रैल के बीच प्रत्येक सत्र के दिन पुलिस सुरक्षा में संसद लाया जाएगा और हर दिन कार्यवाही समाप्त होने के बाद उन्हें वापस जेल भेज दिया जाएगा। इसमें कुछ शर्तें भी शामिल हैं। हाई कोर्ट के आदेशानुसार राशिद को मोबाइल और लैंडलाइन फोन का इस्तेमाल करने और मीडिया से बात करने की अनुमति नहीं होगी।




### आतंकी फंडिंग मामले में जेल में बंद हैं राशिद

इंजीनियर राशिद वर्ष 2017 के आतंकी फंडिंग मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने उस पर गैर-कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत आरोप लगाया है। राशिद ने लोकसभा चुनाव 2024 में जम्मू -कश्मीर के बारामूला सीट से एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 2.04 लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी।




पाकिस्तान में आतंकियों पर शिकंजा

# आतंकियों के लिए फंड जुटाने वाले कारी शहजादा की हत्या



**कराची।** पाकिस्तान में एक और लक्षित हत्या में, कुख्यात आतंकवादी हाफ़िज़ सईद के रिश्तेदार और लश्कर-ए-तैयबा के लिए धन जुटाने वाले कारी शहज़ादा को सोमवार सुबह कराची में अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। हमलावरों ने कराची के खैराबाद इलाके में जमीयत उलेमा इस्लाम के उपाध्यक्ष कारी शहज़ाद पर उस समय गोली चलाई, जब वे स्थानीय मस्जिद में सुबह की नमाज़ अदा करने जा रहे थे। क्षेत्रीय मीडिया के अनुसार, लक्षित हत्या जेयूआईएफ नेताओं के खिलाफ़ हमलों की श्रृंखला में नवीनतम है, जिसमें पिछले महीने ही कम से कम पाँच नेता मारे गए हैं।

### कई आतंकियों को अज्ञात ने मार गिराया

विशेष रूप से, शहज़ादा की हत्या कोई अकेली घटना नहीं है, क्योंकि हाल के दिनों में, अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा कई आतंकवादियों को मार गिराया गया है, जिससे कई लोग यह सोच रहे हैं कि क्या कोई रहस्यमय निगरानी समूह काम कर रहा है। किसी भी आतंकवादी संगठन द्वारा जिम्मेदारी का दावा न किए जाने से रहस्य और गहरा हो गया है।

### अदनान अहमद को भी मारी गोली

रिपोर्ट के अनुसार, लश्कर-ए-तैयबा के एक अन्य आतंकवादी अदनान अहमद को कराची में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मार दी। पाकिस्तान में सक्रिय आतंकवादियों पर लगातार जारी हत्या के खतरे के बीच, सरकार, जो पहले से ही वित्तीय संकटों का सामना कर रही है, अब इन आतंकवादियों को सुरक्षा प्रदान करने के चुनौतीपूर्ण कार्य का सामना कर रही है।



## चिंतन

# दुष्कर्म पर असंवेदनशील टिप्पणी पर रोक उचित

इन दिनों जजों की साख कटघरे में है। एक तरफ राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक जज के आवास परिसर में मिले अधजले नकदी मामले के चलते न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार की गहरी जड़ों पर बात हो रही है, तो दूसरी तरफ इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक जज की दुष्कर्म पर असंवेदनशील टिप्पणी के चलते कानून व उसकी व्याख्या को लेकर समझ पर प्रश्न उठना लाजिमी है और ऐसी अमानवीय टिप्पणी के पीछे भ्रष्ट आचरण की आशंका भी जायज है। सर्वोच्च अदालत ने दोनों ही मामले में सक्रियता दिखा कर न्याय के प्रति जनमानस के विश्वास को कायम रखने की कोशिश की है। दिल्ली हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा के आवास परिसर में मिले अधजले नोट की जांच तेजी से चल रही है, वहीं सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज की टिप्पणी पर संज्ञान लिया है। उच्चतम न्यायालय ने दुष्कर्म पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की टिप्पणियों को असंवेदनशील और अमानवीय कहा और बलात्कार संबंधी हालिया दृष्टिकोण पर कड़ी आपत्ति जताते हुए रोक लगा दी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के गत 17 मार्च के एक आदेश में कहा गया था कि महज . प्रकड़ना और 'पायजामे' का नाड़ा . ब्लात्कार के अपराध के दायरे में नहीं आता। सुप्रीम कोर्ट की न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने इसे 'बेहद गंभीर मामला' करार दिया। दुष्कर्म को लेकर हमारे अनेक नेताओं की ओर से अनर्गल, असंवेदनशील और अमान्य टिप्पणियां कई बार आईं हैं, लेकिन न्यायालय से हमेशा कानून सम्मत टिप्पणी की अपेक्षा की जाती है। जिस देश में महिलाओं के खिलाफ यौन अपराध के आंकड़े डराने वाले हों, उस देश की किसी हाई कोर्ट से ऐसी अमानवीय टिप्पणी की उम्मीद कैसे की जा सकती है? सुप्रीम कोर्ट को कोई ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए, जिसमें निचली अदालत से लेकर उच्च अदालत तक के जजों की कानून को लेकर समझ व व्याख्या की नियमित स्क्रूटनी की जा सके। सर्वोच्च नयायालय ने कहा, 'चूंकि पैराग्राफ 21, 24 और 26 में की गई टिप्पणियां कानून के सिद्धांतों से पूरी तरह अलग हैं और असंवेदनशील और अमानवीय दृष्टिकोण वाली हैं, इसलिए हम उक्त टिप्पणियों पर स्थगन देने के लिए इच्छुक हैं। दरअसल 'वी द वूमेन ऑफ इंडिया' नामक संगठन ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा की गई विवादास्पद टिप्पणियों को प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना के संज्ञान में लाया, जिसके बाद शीर्ष अदालत ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। उच्च न्यायालय की विवादास्पद टिप्पणियों पर रोक लगाने का लीगल तात्पर्य यह है कि किसी तरह की विधिक प्रक्रिया में इनका आगे इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को कानून सम्मत उचित कदम उठाना चाहिए। अभी सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश से संबंधित मामले में संज्ञान लेते हुए शुरू की गई कार्यवाही में केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया है। न्याय के मंदिर में असंवेदनशील टिप्पणियों के प्रति सख्त रुख जरूरी है। न्याय प्रणाली में पारदर्शिता, गुणवत्ता और योग्यता की स्थापना और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस के लिए व्यापक स्तर पर न्यायिक सुधार को लागू किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति अधिनियम को लागू करने पर यथाघीघ्र विचार किया जाना चाहिए। देश के जज अपनी संवैधानिक व न्यायिक जिम्मेदारी को समझें और आम मानस के अदालत के प्रति विश्वास को खंडित नहीं होने दें।



## विश्व रंगमंच दिवस
ऋतुपर्ण दवे

# कला व अभिव्यक्ति से विश्व को अनूठा संदेश

आज विश्व रंगमंच दिवस है। रंगमंच शब्द ग्रीक शब्द 'थिएट्रॉन' से लिया गया है जिसका अर्थ है 'देखने की जगह'। भारत में रंगमंच का इतिहास बहुत पुराना है। भरत मुनि को नाट्यशास्त्र के लिए जाना जाता है। शुरू से यही वो माध्यम है जिसे समझकर उसके सौंदर्य और महत्व के साथ मनोरंजन के माध्यम से दैनिक जीवन में जश्न यानी खुशी प्रदर्शित की जाती है। विश्व रंगमंच दिवस इसी का प्रतीक है। रंगमंच वह विधा भी है जिससे दुनिया भर की सरकारों, राजनेताओं, संस्थानों और हितधारकों को भी मंच के जरिए सूचित व सचेत किया जाता है कि समाज की ऐसी संस्थाओं और लोगों के प्रति कैसी जनधारणा है। वास्तव में यह अभिव्यक्ति की वह कला है जिसमें कलाकार वास्तविक जीवन या घटनाओं का एक तरह से नाट्य रूपांतरण यानी रिक्रिएशन करते हैं, दोहराते और याद दिलाते हैं। इसे मनाने की शुरुआत 1961 से हुई थी। 27 मार्च, 1962 को विश्व रंगमंच दिवस अंतरराष्ट्रीय रंगमंच संस्थान केंद्रों, उसके सहयोगी सदस्यों, रंगमंच पेशेवरों और रंगमंच संगठनों द्वारा मनाया गया। अब,यह दिन विश्व के 90 से अधिक देशों में मनाया जाता है, जिसमें दुनिया भर के रंगमंच विश्वविद्यालय, अकादमियां, स्कूल और रंगमंच प्रेमी शामिल होते हैं।

संस्कृति, शिक्षा, शांति और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इस दिन एक विशेष संदेश जारी किया जाता है, जो किसी प्रमुख रंगमंच हस्ती द्वारा लिखा जाता है। यह संदेश रंगमंच की भूमिका और इसके सामाजिक प्रभाव पर प्रकाश डालता है। हर वर्ष इसकी एक अलग थीम होती है। इस बार की थीम 'रंगमंच और शांति की संस्कृति' है। जैसा कि नाम से ही साफ है, इस झुलसती और तृतीय विश्व युद्ध की आहट के बीच बढ़ रही दुनिया को बड़ा संदेश देना उद्देश्य है। साफ है कि रंगमंच या थिएटर प्रदर्शन वास्तव में कला के जरिए जीवंत प्रस्तुति, अभिव्यक्ति, स्वीकरण या अस्वीकरण का वह तरीका है जिसमें कलाकार किसी वास्तविक या काल्पनिक घटना के अनुभव को किसी विशिष्ट स्थान पर आकर सामने नाट्या प्रदर्शन करते हैं। निश्चित रूप से यह न केवल कठिन कार्य है बल्कि अभिनय की वह चुनौती है जिसे सामने बैठे दर्शकों के समक्ष मंच पर कलाकार करते हैं। एक तरह आज की भाषा में यह लाइव प्रदर्शन ही है। अपने संवाद, हाव-भाव, भाषण, गीत, संगीत और नृत्य के संयोजन से की जा रही जीवंत प्रस्तुतियों का दर्शकों पर एक अलग छाप व प्रभाव पड़ता है। ऐसे मंचन समाज के लिए न केवल बड़े संदेश देते हैं बल्कि कला के तत्व और कृत्रिम संसाधनों जैसे चित्रित दृश्य और स्टेज क्राफ्ट व प्रकाश व्यवस्था का उपयोग कर वो अनुभव की भौतिकता, उपस्थिति और तात्कालिकता भी बढ़ाते हैं। आधुनिक रंगमंच में नाटकों और संगीत थिएटर का प्रदर्शन भी शामिल होने से यह और भी आकर्षक और लोकप्रिय होते जा रहे हैं। बैले और ओपेरा थिएटर की वो प्रस्तुतियां बन गईं हैं जिसमें पारंपरिक रूप से किए जाने अभिनय, वेशभूषाओं का उपयोग किया जाता है। समय के साथ इस कला का भी विकास आधुनिक होते हुए भी काफी हद तक पारंपरिक भी है। यह दिन थिएटर कला के महत्व और मनोरंजन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इस बात पर प्रकाश डालने के लिए भी मनाया जाता है ताकि उनका उपयोग शांति और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कैसे किया जा सकता है। वास्तव में एक खास दिन इसको समूचे विश्व में एक साथ मनाने के पीछे भी बहुत बड़ी और व्यापक सोच है। रंगमंच के मूल्य के बारे में जागरूक करना, रंगमंच समुदायों को अपने काम को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने में सक्षम बनाना, दुनिया भर के रंगमंच कर्मियों और संगठनों को आपस में जोड़ना और एक-दूसरे परिचित कराना।

विश्व में अलग-अलग रूपों में प्रचलित रंगमंच विधाओं का न केवल आनंद लेना बल्कि दूसरों के साथ आनंद साझा करना है। वास्तव में विश्व रंगमंच दिवस हमें रंगमंच के विभिन्न रूपों का जश्न मनाने और हमारे समाज में उनके महत्व की सराहना करने का मौका भी देता है। निश्चित रूप से रंगमंच समाज में जागरूकता और चेतना का बड़ा जरिया है। आज नुक्कड़ नाटकों के जरिए दिए जाने वाले संदेश काफी प्रभाव छोड़ते हैं। यह समाज के लिए सचेतक जैसे होते हैं। विश्व रंगमंच दिवस का उद्देश्य इसे जीवित रख और उन्नत बनाना है ताकि यह अपनी-अपनी भाषाओं, लोकगाथाओं, लोक कलाओं के जरिए वो संदेश दे सके जो मानवता के लिए अपरिहार्य, हितकारक और शांति-सद्भाव को बनाए रखने में सहायक हो।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## जलवायु परिवर्तन
विकेश कुमार बडोला

# प्रकृति संरक्षण के प्रति गंभीर हों हम

**होली दिवस के अपराह्न काल से आरंभ हुआ ऐसा अप्रत्याशित जलवायु परिवर्तन पहले कभी यदा-कदा ही घटित हुआ होगा। ऐसा परिवर्तन वायुमंडल की वातानुकूलन स्थिति को ध्वस्त कर रहा है। यह दुष्चक्र विगत दस-पंद्रह वर्षों से तीव्रतापूर्वक अप्रकट रूप में घूम रहा है। इस पर आधुनिक विज्ञान और वैज्ञानिकों का कोई नियंत्रण नहीं है। यह मनुष्य के अल्पावधि के जीवन को भी कठिनाइयों, समस्याओं व पीड़ाओं से घेर रहा है। इसी समयावधि में अमेरिका के मध्य-पश्चिमी व दक्षिणी क्षेत्र के मिसौरी, अर्कांसस, टेक्सास, ओक्लाहोमा, कंसास और मिसिसिपी में भी आंधी-तूफान, वर्षा-हवाओं के कारण 34 लोग मारे गए और 29 घायल हो गए।**

आधुनिक प्रगति की असंख्य उलझी हुई समस्याओं के साथ निरंतर उत्पन्न होती मौसम संबंधी अस्थिरताएं भी मनुष्य को हतप्रभ कर रही हैं। इस बार होली दिवस के संध्याकाल से ही भारत सहित विभिन्न देशों में जलवायु प्रतिकूल होनी आरंभ हो गई। परिणाम में जम्मू कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड की संपूर्ण पर्वतमाला के ऊंचे शिखरों पर हुए हिमपात, वर्षा, आंधी-तूफान द्वारा जलवायु पुनः अस्थिर हो उठी है। होली दिवस के अपराह्न काल से आरंभ हुआ ऐसा अप्रत्याशित जलवायु परिवर्तन पहले कभी यदा-कदा ही घटित हुआ होगा। ऐसा परिवर्तन वायुमंडल की वातानुकूलन स्थिति को ध्वस्त कर रहा है। यह दुष्चक्र विगत दस-पंद्रह वर्षों से तीव्रतापूर्वक अप्रकट रूप में घूम रहा है। इस पर आधुनिक विज्ञान और वैज्ञानिकों का कोई नियंत्रण नहीं है। यह मनुष्य के अल्पावधि के जीवन को भी केवल कठिनाइयों, समस्याओं व पीड़ाओं से घेर रहा है।

इस लेखक ने स्वयं पहाड़ी क्षेत्र में रहते हुए 14 मार्च को रात 12 बजे के बाद से लेकर 15 मार्च प्रातः 9 बजे तक भयंकर तेज हवाओं, अंधड़, तूफान और घन गर्जनाओं का सामना किया। वायु की गति इतनी तीव्र थी कि विशाल आकार के बीस-पच्चीस फुट लंबे-चौड़े वृक्ष जड़मूल धराशायी हो गये। घन गर्जनाएं ऐसी प्रतीत हुईं कि घर को नींव से भी नीचे गहरे जाकर उखाड़ रही हों। घरों में बनाये हुये अपने घोंसलों में रहनेवाले गौरैया पक्षी इस विध्वंशकारी वातावरण में बाहर निकलने का साहस नहीं कर सके। विशाल वृक्षों को तोड़-मरोड़ कर रख देने वाली तेज हवाओं के सम्मुख नन्हे पक्षियों का क्या अस्तित्व! प्रायः ब्रह्म मुहूर्त में अपनी चहचहाहटों के साथ फुदकने वाले गौरैया सहित अनेक अन्य पक्षी इस जलवायुगत विपत्ति में निःश्वास एवं अस्तित्वहीन होकर दुबके हुए थे। ऐसे में क्या मनुष्य का घर और क्या पक्षी का घोंसला, सभी आश्रयस्थल असुरक्षित थे। इस प्रतिकूल परिस्थिति में पूरा जीवन ही असुरक्षित हो उठा था। यह सभी कुछ होने की समयावधि में जो जन गहरी नींद में थे, उनके निद्रास्वास्थ्य का अभिनंदन है। किंतु यह लेखक तो पूरे छह-सात घंटे तक प्रकृति के विनाशक तांडव के थमने, रुकने की ही प्रतीक्षा करता रहा।

यह पारिस्थितिकी असंतुलन भारत के वायुमंडल तक ही सीमित नहीं था। इसी समयावधि में अमेरिका के मध्य-पश्चिमी व दक्षिणी क्षेत्र के मिसौरी, अर्कांसस, टेक्सास, ओक्लाहोमा, कंसास और मिसिसिपी में भी आंधी-तूफान, वर्षा-हवाओं के कारण 34 लोग मारे गए और 29 घायल हो गए। अमेरिका के इन क्षेत्रों में भी वैसी ही अग्नि भड़की हुई है। जैसी जनवरी में कैलिफोर्निया के जंगलों में थी। हवाओं से अग्नि का तीव्र प्रसार हो रहा है। परिणामतः मिसिसिपी, अलबामा और टेनेसी सहित अनेक क्षेत्रों के लगभग नब्बे लाख लोग तेज हवाओं से प्रज्वलित अग्नि बवंडर से प्रभावित हो सकते हैं। वहां आठ करोड़ अट्ठाईस लाख की जनसंख्या को हवा के अलर्ट के बारे में सूचित किया गया है। मौसम का विनाशक घूर्णनकारी चक्र अमेरिका के मध्य क्षेत्र से होकर के पूर्व की ओर बढ़ रहा है। इस कारण जॉर्जिया में अत्यधिक वर्षा, बाढ़ आने, विनाशकारी हवा के झोंकों के चलने और तीव्रतापूर्वक फैल रहे बवंडर का संकट व्याप्त है। भारत और अमेरिका ही नहीं दुनिया के अनेक




देशों, भूभागों और इनमें रह रहे लोगों पर 14-15 मार्च का जलवायु उत्पात गहन संकट बनकर छाया। ऐसा गत पंद्रह वर्षों में कम प्रभाव के साथ, गत दस वर्षों में अधिक प्रभाव के साथ और अब विगत एक-दो वर्षों में अत्यधिक प्रभाव के साथ निरंतर कुछ-कुछ दिनों के अंतराल पर हो ही रहा है। जब मौसम मानव जाति के सिर पर विनाश की छतरी बनकर तन चुका है, तो क्या मानवों को अभिशप्त वैज्ञानिक प्रतिस्पर्द्धा और परिणामकारी जैविक व जीवन संबंधी गतिविधियों पर नियंत्रण का कार्य अभ्यास आरंभ नहीं कर देना चाहिए? मौसम के अप्रत्याशित संकटों के सम्मुख मानव का विज्ञान-लालच कोई महत्व नहीं रखता है। अतः विज्ञान के आत्मघाती प्रयोगों को रोककर मानवीय जीवन को पुनः आत्मनिर्भर ग्रामीण व्यवस्था की ओर अग्रसर करने का समय आ चुका है। कोरोना महामारी के बाद तो ऐसा हो भी जाना चाहिए था, किंतु विश्व के कर्ताधर्ता ऐसा नहीं चाहते हैं। वे महामारीजन्य अनेक असुरक्षाओं के बाद भी मनुष्य को प्रगति का दास बनाये रखने की प्रेरणा दे रहे हैं। वे मनुष्य को प्राकृतिक जीवन, स्वास्थ्य, खाद्यान्न, आनंद देने की स्थिति में तो नहीं हैं किंतु वैज्ञानिक प्रगति के मंत्र से मुग्ध करके उसे अप्राकृतिक रूप में मरने-खपने और मरने-खपने की इस प्रतियोगिता से लगाव रखने की सीख देने में अवश्य सफल हैं। वैज्ञानिकों, पूंजीधारकों, उद्योगकारों और इनके अनुसार शासन हांकने वाले शासकों को अंततः कितना अधिक साधन-संसाधन संपन्न होना है! ऐसी संपन्नता की कोई सीमा भी तो होगी। यदि ऐसे लोग प्रकृति के प्रकट व गुप्त तत्त्वों का राक्षसी दोहन करते हुए अपने संबंधियों और समर्थकों के लिए भी साधनों-संसाधनों की विशाल मात्रा एकत्र कर देना चाहते हैं, तो करें। इस हेतु वे अपने व अपने संबंधियों के लिए साधनों-संसाधनों के मूल्य प्रतीक और अर्थव्यवस्था के शक्ति संकेत के स्वरूप में विद्यमान मुद्रा को वास्तविक अथवा आभासी रूप में मनचाही मात्रा में एकत्र कर लें। वे ऐसा कर भी रहे हैं। किंतु गहन आश्चर्य है कि ऐसा करने के बाद भी उनका लालच रुक नहीं रहा। उन्हें स्वयं और अपनी पीढ़ियों के लिए मनचाही मात्रा में एकत्र की हुई मुद्रा भी कम ही लग रही है। यदि मनुष्यगण ऐसी ही प्रवृत्ति से ग्रस्त रहेंगे तो इसका अंतिम दुष्परिणाम प्रकृति की विनाश-लीला के रूप में ही सामने होगा। साधन-संसाधन संपन्न मनुष्यों को बारंबार यह सूत्र स्मरण करने की आवश्यकता है कि वे उपलब्ध पंचतत्त्वों का आसुरी दोहन करके वैज्ञानिक-आधुनिक प्रगति तो कर सकते हैं, परंतु पंचतत्त्वों की विकारग्रस्तता के कारण उत्पन्न होने वाली अप्रत्याशित पर्यावरणीय प्रतिक्रियाएं नहीं थाम सकते। आज के प्रगतिवादी, आधुनिक और तर्कशील व्यक्ति अपनी कपोल कल्पना के वशीभूत होकर प्राचीन लोगों को मूर्ख समझते हैं, किंतु उन्हें जलवायु की दुर्दशा देखकर अपने बारे में भी यह सत्य जानने-समझने की अति आवश्यकता है कि अपने जीवन के आधार पंचतत्त्वों को पराकाष्ठा तक विकृत करने में वे सर्वाधिक दोषी हैं। पहले के मनुष्य जीवन की प्रत्येक गतिविधि को दूरदर्शी नीतियों के अनुसार निर्धारित करते थे। अपने जीवन को जीते हुए, उसे संभालते हुए, उसका चहुँदिश आनंद लेते हुए और उसका सम्मान करते हुए वे हमारी अर्थात् अपनी भावी पीढ़ी की पर्यावरणीय सुरक्षा के बारे में भी विचार किया करते थे। यदि वे हमारी चिंता न करते और हमारी ही तरह पंचतत्त्वों का कठोरतापूर्वक दोहन करते तो क्या वर्तमान धरती, आकाश और अन्य जीवन-तत्त्व हमारे लिए उपलब्ध रह भी पाते। आज के वैज्ञानिकों से लेकर साधारण जन को इस बिंदु पर अवश्य विचार करना चाहिए। संभवतः तब हमारे भीतर प्रकृति के प्रति सम्मान उत्पन्न हो सके और तत्पश्चात हम उसका क्रूर दोहन न कर अपनी भावी पीढ़ी हेतु उसे संरक्षित करने के कृतसंकल्प लें।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## उपकार



संकलित
**दर्शन**

किसी संकट एवं कष्ट के समय हर क्षण हमारी जिह्वा पर प्रभु का नाम होता है। मन, कर्म एवं वचन से भी हमें उनके अनुनय-विनय की मुद्रा में ही रहते हैं। फिर एक दिन जब हम प्रभु की अनुकंपा से उन बुरे दिनों की चपेट से उबर जाते हैं तो उन्हें भूल जाते हैं। इस प्रकार जन्म से लेकर आज तक हमारे ऊपर ईश्वर के ऐसे उपकारों का सिलसिला अनंत है। प्रभु के उपकार रूपी ऋण से उऋण होना हम मनुष्यों के लिए जीवनर्पयत असंभव है। धन्य हैं वे करुणानिधान, जिन्होंने विशेष कृपा कर हमें बनाया। हाथ, कान, नाक, पांव, बुद्धि एवं घ्राण क्षमता-सब कुछ कार्योपयोगी। यदि वह एकाध अंग-उपांग से अथवा अनेक जीवनोपयोगी शारीरिक क्षमताओं से वंचित कर विपरीत परिस्थितियों में जन्म दे देते तब भी हमें जीवन जीना ही पड़ता। तो क्या फिर हम अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य पर इतना इतरा पाते? बिल्कुल नहीं। तब पल-पल संघर्ष एवं परिश्रम कर सब कुछ डोलना ही होता। प्रभु ने कुछ तो समझ-बूझकर हम मनुष्यों को जीवन की ये तमाम अनुकूलताएं दी होंगी। भगवान ने इतनी सुविधाएं दीं तो बदले में हमने क्या विलक्षण किया? वास्तव में ईश्वर ने हमें ये सारी अनुकूलताएं एवं सुविधाएं कुछ विशेष कार्य करने के लिए दी हैं, न कि केवल व्यर्थ में कुछ विशेष होने-समझने के लिए। समस्या यह है कि औरों के कल्याण एवं हित के लिए प्रभु-दरबार से अनुकंपा पर मिली वस्तुओं को हमने भूलवश नितांत अपना ही समझ लिया। इसलिए आनंद देने वाली उन सब वस्तुओं से भय, क्रोध, लालच, पीड़ा,ईर्ष्या, द्वेष एवं पीड़ा टपकने लगी।

## गणेश विनायक जी की कथा



संकलित
**प्रेरणा**

एक गांव में मां-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी मां से कहने लगी कि गांव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊंगी। मां ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घण्टी में पानी दिया। मां ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गांववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापिस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डु और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैने यह एक लड्डु और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डु लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि मांगों तुम क्या मांगती हो? लड़की मन में सोचने लगी कि क्या मांगू? अन्न मांगू या धन मांगू या अपने लिए अच्छा वर मांगू या खेत मांगू या महल मांगू! वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुंची तो मां ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ओपीएस का बेहतर विकल्प क्या हो?

भारत में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली एक महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक मुद्दा बन चुका है। यह केवल सरकारी कर्मचारियों का ही नहीं, बल्कि देश की वित्तीय नीति और सामाजिक सुरक्षा का भी विषय है। 2004 में पुरानी पेंशन योजना को समाप्त कर नई पेंशन योजना (एनपीएस) लागू की गई, लेकिन बीते कुछ वर्षों में ओपीएस की बहाली को लेकर कर्मचारियों में व्यापक आंदोलन और राजनीतिक बहस छिड़ी हुई है। कई प्रदेशों में ओपीएस बहाल कर दी गई है, लेकिन इससे राजकोष पर पड़ते भारी बोझ के कारण दबाव यह भी है कि ओपीएस का कोई बेहतर विकल्प ढूंढना होगा। इसीलिए केंद्र सरकार यूपीएस यानी यूनिफाइड पेंशन स्कीम लेकर आई है। अब बहस यह है कि क्या यह ओपीएस का बेहतर विकल्प है?

*- प्रदीप यदु, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### रेगु टीम ने इतिहास रचा

सेपक टकराव विश्व कप 2025 में शानदार खेल प्रदर्शन के लिए हमारे दल को बधाई! दल ने 7 पदक जीते। पुरुषों की रेगु टीम ने भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### गंभीर चिंताएं जताईं

आज संपादकों, शोधकर्ताओं और डोमेन विशेषज्ञों के एक विविध समूह से मिलने का अवसर मिला। उन्होंने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, विशेष रूप से आरटीआई अधिनियम के दायरे पर इसके प्रभाव के बारे में गंभीर चिंताएँ व्यक्त कीं।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**



### आर्थिक असमानता

पिछले 78 वर्षों से किसी सरकार ने आम जनता को आर्थिक रूप से इतना कमज़ोर नहीं किया, जितना मोदी सरकार ने किया है। आर्थिक असमानता भयावह स्तर पर है। अरबपति, खरबपति बन चुके हैं और गरीब, कंगाल हो रहे हैं।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**



### लोकतांत्रिक व्यवस्था

समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय और समतामूलक समाज की स्थापना में विश्वास करती है। इतिहास की घटनाओं पर आज की लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं चल सकती। भाजपा सरकार को जनता के रोज़ी-रोज़गार, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर ध्यान देना चाहिए।


**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**



## करंट अफेयर

# सीरिया दोराहे पर खड़ा है : संयुक्त राष्ट्र दूत

सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष दूत ने कहा है कि राष्ट्रपति बशर अल-असद को अपदस्थ किए जाने के तीन महीने बाद सीरिया दोराहे पर खड़ा है जहां से वह फिर से हिंसा की ओर लौट सकता है या शांति की ओर बढ़कर दशकों के संघर्ष को समाप्त कर सकता है। सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष दूत गीर पेडरसन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि सीरिया में हिंसा की स्थिति लौट सकती है। उन्होंने कहा कि बाहरी शक्तियों को सीरियाई संप्रभुता के उल्लंघन की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। पेडरसन ने कहा कि दूसरा रास्ता जो सीरिया की संप्रभुता और क्षेत्रीय सुरक्षा को बहाल करेगा वह 'व्यवहार्य' है लेकिन इसके लिए जरूरी है कि 'सीरिया के लोग सही निर्णय लें' और उन्हें अंतरराष्ट्रीय सहयोग मिले। सीरिया में 13 वर्षों से गृह युद्ध जारी है। पिछले वर्ष दिसंबर में इस्लामी समूह हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) ने बशर अल असद की सत्ता को पलट दिया था और इसी के साथ देश में उनके परिवार का 50 वर्षों से अधिक पुराना शासन समाप्त हो गया।



## ऑफ बीट

# क्या कॉफी नींद की कमी की भरपाई कर सकती है

नींद की अहमियत से इनकार नहीं किया जा सकता। रातभर गहरी नींद लेने के बाद हरेक को अच्छा महसूस होता है और नहीं सोने से शरीर और दिमाग दोनों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। तो नींद की कमी की भरपाई के लिए क्या किया जा सकता है? या यूं कहें कि आप कम सोकर भी कैसे अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं? पर्याप्त नींद नहीं लेने से दिमाग के काम करने की क्षमता पर असर पड़ता है। वैज्ञानिक कई वर्षों से यह बात जानते हैं कि पर्याप्त नींद नहीं लेने से ध्यान केंद्रित करने की क्षमता कम होती है। हमने कुछ प्रतिभागियों को घर जाकर सोने और कुछ प्रतिभागियों को प्रयोगशाला में पूरी रात जागने को कहा। हमने पाया कि पर्याप्त नींद नहीं लेने से न केवल ध्यान केंद्रित करने में दिक्कत हुई, बल्कि इससे एक निश्चित क्रम में किए जाने वाले कार्यों को करने में (प्लेसकीपिंग) भी अधिक गलतियां हुईं। क्या कॉफी हो सकती है नींद का विकल्प? इसके बाद, हमने नींद की कमी की भरपाई के विभिन्न तरीकों को लेकर परीक्षण किया। यदि आपने पिछली रात पर्याप्त नींद नहीं ली, तो आप क्या करेंगे? कई लोग कॉफी या कोई 'एनर्जी ड्रिंक' (ऊर्जा बढ़ाने वाले पेय पदार्थ) पीना चाहेंगे।



## अपने विचार

### हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।





# पब्लिक प्लेस पर जब फील हो एलर्जी

**डॉक्टर्स सजेशन**



**डॉ. आर. पी. सिंह**
सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। जब भी मैं किसी भीड़-भाड़ वाली जगह पर जाता हूं, मुझे लगातार छींकें आने लगती हैं। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे बचा जाए?**

**-रितेश, रायपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है, आपको धूल से एलर्जी है, क्योंकि आप जब घर से बाहर भीड़-भाड़ वाले स्थान पर जाते हैं तो वहां जो धूल उड़ती है, उससे आपको छींकें आना शुरू हो जाती हैं। यह समस्या तमाम लोगों में देखी जाती है। इससे बचाव के लिए बेहतर होगा कि आप जब ऐसे स्थान पर जाएं तो मास्क लाकर ही जाएं। इस उपाय को अपनाने से आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी गर्दन से लेकर कंधे तक अकड़न बनी रहती है, साथ ही हल्का-हल्का दर्द भी होता रहता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-आर्यन, बिलासपुर**

यह समस्या उन लोगों को ज्यादा होती है, जिनकी लंबी सिटिंग होती हैं यानी, ऑफिस में एक ही पोश्चर में लंबे समय तक बैठे रहते हैं। इसके स्थाई समाधान के लिए आपको रेग्युलर एक्सरसाइज करना पड़ेगा। सर्वाइकल की एक्सरसाइज कौन-कौन सी होती हैं यह जानने के लिए बेहतर होगा कि आप किसी फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर लें। वे आपको बताएंगे, उसके बाद नियमित रूप से सुबह-शाम एक्सरसाइज करें। साथ ही ऑफिस में लंबे समय तक एक ही पोश्चर में ना बैठें। बीच-बीच में मूवमेंट करते रहें। इससे आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 63 वर्ष है। दो-तीन महीने से बहुत स्ट्रेस फील कर रहा हूं। न अच्छी भूख लगती है, न ठीक से सो पाता हूं। कृपया बताएं कि मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कामेश्वर, भोपाल**

आप अपनी परेशानी का कारण खुद ही बता रहे हैं। आप यह जानने की कोशिश करें कि जब से यह समस्या शुरू हुई है, उसके आस-पास जीवन में क्या ऐसा घटित हुआ है, जिससे स्ट्रेस हो रहा है। इसकी वजह क्या है? अगर जरूरत पड़े तो आप मनोचिकित्सक से संपर्क कर सकते हैं। इसे तरह स्ट्रेस से मुक्ति मिलेगी और आपको नींद भी आने लगेगी।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मैं हेयर ट्रांसप्लांट करवाना चाहता हूं। क्या यह सेफ है? इसके लिए मुझे क्या सावधानियां बरतनी चाहिए? कृपया सजेस्ट करें।**

**-विभूति, रोहतक**

आजकल हेयर ट्रांसप्लांट करने का चलन बढ़ा हुआ है, लेकिन आपके लिए कितना सेफ रहेगा, यह तो जांच करने के बाद ही पता चलेगा। आपकी स्किन कैसी है, आपको किसी चीज से एलर्जी तो नहीं है, जांच के बाद तय किया जा सकता है। बेहतर होगा कि आप किसी स्किन स्पेशलिस्ट डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे आपको जांच के बाद बताएंगे कि आपके लिए ट्रांसप्लांट करवाना कितना उचित रहेगा।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मुझे भूख बिल्कुल नहीं लगती है। पेट हमेशा भरा-भरा सा लगता है। कभी-कभी खट्टी डकारें भी आती हैं। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-सखाराम, जींद**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित हो रही है। जिस वजह से आपको खट्टी डकार आती है और भूख कम लगती है। इसके लिए आप दोपहर के खाने में दही और सलाद जरूर शामिल करें। साथ ही तली-भुनी और ऑयली चीजें खाने से बचें। रात में हल्का खाना जैसे दलिया या खिचड़ी खाएं। साथ ही सुबह-शाम सैर जरूर करें। इससे आपको आराम मिलेगा। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

स्पेशलः वर्ल्ड बाइपोलर-डे, 30 मार्च

# बाइपोलर डिसऑर्डर हेल्दी लाइफस्टाइल सही मेडिकल ट्रीटमेंट से मिलती है राहत

बाइपोलर डिसऑर्डर एक जटिल मेंटल डिजीज है। इसके होने की कई वजहें हो सकती हैं। लेकिन अगर इसके लक्षणों को ध्यान में रखते हुए सही लाइफस्टाइल को फॉलो किया जाए और जरूरत पड़ने पर मेडिकल ट्रीटमेंट करवाया जाए, साथ ही फैमिली सपोर्ट मिले तो इसे कंट्रोल किया जा सकता है। इस रोग के बारे में आप भी विस्तार से जानिए।





**डॉक्टर्स एडवाइस**



**डॉ. गौरव गुप्ता**
डायरेक्टर-तुलसी हेल्थ केयर
नई दिल्ली-गुरुग्राम

अमेरिकन साइकिएट्रिक एसोसिएशन के अनुसार द्विध्रुवीय विकार (बाइपोलर डिसऑर्डर) एक मनोरोग है, जिसमें पीड़ित व्यक्ति के मूड, ऊर्जा और उसकी कार्यक्षमता में बदलाव आता है। दूसरे शब्दों में कहें तो बाइपोलर डिसऑर्डर एक ऐसी मानसिक स्थिति है, जिसमें मूड में अत्यधिक उतार-चढ़ाव होते हैं। इस मनोरोग में उन्माद (मेनिया) और अवसाद (डिप्रेशन) सरीखी स्थितियां (मूड एपिसोड्स) भी शामिल हैं। ऐसे मूड एपिसोड कई दिनों से लेकर हफ्तों तक रह सकते हैं।

## क्या हैं कारण

बाइपोलर डिसऑर्डर के कई संभावित कारण हो सकते हैं, जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं।

**न्यूरोकेमिकल में असंतुलनः** मस्तिष्क रसायनों (न्यूरोकेमिकल्स) जैसे डोपामाइन और सेरोटोनिन आदि में असंतुलन बाइपोलर डिसऑर्डर की समस्या उत्पन्न कर सकते हैं।

**आनुवांशिक कारकः** अगर परिवार के किसी सदस्य को बाइपोलर डिसऑर्डर रहा है, तो परिवार के अन्य सदस्य में इसके होने का जोखिम बढ़ जाता है। एक अध्ययन के अनुसार बाइपोलर डिसऑर्डर से पीड़ित लगभग 60% मरीज ऐसे हैं, जिन्हें डिप्रेशन या बाइपोलर डिसऑर्डर की समस्या जेनेटिक कारणों से मिली है।

**तनावपूर्ण घटनाएंः** इसके अंतर्गत जीवन की गंभीर तनावपूर्ण घटनाएं जैसे किसी रिश्ते का टूटना, गंभीर बीमारी या कोई भावनात्मक समस्या आदि शामिल की जाती हैं, जो बाइपोलर डिसऑर्डर का कारण बन सकती हैं। भावनात्मक समस्या में आपसी संबंधों का बिगड़ना, पति-पत्नी के बीच तलाक होना, परिवार में किसी प्रियजन की मृत्यु होना आदि को शामिल किया जा सकता है।

**मस्तिष्क की संरचना में बदलावः** ब्रेन इमेजिंग अध्ययनों से पता चला है कि बाइपोलर डिसऑर्डर से ग्रस्त लोगों के मस्तिष्क में संरचनात्मक परिवर्तन हो सकते हैं।

## बाइपोलर डिसऑर्डर के लक्षण

पीड़ित व्यक्ति कभी-कभी बहुत ज्यादा निराश, उदास और दुखी महसूस करता है। ऐसे लक्षण मनोरोग अवसाद (डिप्रेशन) से मिलते-जुलते होते हैं। कभी-कभी वह बहुत ज्यादा प्रफुल्लित और स्वयं को असाधारण रूप से ऊर्जावान महसूस करता है। ऐसे लक्षण मनोरोग उन्माद (मेनिया) सरीखे होते हैं। उन्माद और अवसाद की स्थितियों (एपिसोड्स) के बीच मूड में अचानक और तीव्र बदलाव होना। इस स्थिति को मनोचिकित्सकीय भाषा में 'मूड स्विंग्स' कहते हैं। इनके अलावा अपनी क्षमताओं के बारे में गलतफहमी रखना, तेज गति से सोचना और बोलना, गलत फैसले लेना, नींद बहुत कम आना, चिड़चिड़ापन महसूस करना, स्वयं को बहुत ज्यादा महत्व देना या फिर अपने को श्रेष्ठ समझना भी इसके लक्षणों में शामिल हो सकता है।

## ऐसे करते हैं डायग्नोसिस

बाइपोलर डिसऑर्डर का पता लगाने के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर सबसे पहले मरीज से बात करते हैं, उसके बाद उसके परिजनों से भी। इसके अलावा डॉक्टर मरीज की अन्य बीमारियों का पता लगाने के लिए कंप्लीट फिजिकल टेस्ट भी करवा सकते हैं ताकि उसके लक्षणों का पता लगाया जा सके। साथ ही, मरीज की मेडिकल हिस्ट्री और फैमिली हिस्ट्री आदि के जरिए भी डॉक्टर मर्ज का पता लगाते हैं।

## ट्रीटमेंट के तरीके

यह सच है कि फिलहाल बाइपोलर डिसऑर्डर का कोई स्थाई इलाज नहीं है, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा सुझाई गई दवाएं लेने और उनके परामर्श पर अमल करने से बाइपोलर डिसऑर्डर का प्रबंधन और नियंत्रण जरूर किया जा सकता है, जिससे मरीज के जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। विशेषज्ञ डॉक्टर विशेषकर मनोचिकित्सक कुछ दवाओं के सेवन का सुझाव दे सकते हैं, जिन्हें 'मूड स्टेबलाइजर्स' के रूप में जाना जाता है। इसके अलावा चिकित्सक के परामर्श से एंटीडिप्रेसेंट दवाएं भी मूड स्विंग को नियंत्रित करने में मदद कर सकती हैं।



**मनोचिकित्सा (साइकोथेरेपी):** मनोचिकित्सक मरीज की स्थिति के अनुसार साइकोथेरेपी का सहारा लेते हैं। मरीज के अलावा वे परिवार के सदस्यों की भी काउंसलिंग करते हैं। इसके अलावा कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी (सीबीटी) बाइपोलर डिसऑर्डर के लक्षणों को प्रबंधित करने में सहायक है।

**जीवनशैली में बदलावः** यूरोपियन साइकिएट्रिक एसोसिएशन के मुताबिक बाइपोलर डिसऑर्डर से पीड़ित लोगों को जहां तक संभव हो सके, स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल करना चाहिए। ऐसा करने से उन्हें अपनी समस्या को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। यही नहीं, जो लोग बाइपोलर डिसऑर्डर से ग्रस्त नहीं हैं, वे भी अगर स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल करें तो इससे उनमें भी इस समस्या के भविष्य में होने का जोखिम काफी हद तक कम हो सकता है। स्वास्थ्यकर जीवनशैली के अंतर्गत संतुलित पौष्टिक खान-पान, नियमित रूप से व्यायाम, 6 से 8 घंटे की पर्याप्त नींद लेना और तनाव का समुचित प्रबंधन आदि बातें शामिल हैं।

**नियमित व्यायाम करेंः** नियमित व्यायाम, बाइपोलर डिसऑर्डर पेशेंट्स के मूड को स्थिर करने में मदद कर सकता है। किस व्यक्ति को कितने समय तक और किस-किस प्रकार के व्यायाम करना चाहिए, इस संदर्भ में पीड़ित व्यक्ति को डॉक्टर और फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लेना चाहिए। इसके अलावा मेडिटेशन भी फायदेमंद हो सकता है।

**पर्याप्त नींद जरूरीः** बाइपोलर डिसऑर्डर किसी व्यक्ति की नींद उड़ा सकता है। ऐसा व्यक्ति बहुत कम सोता है। नींद पूरी न होने से मूड में बदलाव ज्यादा आता है। इसलिए मूड को प्रबंधित करने के लिए पर्याप्त नींद लेना आवश्यक है। इसके लिए नियमित समय पर बिस्तर पर जाने और सुबह एक निश्चित समय पर उठने की आदत डालें। सोने से पहले स्क्रीन टाइम यानी टेलीविजन देखने, स्मार्टफोन और कंप्यूटर के इस्तेमाल से दूर रहें। जिन लोगों को सोने में कठिनाई होती है, उन्हें डॉक्टर से बात करनी चाहिए। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**



### इन बातों का रखें ध्यान

- परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताएं और उनसे मदद लें।
- सकारात्मक सोच रखें।
- तनाव और चिंता को नियंत्रित करने के लिए योग और ध्यान का सहारा लें।
- शराब और अन्य मादक पदार्थों का सेवन न करें, क्योंकि वे आपकी समस्या को बढ़ा सकते हैं।



स्पेशलः वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे, 2 अप्रैल

ऑटिज्म एक विकास संबंधी एब्नॉर्मलिटी है, जिससे पीड़ित व्यक्ति को बातचीत करने, पढ़ने-लिखने और दूसरों से घुलने-मिलने में परेशानी होती है। ऐसे बच्चों की केयर पैरेंट्स को बहुत सावधानी से करने की जरूरत होती है। इस बारे में बहुत जरूरी सजेशंस।

# ऑटिज्म पेशेंट के लिए जरूरी सही ट्रीटमेंट-इमोशनल सपोर्ट

**अवेयरनेस**
**शिखर चंद जैन**

ऑटिज्म को ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर भी कहते हैं। यह एक ऐसी स्थिति है, जिससे पीड़ित व्यक्ति का दिमाग अन्य लोगों के दिमाग की तुलना में अलग तरीके से काम करता है। इस बीमारी के बारे में अभी तक बहुत ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है और न ही वर्तमान में इसका कोई परफेक्ट ट्रीटमेंट उपलब्ध है। हालांकि इस बीमारी से पीड़ित लोग नौकरी करने, परिवार और दोस्तों के साथ मेल-मिलाप करने में सक्षम होते हैं, लेकिन कई बार उन्हें दूसरों की मदद लेनी पड़ती है। फैमिली मेंबर्स, टीचर्स या दोस्तों के सहयोग से ये लोग भी नई स्किल्स सीख लेते हैं और बिना किसी सपोर्ट के अपने काम भी कर लेते हैं। सही डायग्नोसिस और इंटरवेंशन ट्रीटमेंट की मदद से ऑटिस्टिक लोगों को सामाजिक व्यवहार और नई स्किल्स सीखने में मदद मिलती है, जिससे वे अपना जीवन बेहतर तरीके से जी पाते हैं।

ऑटिज्म की वजह से बच्चे के मस्तिष्क के काम करने के तरीके में एक अंतर आ जाता है, जो यह तय करता है कि वह अपने आस-पास की दुनिया के साथ कैसे रिस्पॉन्स करता है। यह अंतर कुछ ऐसा है जिसके साथ वे पैदा होते हैं-इसका उनके पालन-पोषण के तरीके, भोजन, टीके या जन्म के बाद बच्चे के साथ हुई किसी भी अन्य एक्टिविटी से कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

**क्या है ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डरः** ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर, एक न्यूरोलॉजिकल और डेवलपमेंटल डिसऑर्डर है, जो लोगों के दूसरों के साथ बातचीत करने, संवाद करने, सीखने और व्यवहार करने के तरीके को प्रभावित करता है। इसके लक्षण आमतौर पर जीवन के पहले दो वर्षों यानी बचपन में दिखाई देते हैं। ऑटिज्म बच्चे के मस्तिष्क के काम करने के तरीके में एक अंतर लाता है, जो उन्हें सामाजिक रूप से घुलने-मिलने और अनोखे तरीके से व्यवहार करने के लिए प्रेरित करता है।



**प्रमुख लक्षणः** इसके प्रमुख लक्षणों में लिमिटेड आइज कॉन्टेक्ट, एब्नॉर्मल बॉडी लैंग्वेज और रिपीटेटिव बिहेवियर या बातें शामिल होते हैं। इसके अलावा अकेले रहना, दूसरे बच्चों के साथ ना खेलना, बोलने के बजाय इशारों से ज्यादा रिस्पॉन्स करना। खुद को चोट लगाना या नुकसान पहुंचाने के प्रयास करना। इस स्थिति के शुरुआती लक्षण माता-पिता या बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा बच्चे के एक वर्ष की आयु तक पहुंचने से पहले ही देखे जा सकते हैं। कुछ मामलों में, ऑटिज्म से संबंधित समस्याएं हल्की हो सकती हैं और तब तक स्पष्ट नहीं होती हैं जब तक कि बच्चा स्कूल जाना शुरू नहीं करता।

**इससे बढ़ता है रिस्कः** नई मेडिकल स्टडीज के अनुसार कई आनुवंशिक कारक ऑटिज्म के जोखिम को जटिल तरीके से बढ़ा सकते हैं। फ्रैजाइल एक्स सिंड्रोम और ट्यूबरस स्क्लेरोसिस जैसी कुछ विशिष्ट आनुवंशिक स्थितियों वाले लोगों में ऑटिज्म के निदान के लिए जोखिम अधिक होता है। ये दो स्थितियां ऑटिज्म के सैकड़ों अलग-अलग दुर्लभ आनुवंशिक कारणों के साथ मिलकर 30% से अधिक मामलों की व्याख्या करती हैं। इसके अलावा गर्भावस्था के दौरान मां द्वारा ली जाने वाली कुछ दवाइयां जैसे कि वैल्प्रोइक एसिड और थैलिडोमाइड, ऑटिज्म के हाई रिस्क से भी जुड़ी हुई हैं। गर्भावस्था के समय माता-पिता का अधिक उम्र का होना भी ऑटिज्म के अधिक जोखिम से जुड़ा हुआ है।

**इलाज के तरीकेः** ऐसे कई प्रभावी तरीके हैं, जो ऑटिस्टिक बच्चे को अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने में मदद कर सकते हैं।

**अप्लाइड बिहेवियर एनालिसिसः** इसमें बच्चे की कार्यात्मक चुनौतियों का व्यवस्थित अध्ययन शामिल है, जिसका उपयोग उनके स्किल में सुधार और मिसबिहेव को कम करने के लिए एक बिहेवियरल प्लानिंग बनाने के लिए किया जाता है।

**सोशल स्किल ट्रेनिंगः** ग्रुप या पर्सनल सेटिंग में किया गया यह प्रयास ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों को सामाजिक स्थितियों में नेविगेट करने की उनकी क्षमता में सुधार करने में मदद करता है।

**वर्बल-लैंग्वेज ट्रीटमेंटः** बच्चे के बोलने के तरीके और उसकी भाषा की समझ में सुधार लाने का प्रयास किया जाता है।

**पैरेंटल मैनेजमेंट ट्रेनिंगः** इसमें पैरेंट्स को अपने ऑटिस्टिक बच्चे के एब्नॉर्मल बिहेव पर सही प्रतिक्रिया करने और अपने बच्चे में उचित व्यवहार को प्रोत्साहित करने के प्रभावी तरीके सिखाए जाते हैं। पैरेंटल हेल्प ग्रुप्स, पैरेंट्स को ऑटिज्म से पीड़ित बच्चे की परवरिश के तनाव से निपटने में मदद करते हैं। *

**(मनोचिकित्सक डॉ.संजय गर्ग और मनोविज्ञानी डॉ.रूपा तालुकदार से बातचीत पर आधारित)**

### पैरेंट्स रखें ध्यान

- ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिजीज के बारे में जितना संभव हो उतना जानें।
- ऑटिज्म से पीड़ित अपने बच्चे को अच्छी और बैलेंस्ड डेली रूटीन फॉलो करने के लिए इंस्पायर करें।
- ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों के अन्य पैरेंट्स और अपने समुदाय के रिसोर्सेस से जुड़ें।
- जरूरत पड़ने पर मेडिकल एक्सपर्ट से कंसल्ट करें।
- बच्चे के साथ बिताने के लिए पर्याप्त समय निकालें।
- अपने बच्चे की शिक्षा और उपचार से संबंधित अवेयरनेस को बढ़ाएं।



जब भी सूखे मेवे यानी ड्राय फ्रूट्स की बात आती है तो सबसे पहले बादाम का नाम लिया जाता है। वजह है इसमें मौजूद बेशुमार स्वास्थ्यवर्धक गुण। यह किस तरह से हमारे लिए फायदेमंद है, आपको जरूर जानना चाहिए।

# हेल्थ के लिए भरपूर फायदेमंद नट है बादाम

**डाइट**
**राजकुमार 'दिनकर'**

बादाम के पोषण के स्तर को देखते हुए पाक कला में सदियों से इसका इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसके सेवन का इतिहास हजारों साल पुराना है। बादाम मीठे और कड़वे दो तरह के होते हैं। कड़वे बादाम की कड़वाहट निकालने के बाद उसके तेल का इस्तेमाल खाने में किया जाता है। कड़वे बादाम के फूल सफेद होते हैं और मीठे बादाम के फूल गुलाबी होते हैं। कड़वे बादाम और मीठे बादाम की रासायनिक संरचना समान होती है। बादाम का फल जब पकता है तो यह खुद ही खुल जाता है और उससे यह नट बाहर आ जाता है। बादाम के बीज कठोर छिलकों के अंदर होते हैं।

**होते हैं कई पोषक तत्वः** पोषक तत्वों से भरपूर बादाम में विटामिन बी1, फोलेट, विटामिन बी3, नियासिन, बी कॉम्प्लेक्स और मैग्नीज भरपूर मात्रा में होता है। 28 ग्राम यानी एक औंस बादाम में 183 कैलोरी, 5.82 ग्राम प्रोटीन, 2.94 ग्राम कार्बोहाइड्रेट, 16.4 ग्राम फैट, 3.4 ग्राम फाइबर, 7.3 मिलीग्राम विटामिन ई पाया जाता है।

**कई तरह से लाभकारीः** बादाम हमारी मस्तिष्क और तंत्रिका प्रणाली को मजबूत बनाकर याददाश्त को अच्छा बनाता है। बादाम में एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने का गुण होता है। यह एलडीएल और एचडीएल कोलेस्ट्रॉल के बीच संतुलन बनाकर रखता है। इसमें मौजूद फॉस्फोरस हमारी हृदय गति को सामान्य बनाए रखता है। इसका ग्लासेमिक इंडेक्स कम होता है। यह हमारी रक्त शर्करा के स्तर को बढ़ने से रोकता है। मैग्नीशियम और मैग्नीज से भरपूर होने के कारण यह हड्डियों और दांतों को मजबूती देता है। यह हमारे शरीर के वजन को भी नियंत्रित करके मोटापे के जोखिम को कम करता है। इसमें मौजूद आर्जीनिन एक ऐसा अमीनो एसिड है, जो रक्तप्रवाह को नियमित करता है और इससे हमारी मांसपेशियों को ऑक्सीजन और पोषक तत्व मिलते हैं। विटामिन-ई से भरपूर बादाम त्वचा की नमी को लॉक करके हमें जवां और खूबसूरत बनाता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स बालों की ग्रोथ को बढ़ाते हैं। फास्फोरस युक्त बादाम एसिडिटी को नियंत्रित करता है और शरीर में टीएच लेवल को बनाकर रखता है। आयरन से भरपूर बादाम हमारे शरीर की लाल रक्त कोशिकाओं के विकास को बढ़ाता है और एनीमिया में बहुत फायदेमंद होता है।



**ऐसे करें सेवनः** बादाम दुनिया में सबसे पुराना और सबसे ज्यादा उगाया जाने वाला नट है। बादाम को साबुत भूनकर या तलकर खाया जाता है। बादाम का छिलका पचाना चूंकि मुश्किल होता है, इसलिए आयुर्वेद इन्हें उबालकर पकाने के बाद खाने की सलाह देता है। इनको अगर भिगोकर खाया जाए तो यह जल्दी पचते हैं। इन्हें बिना भिगोए कच्चा नहीं खाना चाहिए। रात भर भिगोकर, छिलका उताकर इन्हें खाना चाहिए। बादाम मिल्क शेक या बादाम को अन्य फ्रूट्स के साथ मिलाकर इनकी स्मूदी बनाई जा सकती है। अखरोट, सूरजमुखी के बीज, खजूर, मखाना, किशमिश के साथ मिलाकर अलग-अलग तरह के अनाजों के साथ खा सकते हैं। इसके अलावा बादाम का शीरा, बादाम का हलवा, बादाम की बर्फी, बादाम कतली, बादाम की चटनी, बादाम का दूध, बादाम-खजूर मिल्क शेक, बादाम केला स्मूदी का सेवन किया जा सकता है। *



# प्रधान पाठक करता था छात्राओं से बैड टच, शिकायत के बाद सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

सूरजपुर जिले के मिडिल स्कूल में प्रधान पाठक द्वारा शाला की बच्चियों से अश्लील हरकत करने और गलत तरीके से छूने का मामला सामने आया है। छात्राओं ने ही इस मामले की शिकायत टोल फ्री नम्बर पर की जिसके बाद जांच उपरांत प्रधान पाठक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है इसके साथ ही प्रधान पाठक के खिलाफ सूरजपुर पुलिस थाने में विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

■ जांच उपरान्त दर्ज किया गया अपराध, सूरजपुर क्षेत्र का मामला

बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले में संचालित शासकीय माध्यमिक शाला में पढने वाली कक्षा 6वीं, 7वीं और 8वीं कक्षा की छात्राओं ने 24 मार्च को टोल फ्री नम्बर 1098 में शिकायत की गई थी कि स्कूल के प्रधान पाठक द्वारा बच्चियों के साथ अश्लील हरकत करने के साथ ही गलत तरीके से उन्हें टच किया जाता है। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा जांच टीम का गठन किया गया था। जांच टीम में एसडीएम सूरजपुर शिवानी जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी भारती वर्मा और जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ने स्कूल जाकर मामले की जांच की। जांच के दौरान स्कूल की 9 छात्राओं ने हेडमास्टर मो. रउफ पर बैड टच करने की जानकारी दी। छात्राओं ने बताया कि, हेडमास्टर उनके नाजुक अंगों को छूते हैं। करीब एक साल से वे हेड मास्टर के बैड टच से प्रताड़ित हैं। इनमें कक्षा 6वीं से 8वीं तक की छात्राएं शामिल हैं। स्कूल में बैड टच को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था इस दौरान उन्हें गुड टच और बैड टच की जानकारी दी गई थी। छात्राओं ने स्कूल की महिला शिक्षिका को हिम्मत कर हेडमास्टर की शिकायत की। शिक्षिका ने छात्राओं को टोल फ्री नंबर बताया, जिसमें छात्राओं ने शिकायत दर्ज कराई।

## थाने में की गई है शिकायत

शिकायत में आरोपों की पुष्टि होने के बाद संयुक्त संचालक शिक्षा हेमंत उपाध्याय ने 25 मार्च को प्रधान पाठक मो. रउफ को निलंबित कर दिया गया है। मो. रउफ का निलंबन अवधि में मुख्यालय बीईओ कार्यालय प्रेमनगर तय किया गया है। इसके साथ ही इस मामले में बीईओ सुनील कुमार पोर्ते द्वारा थाने में शिकायत की गई है। बीईओ की शिकायत के बाद प्रधान पाठक के खिलाफ बीएनएस की धारा 75(2), लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 10, अजा-अजजा (नृशंसता निवारण) अधिनियम 1989, संशोधन अधिनियम 2015 की धारा 3(1)(डब्ल्यू),(आई) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा अब इस मामले की जांच की जा रही है।

* **चांपा।** 14 नग जिंदा कारतूस और पिस्टल के साथ दो आरोपियों को जीआरपी एवं चांपा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 25 जनवरी को जीआरपी पुलिस की टीम से सूचना मिली कि 3 जनवरी को रायपुर से उत्तर प्रदेश जाने वाली ट्रेन में किसी अज्ञात चोर के द्वारा रिटायर्ड आर्मी मैन का बेग जिसमें एक पिस्टल और जिंदा कारतूस को चोरी कर लिया गया है।

# पौने 3 करोड़ गबन के मामले में समिति प्रबंधन व ऑपरेटर पर एफआईआर

**रायगढ़।** खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र तिउर में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रक्रिया के दौरान गड़बड़ी होने की शिकायत व कुल 8955.5 क्विंटल धान का गबन करते हुए शासन को करीब पौने तीन करोड़ रूपए का आर्थिक नुकसान पहुंचाने के मामले में अपेक्स बैंक खरसिया के शाखा प्रबंधक शिकायत पर उपार्जन केंद्र तिउर के समिति प्रबंधक व कम्प्यूटर आपरेटर के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए पुलिस ने मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी है। इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए खरसिया अपेक्स बैंक खरसिया के शाखा प्रबंधक राजीव दुबे पिता रामनारायण दुबे ने पुलिस को बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 समर्थन मूल्य में धान खरीदी योजना अंतर्गत धान उपार्जन केंद्र तिउर के द्वारा धान उपार्जन कार्य किया गया। धान खरीदी में गड़बड़ी की शिकायत पर धान उपार्जन केंद्र तिउर में संयुक्त जांच टीम जिसका गठन कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा द्वारा 10 फरवरी 2025 को किया गया था। इस जांच दल में सहकारिता विस्तार अधिकारी खरसिया, खाद्य निरीक्षक खरसिया, प्रभारी धान संग्रहण केंद्र खरसिया, पर्यवेक्षक अपेक्स बैंक खरसिया शामिल थे। इस संयुक्त जांच दल द्वारा 13 फरवरी 2025 को उपार्जन केन्द्र का भौतिक सत्यापन कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस जाँच प्रतिवेदन में बताया गया कि भौतिक सत्यापन के दौरान, ऑनलाइन में उपलब्ध धान के विरुद्ध उपार्जन केन्द्र में 22 हजार 389 बोरी यानी 8955.55 क्विंटल धान कम पाया गया, जिसका कृषक उन्नति योजना के साथ देय समर्थन मूल्य के अनुसार यह रकम 2 करोड़ 77 लाख 62 हजार 205 रुपए है। सत्यापन के दौरान ऑनलाइन रिकार्ड में उपलब्ध वारदानों के विरुद्ध 9 हजार 867 नग नए बारदाने तथा मिलर्स के पुराने 6 हजार 376 नग बारदाने अधिक पाया गया।


बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
94060-21769
घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सिंघानिया स्किन केयर — मो. 94252-14479, 0771-4020411, www.makeoverraipur.com
मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल — छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर ☎ 9644099925
कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) — डॉ. जाऊलकर — ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified) — फोन: 0771-4044551 — समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ — मो. 7999450384, 7042974029
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मो. 9977247553
अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। — बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) — आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425
डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304
स्वास्तिक नर्सिंग होम — बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल — मो. 7991031330, मो. 0771-4347172
डॉ. मनोज अग्रवाला — स्किन क्लिनिक — एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट) — चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130
बांठिया हॉस्पिटल — राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.) — फोनः 0771-2425009, 2424737 — आयुष्मान भारत योजना



epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking : Raipur- 79871-19756 6263818152


## Appointment आवश्यकता

### टीचर

**Required-** Pragati Vidyalaya Higher Secondary School Rameshwar Nagar bhanpuri Raipur requires teachers for English medium from Nursery to 10th class for all subjects and Maths, Bio, Commerce, Arts in Higher Secondary Contact- 9754955511, 7738963592 Time- 8:00 am to 12:00 pm. (RO-3397)

**आवश्यकता है-** अंग्रेजी माध्यम नर्सरी से आठवीं सोसल साइंस, मैथ्स, कम्प्यूटर जनरल नॉलेज और साइंस टीचर चाहिए, साक्षात्कार 29 मार्च 11:30 बजे **सम्पर्क- दीक्षा पब्लिक स्कूल कृष्णा नगर भिलाई मो.99078-76187, 98937-86229.** (आरो नं.-708)

**Required-** VR Educational Academy Higher Secondary School Kailash Nagar Birgaon Raipur requires teachers for English medium from Nursery to 10th class for all subjects and Maths, Bio, Commerce, Arts in Higher Secondary Contact- 9754955511, 7738963592 Time- 8:00 am to 12:00 pm. (RO-3396)

### फैक्ट्री कार्य

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री में काम करने के लिए महिला स्टाफ की आवश्यकता है। **पता:- गोल्डन मार्बल के पीछे लक्ष्मी नगर पचपेडी नाका, रायपुर :- 9977376616.** (RO-7070)


विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक


### पेट्रोल पम्प कर्मी

**आवश्यकता है-** अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल डालने हेतु लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। (रहना + खाना फ्री लड़को के लिए) वेतन योग्यतानुसार **पता- HP अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पम्प शंकर नगर चौक रायपुर मोबाइल 9340741230.** (RO-7065)

**आवश्यकता है-** उरला कन्हेरा स्थित पेट्रोल पंप हेतु लड़को की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति - आवेदन Bio-data एवं समस्त दस्तावेज सहित **सम्पर्क करे- डागा पेट्रोल पंप, कन्हेरा 94242-25533.** (RO-272)

### इलेक्ट्रीशियन

**तत्काल आवश्यकता-** इलेक्ट्रीशियन बंगले एवं ऑफिस में कार्य हेतु अनुभवी इलेक्ट्रीशियन की आवश्यकता है। अनुभवः 5 से 10 वर्ष योग्यताः डिप्लोमा या आईटीआई पास वेतनः योग्यतानुसार (केवल अनुभवी उम्मीदवार ही संपर्क करें।) **संपर्क करें:- 9109972720.** (RO-3394)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने के लिए दैनिक वेतन पर लड़कों की आवश्यकता है, वेतन 400/- प्रतिदिन रामनगर के निवासी को प्राथतिकता **संपर्क करें- वायर हाऊस जवाहर नगर एम. जी. रोड रायपुर** (RO-7210)

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने हेतु लड़के का वेतन 10000/- एंव लड़कियों का 7000/- वेतन **संपर्क करें हरिओम प्लास्टिक, पंडरी कपडा मार्केट रायपुर प्रकाश होलसेल के बाजू 9300203900, 0771-4052408.** (RO-586)

**आवश्यकता है-** सेनेटरी हार्डवेयर दुकान में कार्य करने लड़कों की आवश्यकता है उम्र 17से 20वर्ष **संपर्क : जयश्री इंटरप्राइजेज नेहरू भवन के सामने सुपेला भिलाई - 98271-06108, 96302-95106** (आरो नं.-709)


छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ


### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 30 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें ) सैलरी 21000/- प्रतिमाह । रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी । **पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल :- 9644720222.** (RO-36)

**आवश्यकता है-** अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। (पार्ट टाइम/ फुल टाइम) **भाठागांव वालफोर्ट सिटी के पास संपर्क करें- 8319744465, 9826750807** (RO-7061)

### मेडिकल स्टोर वर्क

**आवश्यकता है-** मेडिकल स्टोर में काम करने के लिए लड़के की आवश्यकता है (रायपुर एवं बिलासपुर) वेतन योग्यता अनुसार **रामकृष्ण मेडिकल स्टोर देवपुरी रायपुर 7999953136.** (RO-7069)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** घर में काम करने के लिए एक महिला और एक पुरूष की गौ सेवा के लिए रहने वाला चाहिए रहने की सुविधा शीघ्र **संपर्क करें मों.- 9340109282, 9425207767.** (RO-7066)

**आवश्यकता है-** घर के कार्य करने हेतु एक महिला / लड़की/ लड़के की आवश्यकता है (रहने की सुविधा) उपलब्ध **संपर्क टाटीबंध, रायपुर 9329109448.** (RO-3834)

**तत्काल आवश्यकता-** घरेलू नौकर बंगले में कार्य हेतु अनुभवी घरेलू नौकर की आवश्यकता है। अनुभवः 5 से 10 वर्ष वेतनः 20,000/- तक (केवल अनुभवी पुरुष उम्मीदवार ही संपर्क करें) **संपर्क करें:- 9109972720.** (RO-3393)


क्लासीफाईड


### पैकिंग कार्य/ ड्रायवर

**आवश्यकता है-** चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की एवं ड्राइवर की जरूरत है। **संपर्क करें- एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो . 7469980000, 07714075490** (Ro. 7062)

### टेलर

**आवश्यकता है-** रायपुर, जोरा स्थित सोफा वर्कशॉप में कार्य करने के लिए, टेलर एवं कपड़ा कटिंग मास्टर चाहिये । **संपर्क : 88715 16438** (RO-Vijay)

### ऑफिस बॉय

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित रियल स्टेट कंपनी में भिलाई लोकेशन हेतु, ऑफिस बॉय की आवश्यकता है, 10 वी पास एवं अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क- 8898306907** (आरो नं.-704)

### मैनेजर/रिसेप्शन

**आवश्यकता है-** तेजस होटल में मैनेजर,रिसेप्शन एवं झाडू पोछा करने हेतु 10 से 12 k मासिक में लड़के, लड़की की आवश्यकता है। **संपर्क करे- सड्डू शांति सरोवर के सामने 9301005265.** (RO-186)

### मशीन ऑपरेटर

**शीघ्र आवश्यकता है -** लेज़र मशीन आपरेटर एवम Led letter बनाने वाले लड़को की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार बाबा रेडियम एंड फ्लेक्स प्रिंटिंग फरिश्ता काम्प्लेक्स, **स्टेशन रोड, दुर्ग (छ ग) Mo 9827111705, 8085903300** (आरो नं.-706)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** दुर्ग बोरसी दूकान मे काम करने हेतु मेहनती लड़के / लड़कियों की जरूरत है, आसपास ग्रामीण क्षेत्र वालों को प्राथमिकता, **संपर्क- 99813-14320** (आरो नं.-710)

### टीचर/मार्केटिंग

KPS KIDS SADDU
We're HIRING — Open Vacancy
1. Pre-Primary Teachers
2. Receptionist
3. Marketing Head
4. Abacus Teacher
Walk-in-Interview
28 March 2025 (Friday)
Venue: H.No. D-002, Next to AB News, Sector 8, Saddu, Raipur
Contact for more details: 6268647286
Only dedicated candidates apply

### हेल्पर/ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** साड़ी दुकान में कार्य करने हेतु हेल्पर लड़के लड़कियों एवं कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता आकर्षक वेतन बहुरानी **साड़ी गेट नंबर 1 शॉप नंबर D - 22 टेक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 98261-91212, 9131779862.** (RO-584)

### सहायक/गार्ड

**शीघ्र आवश्यकता है -** कार्यालय सहायक (कलर्क) -12वी/स्नातक /कंप्यूटर (हिन्दी/इंग्लिश टाइपिंग) अनुभव,* ड्राइवर- 10वी /ड्राइविंग लायसेंस*,गेट कीपर (गार्ड) -8वी/10वी ,इच्छुक शीघ्र **संपर्क करे :-उदय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट ,जामुल -भिलाई Mob- 7470984997.** (आरो नं.-705)

### अन्य

**आवश्यकता है-** नौकरी ही नौकरी तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या- 975 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली सिपाही ड्राइवर वेतन (27500+52400) तक आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट पैनकार्ड व्हाट्सएप करे **7460994309.** (RO-745)

**आवश्यकता है-** Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें - **9264268269.** (RO-741)


छोटा विज्ञापन


## For Rent किराया

**किराये से -** श्रीमती माया देवी साहू पति स्वर्गीय त्रिवेणी प्रसाद साहू मकान नंबर 168 त्रिलोक निवास अंबेडकर चौक त्रिलोक निवास गुढ़ियारी रायपुर मकान पटवारी हल्का नंबर 107 खसरा नंबर 449/3 रकबा 8116.50 वर्गफीट जिसके भूतल पर 3400 वर्गफीट एवं प्रथम तल पर 800 वर्गफीट पर पक्का निर्माण है पानी बिजली की सुविधा पूर्ण है अतः मकान को किराए मे स्कूल कूरियर एवं बैंक के लिए किराए मे देना है किराए में लेने के इच्छुक **संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9300133053, 9827937801, 9303880475.** (RO-3403)


विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152


## Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ में लोन सिर्फ आधारकार्ड पर- (50,000/- से 25 लाख तक) (1% ब्याज सालाना) प्रॉपर्टी, पर्सनल ,बिजनेस ,दुकानदारी ग्रुपलोन) सिविल खराब लोन पाये ! **संपर्क- 9289384524.** (RO-744)

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेकर व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## CLASSIFIED RATE CARD

01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

SCHEME

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

ADVT. Booking Time 10.30 am to 3.00 pm.

5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com


Healthcare

गुप्त रोगो का सफल ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी
लिंग में छोटापन
शीघ्र पतन
पेशाब से धातु जाना।
लिंग में ढीलापन,
शुक्राणु की कमी।
शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें 9826038170

चिकित्सा में अचूक प्रामाणिक प्रयोग
सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सेक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ायें।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोवर क्रिम
लाभ नहीं तो पैसे वापिस।
09083218330

## जैकेट के शेष

### पूर्व सीएम भूपेश, आधा ....

सिविल लाइंस स्थित सरकारी आवास में सीबीआई के पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में कांग्रेसी पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र छाबड़ा, पूर्व विधायक विकाश उपाध्याय, नगर निगम के पूर्व सभापति प्रमोद दुबे, विनोद तिवारी सहित अन्य कांग्रेस नेताओं के नेतृत्व में मौके पर पहुंच गए। कांग्रेसी भूपेश बघेल के आवास के सामने नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। सीबीआई की टीम शाम सवा छह बजे के करीब लौटी उसके बाद कांग्रेसियों ने धरना समाप्त किया।

**डीआईजी स्तर के अफसर के नेतृत्व में छापा :** राज्य स्तर में सीबीआई का यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। इसके पूर्व सीबीआई ने जितनी कार्रवाई की है, उनमें एसपी या डीएसपी स्तर के अधिकारी शामिल रहे हैं। महादेव सट्टा एप का केंद्र बिंदू छत्तीसगढ़ रहा है। इस वजह से छापे की कार्रवाई को लीड करने डीआईजी के पद पर पदस्थ अभिनव खरे के नेतृत्व में सीबीआई की टीम छापे की कार्रवाई करने पहुंची है। अभिनव 2009 बैच के कर्नाटका कैडर के आईपीएस हैं।

सीबीआई की टीम रवाना : छापे की कार्रवाई के बाद सीबीआई की टीम पदुमनगर भिलाई-3 स्थित पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बंगले से रात्रि 9:10 पर रायपुर के लिए रवाना हुई। इससे पहले रात्रि 8:35 पर भिलाई विधायक देवेंद्र यादव के सेक्टर 5 से बंगले से भी सीबीआई की टीम लौट गई। भिलाई में सीबीआई की कार्रवाई जिन-जिन स्थानों पर चल रही थी, सभी जगह से कार्रवाई खत्म कर टीम राजधानी रायपुर के लिए रवाना हो गई।

### वीआईपी प्रोफाइल के ....

पाण्डेय के निवास पर भी जांच की। इनके ठिकानों पर भी पड़ताल जारी रही। अफसर महादेव सट्टा एप में लेनदेन के सबूत ढ़ंढते रहे।

### सीबीआई मेरे ...

भूपेश बघेल का एक्स पर पोस्ट किया और महादेव ऐप को लेकर जांच पर सवाल उठाए। श्री बघेल ने अपनी सरकार के दौरान की गई कार्रवाई का उल्लेख किया। उन्होंने कहा है कि हमने 74 एफआईआर दर्ज किए, 200 गिरफ्तारी हुई, 2 हजार खाते सीज किए। हमारी सरकार में ही गूगल को पत्र लिखकर प्ले स्टोर से ऐप हटाया गया। हमने ही करवाई की तो हम पर संरक्षण कैसे आरोप लगा सकते हैं। श्री बघेल ने सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी की खबर पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि रायपुर स्थित निवास में सीबीआई के प्रवेश अनाधिकृत है। उन्होंने भाजपा पर सीबीआई के माध्यम से षड्यंत्र रचने की आशंका जताई।

### पहले पुलिस, फिर ....

शिकंजा कसा है। छत्तीसगढ़ में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में आईपीएस और पुलिस अफसरों के यहां एक साथ छापे पड़े हैं। उल्लेखनीय है कि महादेव बुक सट्टे के अवैध संचालन से संबंधित है, जो रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर द्वारा प्रवर्तित एक ऑनलाइन सट्टेबाजी मंच है। वर्तमान में इसका मुख्यालय दुबई में स्थित है। प्रमोटरों ने अपने अवैध सट्टेबाजी नेटवर्क के सुचारू और निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कथित तौर पर लोक सेवकों को पर्याप्त धन उपलब्ध कराया।

**जिनके यहां छापा, उन पर करोड़ों के लेनदेन का आरोप :** सीबीआई डायरेक्टर को लिख पत्र में नरेशचंद्र गुप्ता ने आरोप लगाया था कि आईजी आनंद छाबड़ा को हर महीने 20 लाख, आरिफ शेख को 10 लाख, अभिषेक पल्लव को 10 लाख, प्रशांत अग्रवाल को 10 लाख, संजय ध्रुव एडीशनल एसपी को 20 लाख और अभिषेक माहेश्वरी को 35 लाख रुपए महीने दिए जाते थे। अभिषेक माहेश्वरी को कुरियर भी बताया जाता रहा है। कुछ अफसरों को पैसे पहुंचाए जाने का भी आरोप अभिषेक माहेश्वरी पर लगाया गया था। सीबीआई ने बुधवार को इन सभी के खिलाफ छापेमारी की है ।

### सरकार बदलने के बाद ....

नाम शामिल नहीं थे। उसके बाद इस मामले में सीबीआई की इंट्री हुई।

### नीली डायरी में ....

लिए किन-किन आईपीएस अधिकारियों को क्या-क्या जिम्मेदारी दी गई थी ,उससे भी जुड़े इनपुट इस डायरी में मिले हैं। बड़े कारोबारी, बिल्डर और कुछ ज्वेलर्स के नाम भी हैं। उत्तर प्रदेश, असम और हिमाचल प्रदेश में चुनाव के दौरान छत्तीसगढ़ से चुनाव की फंडिंग की गई थी।

### जून में होंगे ...

की बीसीआई ने पहले जून में इस चुनाव प्रक्रिया पूरी कराने के लिए कहा है। हाईकोर्ट ने इसे शपथ पत्र में जमा करने कहा है। बुधवार को हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने बीसीआई को निर्देश दिया था कि वे प्रस्तावित चुनाव कार्यक्रम के लिए स्पष्ट गाइडलाइन तैयार कर कोर्ट में पेश करें।

### नियमों के अनुसार ....

अधिसूचनाओं के अनुसार तैयार किया जाए, ताकि चुनाव में किसी प्रकार की देरी न हो।

### जस्टिस वर्मा के ....

की और न्यायाधीश वर्मा के घर से निकलकर तुगलक रोड पुलिस थाना गई। इससे पहले पुलिस सूत्रों ने बताया था कि टीम उस स्थान का निरीक्षण करने जा रही है जहां आग लगी थी।

### बेंगलुरु की टेक ....

शानदार लोकेशन और कनेक्टिविटी के लाभ के साथ ही छत्तीसगढ़ में भरपूर बिजली-पानी, मानव संसाधन जैसी बुनियादी सुविधाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा डिजिटल टेक्नोलॉजी से छत्तीसगढ़ सुशासन का मॉडल स्टेट बन रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने अब निवेश के लिए कागजी झंझट खत्म कर दिया गया है। बस एक क्लिक में एनओसी मिलेगी और फैसला भी डिजिटल तरीके से होगा।

**नई उद्योग नीति में बी-स्पोक :** उन्होंने बताया नई उद्योग नीति में निवेश एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि के लिए 1 हजार करोड़ रुपए अथवा एक हजार लोगों को रोजगार देने वाले उद्योगों को बी-स्पोक नीति का अवसर प्रदान किया गया है।

**उद्योगमंत्री और अधिकारी रहे शामिल :** इस मीट में उद्योग विभाग के मंत्री लखन लाल देवांगन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, सचिव राहुल भगत, उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार, नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ की इन्वेस्टमेंट कमिश्नर ऋतु सैन, सचिव एस भारतीदासन, उद्योग और वाणिज्य विभाग के सचिव सौरभ कुमार, संचालक प्रभात मलिक और सीएसआईडीसी के प्रबंध संचालक विश्वेश कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

**बस्तर में निवेशकों के लिए अपार संभावनाएं :** मुख्यमंत्री ने बताया कि बस्तर और सरगुजा को हमने सर्वाधिक औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन क्षेत्र के रूप में रखा है। सम्मेलन में बीईएमएल, क्लेन पैक्स, कीन्स टेक्नोलॉजी, नैसकॉम, गोकुलदास एक्सपोर्ट्स, ब्रिटानिया, टाई बैंगलोर और कर्नाटक चैंबर ऑफ कॉमर्स जैसी प्रमुख कंपनियों व औद्योगिक समूहों ने भाग लिया।

**छत्तीसगढ़ को मिले ये निवेश प्रस्ताव :** जीपीएसआर आर्या प्राइवेट लिमिटेड (सीबीजी ग्रीन फ्यूल सेक्टर) – 1350 करोड़ का निवेश कर यह कंपनी बायोगैस और हरित ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देगी, जिससे राज्य में स्वच्छ ऊर्जा क्रांति आएगी। क्लेन पैक्स (टेक्सटाइल सेक्टर) –500 करोड़ के निवेश से यह कंपनी कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देगी और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाएगी। ब्रिटानिया (फूड प्रोसेसिंग सेक्टर) – 200 करोड़ का निवेश कर यह कंपनी खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को मजबूत करेगी, जिससे स्थानीय किसानों और छोटे उद्यमियों को लाभ होगा। कीन्स टेक्नोलॉजी (आईटी,आईटीईएस सेक्टर) –1000 करोड़ के निवेश से छत्तीसगढ़ के आईटी सेक्टर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार मिलेगा। गोकुलदास एक्सपोर्ट्स और एसआरवी निट टेक प्राइवेट लिमिटेड – दोनों कंपनियां 200 करोड़ का निवेश कर टेक्सटाइल सेक्टर को मजबूती देंगी, जिससे राज्य के कपड़ा उद्योग को नई पहचान मिलेगी। भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ में 200 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। यह निवेश राज्य में इंजीनियरिंग और निर्माण क्षेत्र को मजबूती देगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। पुनीत क्रिएशन, श्याम टेक्सटाइल एवं वूल रिसर्च एसोसिशन ने भी छत्तीसगढ़ में रूचि दिखाते हुए निवेश प्रस्ताव सौंपे हैं।

### नवा रायपुर में ....

रायपुर को हम मध्य भारत के सबसे बड़े आईटी हब के रूप में विकसित कर रहे हैं। यहाँ 1.6 बिलियन डालर का निवेश किया गया है जिससे यहां की अधोसंरचना देश के सबसे शानदार शहरों जैसी है। नवा रायपुर ग्रीनफील्ड शहर भी हैं जिससे आईटी इंडस्ट्री के विकास के लिए यहां भरपूर संभावनाएं हैं।

### अब यूपीआई से ...

श्रम और रोजगार मंत्रालय ने नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की सिफारिश को मंजूरी दे दी है।

# पाकिस्तान भूटान समेत 41 देशों के नागरिकों को ट्रंप के देश में नो एंट्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद लगातार फैसले लिए जा रहे हैं, अभी हाल में एक और मामला सामने आया है जिसमें ट्रंप प्रशासन कई देशों के नागरिकों की अमेरिका में एंट्री पर बैन लगाने वाला है। इस मामले पर अभी विचार किया जा रहा है और एक मेमो सामने आया है, जिसमें पूरे 41 देशों को शामिल किया गया है। खबरों के मुताबिक, रिपोर्ट में बताया गया है कि मेमो में 41 देशों की लिस्ट है और इसे तीन अलग-अलग ग्रुप में डिवाइड किया गया है। 10 देशों के पहले ग्रुप में अफगानिस्तान, ईरान, सीरिया, क्यूबा और उत्तर कोरिया जैसे देश शामिल हैं, इन देशों का वीजा पूरी तरह से निलंबित कर दिया जाएगा।

### पर्यटक के साथ अन्य वीजा पर भी पड़ेगा असर

ग्रुप में इरीट्रिया, हैती, लाओस, म्यांमार और दक्षिण सूडान के साथ-साथ 5 देशों को आंशिक रूप से निलंबन किया जा सकता है, जिसका असर पर्यटक और छात्र वीजा के साथ-साथ दूसरे अप्रवासी वीजा पर भी पड़ेगा।

### ऑरेंज अलर्ट में कौन से देश हैं

नागरिकों को एंट्री से पहले व्यक्तिगत साक्षात्कार जैसी चीजों से गुजरना पड़ेगा। पाकिस्तान और रूस के अलावा म्यांमार, बेलारूस, हैती, लाओस, एरिट्री, सिएरा लियोन, दक्षिण सूडान और तुर्कमेनिस्तान भी इस ऑरेंज लिस्ट में शामिल हैं। वहीं 10 देशों को लाल लिस्ट यानी रेड लिस्ट में रखा गया है। इसमें शामिल नागरिकों की अमेरिका में, पूरी तरह से रोक लग जाएगी। इन देशों में अफगानिस्तान और भूटान भी शामिल हैं, जो भारत के पड़ोसी देश हैं।

### रेड लिस्ट में हैं ये देश

लाल लिस्ट में शामिल अन्य देशों में क्यूबा, ईरान, लीबिया, उत्तर कोरिया, सोमालिया, सूडान, सीरिया, वेनेजुएला और यमन भी आते हैं। वहीं 22 देशों को येलो देशों की लिस्ट में रखा गया है। इसमें शामिल देशों को बताया जाएगा कि वे अपनी कमियों को दूर कर लें, इस तरह आप पांबंदियों से बच सकते हैं।

### येलो लिस्ट वाले देशों को दूर करनी होगी खामियां

अगर 60 दिन की टाइम लिमिट के बीच भी वे अपनी खामियों को दूर नहीं कर पाए, तो फिर पाबंदियां झेलनी पड़ सकती हैं। येलो लिस्ट में शामिल देशों से समय-समय पर पूछा जाएगा कि कौन से यात्री यहां आ रहे हैं? पासपोर्ट जारी करने में कोई गड़बड़ी तो नहीं? अगर इन खामियों को वे दूर कर लेंगे, तो उनके नागरिकों को अमेरिका में एंट्री की अनुमति वरना नहीं।

# हरे-भरे 454 पेड़ों को काटने वाले पर लगा 4 करोड़ 54 लाख का जुर्माना



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**खास बातें**

- हर पेड़ के बदले देना होगा 1 लाख का जुर्माना
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ये मानव की हत्या से भी बुरा कृत्य
- मथुरा-वृंदावन स्थित डालमिया फार्म में काटे गए थे 454 पेड़
- केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति ने की थी जुर्माने की सिफारिश

पेड़ों की अवैध कटाई एक शख्स को भारी पड़ गई। सुप्रीम कोर्ट ने उस पर काटे गए हर पेड़ के बदले 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। व्यक्ति ने अपनी गलती मान ली है। उसने शीर्ष अदालत से जुर्माना कम करने की मांग की। मगर अदालत ने इसे ठुकरा दिया। इस शख्स ने कुल 454 पेड़ काटे थे। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बड़ी संख्या में पेड़ों को काटना इंसान की हत्या से भी बदतर कृत्य है।

**दोबारा पेड़ तैयार करने में लगेंगे 100 साल :** न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने ताज संरक्षित क्षेत्र में 454 पेड़ों को काटने वाले शख्स की याचिका को खारिज कर दिया और मामले में सख्त टिप्पणी की। पीठ ने कहा कि पर्यावरण के मामले में कोई दया नहीं होनी चाहिए। बड़ी संख्या में पेड़ों को काटना किसी इंसान की हत्या से भी बदतर है। शीर्ष अदालत ने कहा कि बिना अनुमति के काटे गए 454 पेड़ों से बने हरित क्षेत्र को दोबारा बनाने में कम से कम 100 साल लगेंगे।

### सीईसी ने की थी भारी जुर्माने की सिफारिश

शीर्ष अदालत ने केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति की रिपोर्ट को भी स्वीकार कर लिया है। रिपोर्ट में मथुरा-वृंदावन स्थित डालमिया फार्म में 454 पेड़ काटने वाले शिव शंकर अग्रवाल पर प्रति पेड़ एक लाख रुपये का जुर्माना लगाने की सिफारिश की गई थी।

आसमान से बरसेगी आग!

# इस साल ज्यादा दिनों तक चलेगी हीटवेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

**खास बातें**

- गर्मी को लेकर आईएमडी का नया अपडेट
- इस साल देश में 20 से 22 दिन ज्यादा चलेगी हीटवेव
- इस साल सामान्य से अधिक गर्मी पड़ने की संभावना

उत्तर भारत में मौसम का मिजाज बदल चुका है। देश के ज्यादातर राज्यों में पारा धीरे-धीरे चढ़ने लगा है। कई राज्यों में तो तापमान 30 डिग्री पहुंच चुका है। पूरे दिन धूप निकलने के कारण तापमान काफी तेजी से बढ़ा है। दिल्ली में मंगलवार इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। इसी बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने उत्तर-पश्चिम भारत में गर्मी के दिनों की संख्या लगभग दोगुनी होने का अनुमान लगाया है, इसलिए सामान्य से अधिक गर्मी के लिए तैयार रहें।

**लू में इस वर्ष 20 प्रतिशत तक इजाफा :** काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) का दावा है कि इस बार की गर्मियों के दौरान दिल्ली एनसीआर सहित देशभर में लू वाले दिनों की संख्या 15 से 20 प्रतिशत तक का इजाफा हो सकता है।

### पश्चिम और मध्य भारत में अधिक पड़ेगी गर्मी

आईएमडी की वैज्ञानिक सोमा सेन रॉय ने कहा, "आम तौर पर गर्मियों के मौसम में 5-6 दिनों तक हीटवेव का दौर रहता है, लेकिन इस साल गर्मी के मौसम में पश्चिम और मध्य भारत में सामान्य से थोड़ी अधिक गर्मी पड़ने की आशंका है। इस साल हमें 10 से 12 दिन की उम्मीद है, जो सामान्य से दोगुना है।" उन्होंने आगे कहा कि यह एक मौसमी पूर्वानुमान है और इसका मतलब यह नहीं है कि मौसम के सभी दिन सामान्य से अधिक होंगे।

## पेज एक के शेष

### सामान्य छात्रों से ज्यादा...

होने के कारण करोड़ों रूपए का चूना शासन को सालों से लगाया जा रहा है। फिलहाल ऐसे सर्वाधिक मामले भिलाई-दुर्ग में सामने आए हैं। इन जिलों सहित प्रदेश के कई स्कूलों में इस तरह की गफलत की जा रही है। इसे शिक्षा विभाग के बाबू, अधिकारी से लेकर शैक्षणिक संस्थानों के कर्ता-धर्ता की मिलीभगत से अंजाम दिया जा रहा है।

**इस तरह घोटाले को दे रहे अंजाम:** सरकार ने प्रत्येक स्कूलों का यू-डाइस कोड बनाया हुआ है। स्कूलों को इस कोड का प्रयोग करते हुए निर्धारित पोर्टल में प्रवेश संख्या सहित अन्य जानकारी अपलोड करनी होती है। इसमें दी गई जानकारी के अनुसार ही आरटीई सीटों का निर्धारण होता है। निजी विद्यालयों द्वारा पोर्टल में दर्ज संख्या और वास्तविकता में प्रवेश प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या में अंतर चौंकाने वाले हैं। पोर्टल में अधिक दर्ज संख्या दिखाने के कारण यहां आरटीई सीटें भी अधिक हो जाती हैं, जिस पर प्रवेश के लिए आवेदन शासन द्वारा मंगाए जाते हैं।

**प्रति छात्र 7 हजार रुपए :** लोक शिक्षण संचालनालय आरटीई के अंतर्गत प्राथमिक कक्षाओं में अध्ययनरत एक बच्चे के लिए 7000 रुपए प्रति छात्र सालाना देता है। उच्चतर कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए सालाना प्रति छात्र 11,400 रुपए दिए जाते हैं। शैक्षणिक सत्र 2023-2024 की आरटीई राशि का भुगतान दिसंबर 2024 में किया गया। सत्र 2024-25 की आरटीई राशि का भुगतान निजी विद्यालयों को फिलहाल नहीं किया गया है। सत्र 2024-25 में 54,668 आरटीई सीटों के लिए आवेदन मंगाए गए थे। इनमें से 46,217 सीटें ही भर सकी थीं। सत्र 2025-26 के लिए 51,713 सीटों पर आवेदन मंगाए गए हैं।

### हाईकोर्ट की टिप्पणी...

द्वारा पारित एक आदेश को चुनौती देते हुए यह याचिका दायर की थी। न्यायालय की कार्यवाही प्रारंभ होने पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने हाईकोर्ट के फैसले का हवाला दिया और कहा, यह एक ऐसा फैसला है जिस पर मैं बहुत गंभीर आपत्ति जताता हूं। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी भी इस मामले में पेश हुए। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, यह बहुत गंभीर मामला है। इसमें न्यायाधीश की ओर से पूरी तरह असंवेदनशीलता झलकती है।

### लोगों की लूटने...

हवाई। इन सड़कों की बर्बादी करने सरकार है आई। मेट्रो है इनके मन में खोद कर कर लें अंगड़ाई। ट्रैफिक बढ़ाने ये है आई, ब्रिजेस गिराने ये है आई। कहते हैं इसको तानाशाही।' उन्होंने आगे कहा, '...देश में इतनी महंगाई सरकार के साथ है आई। लोगों की लूटने कमाई, साड़ी वाली दीदी आई। सैलरी चुराने ये है आई। मिडिल क्लास दबाने ये है आई। पॉपकॉर्न खिलाने ये है आई। कहते हैं इसको निर्मला ताई।'

### फीफा का ऐलान...

चलने वाले टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों के लिए 525 मिलियन डॉलर की गारंटी फीस आवंटित की है। इसमें शीर्ष रैंक वाली यूरोपीय टीम (संभवतः रियल मैड्रिड) के लिए 38.19 मिलियन डॉलर से लेकर ओशिनिया के प्रतिनिधि ऑकलैंड सिटी के लिए 3.58 मिलियन डॉलर शामिल हैं।

**रैंकिंग से तय होगा भुगतान:** फीफा ने विस्तृत जानकारी दिए बिना कहा कि भुगतान 'खेल और वाणिज्यिक मानदंडों के आधार पर रैंकिंग' द्वारा तय किया जाएगा। दक्षिण अमेरिका की छह टीमों में से प्रत्येक को 15.21 मिलियन डॉलर का प्रवेश शुल्क मिलेगा। अफ्रीका, एशिया और उत्तरी अमेरिका के 'कोनकाकैफ' क्षेत्र की टीमों (इसमें लियोनेल मेसी की इंटर मियामी भी शामिल है) को इसमें खेलने के लिए प्रत्येक को 9.55 मिलियन डॉलर मिलेंगे।


## राशिफल


**मेष** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।


**वृष** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।


**मिथुन** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।


**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।


**सिंह** पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।


**कन्या** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।



**तुला** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।


**वृश्चिक** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।


**मकर** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।


**कुंभ** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।


**मीन** रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.CAOCRSPBBS-03-2025, दिनांक :20.03.2025

कार्य का नामः (1) बारंग-मन्चेश्वर स्टेशन के बीच समपार सं.182 के बदले में रेलवे कि.मी.422/6-8 स्थित स्पैन (2x36.0 m कम्पोजिट गर्डर+1x18.0 m कम्पोजिट गर्डर) एवं (2) खोरधा रोड मण्डल के भद्रक-पलासा मेन लाइन में बालुगांव-चिलिका स्टेशन के बीच समपार सं.263 के बदले में रेलवे कि.मी.532/35-533/1 स्थित स्पैन (1x36.0 m कम्पोजिट गर्डर + 1x18.0 m कम्पोजिट गर्डर) वाला रोड ओवर ब्रिज (ROB) का निर्माण (केवल रेलवे अंश)।

कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में): 5442.57 लाख, EMD (रुपये में): 28,71,300/-, पूरा होने की अवधि: 18(अठारह) महीने।

निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः दिनांक 22.04.2025 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही वह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए, और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित अनुलग्नक-B जमा करना, निविदा दस्तावेज के चैप्टर-2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जाँच सूची, पैरा 3.1 सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), सड़क सुरक्षा परियोजना/भुवनेश्वर
PR-190/CH/24-25

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

क्रम सं (1): ई निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-05-25-26, दिनांक 18.03.2025

कार्यः वरिष्ठ मंडल अभियंता/मध्य/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत उसलापुर / आरयूबी / सबवे / लेवल क्रॉसिंग पर डिश ड्यूटी हाइट गेज का प्रावधान।

निविदा मूल्य : 1,06,53,643.63/- अमानत राशि : (रु) 2,03,300.00/- कार्य पूर्ण करने की अवधिः 10 माह निविदा जमा की आरंभ तिथि: दिनांक 31-03-2025 के 11.00 बजे से निविदा जमा की अंतिम तिथि: दिनांक 14-04-2025 के 11.00 बजे तक

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/AM/577 द.पू.म.रेलवे बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**कार्यालय नगर पंचायत गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)**

क्र./ /लो.नि.वि./न.पं./2024-25 गुरूर, दिनांक 26/03/2025

**मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | कोरा निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | कार्य की कुल संख्या 15 नग | 44.12 | 11/04/2025 |

टीपः- उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत, गुरूर

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्र. 58/न.पा.नि./जोन क्र. 3/2024-25 दिनांक 26/03/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दिनांक 16.04.2025 को सायं काल 5:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा क्रमांक/ सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | निविदा डाउनलोड /सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 166313 | जोन क्र. 03 के अंतर्गत सफाई कार्य हेतु वार्ड क्र.15 से 22 में ठेके माध्यम से 75 ठेका श्रमिक प्रदाय कार्य। | 96.19 | 16/04/2025 |
| 166315 | जोन क्रमांक 03 अंतर्गत स्थित समस्त नलकूप एवं उच्चस्तरीय जलागार से जल प्रदाय कार्य के संचालन हेतु 39 ठेका श्रमिक प्रदाय कार्य। | 50.02 | 16/04/2025 |

उपरोक्त प्रदाय कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, जोन क्र. 3
न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, दल्लीराजहरा जिला बालोद (छ.ग.)**

**-:: उद्घोषणा ::-**

क्रमांक/126/ प्र./ अति. तह. /2025 दल्लीराजहरा, दिनांक 19/03/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कार्यालय सहायक अभियंता छ.ग.स्टेट.पा.डि.क. लिमि उप संभाग दल्लीराजहरा का पत्र क्र. /सहा.अभि. /1385 दल्लीराजहरा दिनांक 12/03/2025 के अनुसार दल्लीराजहरा उपसंभाग के अंतर्गत दल्लीराजहरा एवं चिखलाकसा के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति हेतु चिखलाकसा में एकमात्र 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन संचालित है। लाईन की लंबाई अधिक होने के कारण वोल्टेज की समस्या होता है। नया 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन निर्माण हेतु झरनदल्ली प.ह.न. 10 तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 50/2 कुल रकबा 8.7690 हे. में से 0.50 हेक्टेयर भूमि को छ.ग. राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित दल्लीराजहरा के नाम पर आबंटित किये जाने हेतु पत्र इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वह अपना लिखित आपत्ति दिनांक 07.04.2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 19.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया। मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दल्लीराजहरा

**Dhamtari Municipal Corporation**
ef:9968/DMC/PWD.......2025 Dhamtari, Dated 26/03/2025


***EXPRESSION OF INTEREST***

Notice Inviting Tender (NIT)

Dhamtari Municipal Corporation invites sealed tenders from eligible vendors for the construction and maintenance of a 8000 sq. feet Box Cricket Stadium and including other purpose such as kiosk etc एकलव्य खेल परिसर/Govt Land under the annual license fees model for 10 Years. The Project includes a 10x10 Kiosk, a prefabricated toilet, and advertising rights on 6 unipole of double phase size 20x20 unipole. The tender fee is Rs. 5000, and an EMD of Rs. 1,00,000 is required. Detailed EOI documents can be obtained from the PWD works room first Floor Dhamtari Municipal Corporation The last date for Submission id 16-04-2025.

Commissioner
Dhamtari Municipal Corporation

## शब्द पहेली - 5817



**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरुरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

**शब्द पहेली- 5816 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | ■ | ब | ला | ■ | य | म | ■ | श | र |
| या | ■ | क | ल | ■ | जो | श | ■ | जा | य | ज |
| ■ | कै | द | ■ | श | र | ■ | का | न | न | ■ |
| न | दी | ■ | खे | मा | ■ | का | त | ना | ■ | जा |
| म | ■ | जा | ल | ■ | का | य | र | ■ | ता | ल |
| ■ | मा | न | ■ | र | म | ल | ■ | का | ला | ■ |
| का | या | ■ | बी | न | ना | ■ | रा | म | ■ | सी |
| र | ■ | क | ह | र | ■ | शो | र | ■ | बा | धा |
| ■ | की | च | ड़ | ■ | सा | ला | ■ | री | त | ■ |
| क | म | रा | ■ | ख | र | ■ | सी | ता | ■ | द |
| म | त | ■ | जी | त | ■ | मा | मा | ■ | दा | म |

## सूडोकू नवताल - 5827

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | | 4 | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

**सूडोकू नवताल - 5826 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| [illegible] | | | | | | | | |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |
| [illegible] | | | | | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**तीन महीने बाद खुला हत्या का राज**

# योग शिक्षक को 7 फीट गहरे गड्ढे में जिंदा गाड़ा

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

रोहतक के बाबा मस्तनाथ विवि में योग शिक्षक जगदीप (45) तीन महीने से लापता थे। मंगलवार को उनका शव चरखी दादरी के पैंतावास कलां गांव में 7 फुट गहरे गड्ढे से बरामद हुआ। पुलिस जांच में सामने आया कि हत्या के पीछे मुख्य आरोपी राजकरण (40) था, जिसे शक था कि उसकी पत्नी के जगदीप से अवैध संबंध थे। जब राजकरण को जगदीप के फोन में अपनी पत्नी की तस्वीर मिली, तो उसने उसे मारने की साजिश रच डाली। जगदीप तीन साल से जनता कॉलोनी में किराए पर रह रहे थे। 24 दिसंबर, 2024 को वे अचानक लापता हो गए।

# कांग्रेस ने शाह के खिलाफ दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कांग्रेस ने बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह पर सोनिया गांधी का अपमान करने का आरोप लगाते हुए विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश की ओर से सौंपे गए नोटिस में कहा गया है कि यद्यपि अमित शाह ने उच्च सदन में अपने उत्तर के दौरान सोनिया गांधी की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के पूर्व नियोजित उद्देश्य से उनके विरुद्ध निराधार आरोप लगाए हैं। जयराम ने पत्र राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को दिया है।

**अमित शाह ने क्या कहा था ? :** राज्यसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम ने पत्र में लिखा, 25 मार्च को शाह ने आपदा प्रबंधन विधेयक 2024 पर बहस का जवाब देते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष कांग्रेस के शासन में बना और पीएम केयर्स नरेंद्र मोदी एनडीए के शासन में बना। कांग्रेस के शासन में एक ही परिवार का नियंत्रण होता था, इसके अंदर कांग्रेस के अध्यक्ष सदस्य होते थे।

## बयान पर कांग्रेस का क्या कहना है

जयराम ने पत्र में लिखा कि शाह ने सोनिया का नाम नहीं लिया, लेकिन उन्होंने साफतौर पर उनका उल्लेख किया था और प्रधानमंत्री राहत कोष के कामकाज के संबंध में उनकी मंशा पर संदेह जताया था। उन्होंने लिखा, यह सर्वविदित है कि सदन के किसी भी सदस्य पर टिप्पणी करना या अपमानजनक बातें कहना विशेषाधिकार का हनन और सदन की अवमानना है। गृह मंत्री का बयान सरासर झूठा और मानहानिकारक है, जो सोनिया गांधी के विशेषाधिकार का हनन है।

# 'अमेरिकी आयोग खुद चिंता का विषय', रॉ को बैन करने की सिफारिश पर भारत की दो टूक

**नई दिल्ली।** अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग ने भारत की जासूसी एजेंसी रॉ पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की है।आयोग ने एक रिपोर्ट पेश की है जिसमें कहा है कि भारत में अल्पसंख्यकों के साथ बुरा व्यवहार होता है। इसके साथ ही भारत को विशेष चिंता वाला देश घोषित करने की भी सिफारिश की है।

## कार्यालय प्रमुख अभियंता
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
## इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)

**भर्ती सूचना**

इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 175/स्था / प्र.अ./ दिनांक 15.01.2025 अनुसार सीधी भर्ती हेतु उप अभियंता (सिविल) एवं उप अभियंता (वि/या) का सक्षिप्त विज्ञापन जारी किया गया था, जिसमें विहित शैक्षणिक अर्हता उप अभियंता (सिविल) राज्य शासन द्वारा किसी मान्यता प्राप्त संस्था से सिविल इंजिनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा एवं उप अभियंता (वि/या) राज्य शासन द्वारा किसी मान्यता प्राप्त संस्था से मेकेनिकल / इलेक्ट्रिकल इंजिनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा दर्शित है। माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर में दायर याचिका क्रमांक WPS No. 1983 of 2025 एवं WPS No. 2012 of 2025 के आर्डर शीट दिनांक 25.03.2025 अनुसार "Considering the fact that since the last date for submission of the online form in the portal of the CGVYAPAM is upto 5 p.m. of 01.04.2025, the respondent No. 1/State is directed to issue necessary instruction to the respondent-CGVYAPAM who has to conduct the examination, to make necessary changes/amendments in the online portal for the intending candidates / participants of the examination in question for submission of their online forms and the petitioners are at liberty to submit their forms in the online portal, however, their participation shall be subject to the final out come of the present petitions. It is made clear that this order would operate in rem and not in personam and would be applicable to all the similarly situated candidates having Degree in Engineering, subject to the condition that they fulfill other requisite criteria as may be prescribed by the respondent Department in the advertisement in question." निर्णय दिया गया है। तद्नुसार शासन के पत्र क्रमांक एफ 3-6/2025/34-1, दिनांक 26.03.2025 द्वारा परीक्षा नियंत्रक, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नवा रायपुर, अटल नगर, छ.ग. को ऑनलाईन पोर्टल में संशोधन / परिवर्तन हेतु आदेशित किया गया है।

प्रमुख अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छत्तीसगढ़, अटल नगर

G-242506164/3

**ट्रैफिक रूल न मानने पर कसा तंज**

# 'हर इंडियन खुद को समझता है 'ओलंपिक प्लेयर' : गडकरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भारत में ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर सरकास्टिक कमेंट करते हुए कहा कि देश का हर नागरिक खुद को 'ओलंपिक खिलाड़ी' समझता है. उन्होंने कहा कि लोग बेखौफ होकर लाल बत्ती पार कर जाते हैं, ट्रैफिक सिग्नल तोड़ते हैं और सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी करते हैं. उनका यह बयान टाइम्स ड्राइव ऑटो समिट एंड अवार्ड्स 2025 के दौरान आया।

बता दें कि नितिन गडकरी ने कहा, ''लोगों में न तो कानून का डर है और न ही उसका सम्मान। लाल बत्ती देखते ही उसे पार कर जाते हैं। महिलाएं बच्चों को गोद में उठाकर सड़क पार कर रही हैं। इसलिए, मैंने ऊंचे डिवाइडर बनाने के निर्देश दिए ताकि कोई उन्हें पार न कर सके।

## कार्यालय कलेक्टर/अध्यक्ष
## जिला निर्माण समिति सुकमा जिला- सुकमा (छ.ग.)

**/ / मैनुअल पद्धति प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्रमांक/921/NIT No. 10/ जि.नि.स./2024-25 सुकमा, दिनांक- 24/03/2025

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु.लाख में) | ठेकेदार की श्रेणी | निविदा का प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | GOVT P.S. Mandimarka | 19.06 | 'द' श्रेणी से लेकर उच्च श्रेणी तक | 07/04/2025 |
| 2 | N.P.S. Gorgunda Banjarapara | 19.06 | | |
| 3 | N.P.S. Kumharpadar | 19.06 | | |

उपरोक्त कार्यों की निविदा से संबंधित आवश्यक शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस पर कार्यालय से प्राप्त की जा सकेगी :-

( कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित )

सह. नोडल अधिकारी.
(कार्य. अभि. छ.ग.ग्रा.वि. अभि.)
जिला- निर्माण समिति सुकमा

G-242506163/3

## कार्यालय जेल अधीक्षक, जिला जेल राजनांदगांव छ.ग.

न्यू सिविल लाईन बलदेव बाग राजनांदगांव, जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ पिन कोड 491441
फोन. 07744-224028, वेब- V.C.ID-https://meet.jit.si/djailrajnandaon, Gmail-distjailrjn@gmail.com

**परिशिष्ट**
**(नियम 4.4.2 )**
**निविदा सूचना का प्रारूप**
**प्रथम अर्धवार्षिक निविदा वर्ष 2025 - 26**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 383 / निर्वाह / 2025

राजनांदगांव, दिनांक 24.03.2025

जिला जेल राजनांदगांव में परिरूध्द बंदियों के लिए सब्जी की पूर्ति हेतु निविदाकारों से मोहरबंद निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदाकर निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी जेल विभाग के वेबसाईट www.jail.cg.gov.in से डाउनलोड करके निविदा में भाग ले सकेगा ( निविदा फीस निविदा प्रस्तुत करते समय आवेदन के साथ आयकर प्रमाण सहित रूपये 5000.00/- (पांच हजार मात्र) नगद भुगतान करना होगा) या अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय से आवेदन प्रस्तुत कर (आयकर प्रमाण सहित) रूपये 5000.00/- (पांच हजार मात्र) नगद भुगतान कर दिनांक 11.04.2025 तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं। समय प्रातः 10.00 से अपरान्ह 01.00 बजे तक।

निविदा फार्म बिक्री की अंतिम तिथि - दिनांक 11.04.2025 समय अपरान्ह 01.00 बजे तक
निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि - दिनांक 14.04.2025 प्रातः 10.00 बजे से पूर्वान्ह 11.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - दिनांक 14.04.2025 दोपहर 12.00 बजे ।
स्थान - जिला जेल राजनांदगांव छत्तीसगढ़

जेल अधीक्षक
जिला जेल राजनांदगांव (छ.ग.)

G-242506155/2

## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :- 45/2024-25**

दिनांक 25/03/2025
मद का नाम :- जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कटकमदाग | ग्राम मसरातु में एन0एच0-100 से रामु कच्छप के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 22914000.00 | 10000.00 | 459000.00 | एक वर्ष |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 03.04.2025
2. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 04.04.25 से 18.04.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान- जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 21.04.2025 पूर्वाह्न 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता - जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0-06546 261406 ई-मेल - districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 349289 (District)24-25*D

### छात्र ने लोहे की रॉड पर फंदा डाल किया सुसाइड



**कोटा।** राजस्थान के कोटा से फिर छात्र द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। जवाहर नगर इलाके में मंगलवार को 17 वर्षीय मेडिकल छात्र ने हॉस्टल के कमरे में लोहे की रॉड से कथित तौर पर फांसी लगा ली। जनवरी से आत्महत्या करने का ये नौवां मामला आया है।

### योगी के प्लेन में खराबी आगरा में लैंडिंग



**आगरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्लेन में वहां से उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही खराबी आ गई। इससे पायलट ने प्लेन को खैरिया एयरपोर्ट की तरफ मोड़ लिया और सुरक्षित इमरजेंसी लैंड कराई। इससे अफसरों में हड़कंप मच गया। योगी को विदा कर लौट चुके अफसर दोबारा भागते हुए पहुंचे। प्लेन को ठीक करने के लिए इंजीनियरों को भी बुलाया गया।

### मुंबई में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, 7 गिरफ्तार



**मुंबई।** पुलिस की क्राइम ब्रांच ने चेंबूर इलाके में देह व्यापार के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया। इस दौरान एक नाबालिग लड़की सहित 5 महिलाओं को बचाया गया और 2 दलालों को गिरफ्तार किया। 2 व्यक्ति अवैध गतिविधि के तहत महिलाओं को एक रेस्टोरेंट में लाने वाले हैं। इसकी पुष्टि के लिए पुलिस ने एक एनजीओ की मदद से नकली ग्राहक भेजा।

### जाफर एक्सप्रेस हमले में चार मददगार गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान से जाफर एक्सप्रेस पर हुए हमले मामले में बलूचिस्तान पुलिस के आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) ने चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। उन पर 11 मार्च को बोलन जिले में जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक करने और 400 से अधिक यात्रियों को बंधक बनाने में शामिल बलोच लड़ाकों की कथित तौर पर मदद करने का आरोप है।

## NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN

Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Aatal Nagar- 492 002, Chhattisgarh. Tel No: +91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400..
Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

**E-Procurement Tender Notice**

The Chief Executive Officer, **NRANVP** invites tender for following works:

**1. RFP No.: 104/PMC-NTPC/ EEC-IV /CE/NRANVP/2024-25.**
**Nava Raipur Atal Nagar Dist. Raipur Dated: 24.03.2025**
**Name of Work: ""Selection of a Project Management Consultancy Services for Construction of Office Campus Including Buildings and Services for Western Region -II NTPC Head Quarter Building & Other Works at Nava Raipur Atal Nagar, Dist Raipur (C.G.)".**

**2. NIT No: 105/UP-FA-PB/EE(E)/CE/NRANVP/2024-25,**
**Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated: 24.03.2025**
**Name of Work: "Upgradation of fire alarm system in Paryawas Bhawan at sector 19 of Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G.)"**

| Period of completion including rainy season | Estimated Cost (INR) | EMD (INR) |
|---|---|---|
| 06 Months | 1.19 Crs | 2.19 Lakhs |

**Last Time & Date of Online Submission: 15:00hrs on 16.04.2025**

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

**Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.**

Chief Engineer
NRANVP

S-43344/1

## छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर

**// सूचना //**

नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 31/12/2024 क्रमांक एफ 07-18 / 2022 / 32 : छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 23-क की उपधारा (1) एवं ( 2 ) के अन्तर्गत राजनांदगांव विकास योजना (पुनर्विलोकित) 2031 में अत्यावश्यक लोक प्रयोजनार्थ उपांतरण करने का अनंतिम निर्णय लिया है। अधिनियम की धारा 23-क (2) के अधीन राज्य शासन एतद् द्वारा प्रस्तावित उपांतरण के निम्नानुसार प्रारूप को क्षेत्र के सर्वसाधारण के निरीक्षण हेतु अवलोकनार्थ प्रकाशित करता है :-

**राजनांदगांव विकास योजना (पुनर्विलोकित) 2031 में उपांतरण प्रस्ताव**

| क्र. | ग्राम | खसरा क्रमांक | कुल रकबा | राजनांदगांव विकास योजना (पुनर्विलोकित) 2031 अनुसार भू उपयोग | अधिनियम की धारा 23-क के तहत उपांतरण प्रस्ताव |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नंदई | 907/1 | 0.8050 हेक्टेयर | सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक | मिश्रित भू उपयोग |
| | | 907/2 | 0.162 हेक्टेयर | सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक | |
| | | 907/3 | 0.235 हेक्टेयर | वर्तमान आवासीय | |
| | | 907/4 | 0.4860 हेक्टेयर | वर्तमान आवासीय तथा सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक | |
| 2 | राजनांदगांव | 126 | 0.336 हेक्टेयर | वर्तमान आवासीय | |
| | | कुल रकबा | 2.024 हेक्टेयर | | |

2/ उक्त प्रस्तावित उपांतरण छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की रिडेव्हलपमेंट योजना हेतु है ।,
3/ उपांतरण प्रस्ताव की प्रति आयुक्त, संभाग दुर्ग, कलेक्टर, जिला राजनांदगांव, उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय राजनांदगांव, आयुक्त, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के कार्यालयों में कार्यालय समय में (अवकाश के दिनों को छोड़कर) निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी ।,
4/ अतः प्रस्तावित उपांतरण से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों से इस सूचना के दो स्थानीय मुख्य दैनिक समाचार पत्रों में एक दिन के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर लिखित आपत्तियाँ तथा सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं। आपत्ति तथा सुझाव निम्नलिखित कार्यालयों में शासकीय कार्य दिवसों में प्रस्तुत किये जा सकते हैं :-
1. आयुक्त, दुर्ग संभाग, छत्तीसगढ़,
2. कलेक्टर कार्यालय, जिला राजनांदगांव ।
3. उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय, राजनांदगांव।
4. आयुक्त, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव ।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

(सी.तिर्की)
संयुक्त सचिव,, छत्तीसगढ़ शासन
आवास एवं पर्यावरण विभाग

G-242506137/1

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या - EE/RDSD/LATEHAR/25/2024-25**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | परिमान विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार पंचायत भुसूर में जिलास्तरीय पुस्तकालय का निर्माण। | 4,77,72,074 | 9,55,500 | 10000 | 12 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि - 07.04.2025
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय- दिनांक 07.04.2025 से दिनांक 21.04.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई-निविदा खोलने का स्थान - कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय -23.04.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० - 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.349259 Rural Development(24-25):D

## कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी
## सिविल अस्पताल कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)

फोन नं. 07705.223640
ई-मेल: bpmu.kurud2019@gmail.com

क्रमांक/खचिअ /निविदा/2025/314 कुरूद, दिनांक - 24.03.2025

**// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना / /**

कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.) द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निम्नांकित कार्य हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जानी है

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा अवधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | अंतः रोगी भर्ती मरीजो तथा जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत भर्ती प्रसूता को को मीनू अनुसार नास्ता व भोजन प्रदाय हेतु एवं विभिन्न विभागीय बैठक प्रशिक्षणो में भोजन, चाय, नास्ता प्रदायगी हेतु | कार्यादेश जारी तिथी से 01 वर्ष तक | स्थानीय स्व सहायता समूह को प्राथमिकता |

निविदा का नियम एवं शर्ते कार्यालयीन सूचना पटल पर कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है। निविदा पत्रक (प्रपत्र) एवं नियमावली अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय से कार्यालयीन समयावधि में रु.500/- अक्षरी पाँच सौ रू. मात्र नगद जमा कर दिनांक 01.04.2025 से 08.04.2025 तक समय शाम 05:00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में कार्यालय खंड चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल कुरूद से प्राप्त किया जा सकता है । निविदा प्रपत्र रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्राप्त किया जायेगा।

1. निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथी - दिनांक 08.04.2025 समय शाम 05:00 बजे तक
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथी - दिनांक 15.04.2025 समय दोपहर 01:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथी - दिनांक 15.04.2025 समय प्रातः 03:00 बजे से

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सिविल अस्पताल कुरूद जिला धमतरी (छ.ग.)

G-242506152/2

## POLICE HEADQUARTERS, CHHATTISGARH, ATAL NAGAR, NAVA RAIPUR

**(1st Call)**
**Notice Inviting Tender**

**No. PHQ/CID/FPB/ 239/2025** **Raipur, Dated: 24/03/2025**

Sealed tenders are being invited by the Director General of Police, Chhattisgarh on behalf of Governor of Chhattisgarh from manufacturer (OEM) or their authorized representative for the following item-

| Sl. No. | Name of Item | Qty | EMD in Rs. |
|---|---|---|---|
| 1 | Mini Fingerprint Developing Kit | 527 Nos. | 39,520/- |

**Note - Quantity will be variable.**

The tender offer in the prescribed tender form along with all the relevant documents sealed and completed in all the respect, must be submitted as per the schedule below -

**SCHEDULE FOR TENDER**

| | | |
|---|---|---|
| a) | Address for submission of Tender Document | AIG of Police (CID), Block no 02, Room No.203 PoliceHeadquarters, Chhattisgarh, Sector 19, Nava Raipur. |
| b) | Last Date and Time of Submission on | 25/04/2025 till 03.00 pm Bids |
| c) | Place, Time and Date of opening Technical Bid :- | Block no 02, Room No.203 Police Headquarters, Chhattisgarh, Sector 19, Nava Raipur. 25/04/2025 at 4:00 pm |
| d) | Place, Time and Date of opening Financial Bid :- | Shall be intimated later. |
| e) | Date till which the Bid to remain valid | 180 days from the scheduled date of submission of the Bid. The validity period will be extended with mutual consent. |

**Note:-** 1. In case of tender opening date being declared as holiday, tenders will be opened on next working day. 2. Tender documents can be downloaded from our website www.cgpolice.gov.in and at the time of submission of document tender fee of Rs. 3000/- will be paid in the form of DD of State Bank of India/Scheduled Bank (other than Cooperative Bank) payable at Raipur in favor of Director General of Police, Chhattisgarh, Police Headquarters, Atal Nagar Raipur Or State Govt. Challan of Rs. 3000/- to be deposited in the Head of A/c- 0055-Police- 800-other receipt. Tender fee is non refundable and can't be exempted in any condition. 3. Modification/Amendments/Corrigendum, if any shall not be advertised on the news paper but shall be published in the aforesaid web site only and the time of submission of bid will also be extended if required. 4. If any bidder sends tender documents through Courier/Speed post, the tender documents will be accepted till 03.00 pm on 25/04/2025 at Block no.2, Room No.203 Police Headquarters, Chhattisgarh, Sector 19, Nava Raipur only. If the tender documents are received in any other address at PHQ on stipulated date and time, will not be accepted.

A.I.G. of Police (CID)
For-Director General of Police

G-242506161/1

## कार्यालय कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन
## राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

**प्रारंभिक अधिसूचना**

97 कांकेर, दिनांक 20/03/2025

**क्रमांक/202207141400013/अ-82 / 2021-22,** चुंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि, नीचे अनुसूची के कालम (1) से (5) में दर्शित भूमि की, अनुसूची के कालम (7) में दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है, अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम, 2013 कहा जावेगा ) की धारा 11 की उप-धारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है, कि राज्य शासन, एतद् द्वारा अनुसूची के कालम (6) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :-

**अनुसूची**

| जिला | तहसील | ग्राम / प.ह.नं. | भूमि का प्रकार: खसरा नंबर | क्षेत्रफल (हे.) में | खसरा नंबर | क्षेत्रफल (हे.) में | खसरा नंबर | क्षेत्रफल (हे.) में | धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | | | 6 | 7 |
| उत्तर बस्तर कांकेर | पखांजूर | देवीपुर/10 | 187 | 0.01 | 331 | 0.03 | 347 | 0.03 | कार्यपालन लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग कांकेर | पी.व्ही. 112 देवीपुर - देवधा मार्ग के कि.मी. 1/4 देवधा नाला पर सेतुमय पहुंचमार्ग निर्माण कार्य |
| | | | 197 | 0.01 | 358 | 0.01 | 355/1 | 0.02 | | |
| | | | 195/1 | 0.01 | 411 | 0.02 | 355/2 | 0.01 | | |
| | | | 195/2 | 0.02 | 412 | 0.03 | 354 | 0.02 | | |
| | | | कुल खसरा नंबर 12 रकबा 0.22 हे. | | | | | | | |

यह भी सूचित किया जाता है, कि उपरोक्त भूमि में कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता, लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक सामाघात निर्धारण के निष्कर्षो के बारे में अपना दावा / आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम 2013 की धारा 15 की उप-धारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा ।

3. भूमि का नक्शा ( प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा) / भू-अर्जन अधिकारी, पखांजूर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) के कार्यालय में किया जा सकता है ।
4. प्रस्तावित भू-अर्जन में किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है ।
5. प्रस्तावित भू-अर्जन के लिए अधिनियम, 2013 की धारा 43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पखांजूर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) को पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक नियुक्त किया गया है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
( निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर )
कलेक्टर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर
एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

G- 242506139/1

दूरभाष : 07714914386
1cgnunccraipur@gmail.com

1 सीजी नेवल यूनिट एनसीसी
मकान न. 102, सुन्दर नगर,
रायपुर- 492013

क्रमांक-1 सीजी नेवल युनिट /स्था/102 /एनसीसी / ......04 फरवरी 2025

संचालनालय
राष्ट्रीय छात्र सेना, ( राज्य कोष्ठ) छत्तीसगढ एनसीसी, काम्पलेक्स, कोटा रायपुर

**विषयः - श्री धनीराम निर्मलकर भृत्य 1 सीजी नेवल युनिट एनसीसी रायपुर द्वारा लगातार कर्तव्यों से अनुपस्थित होने के कारण आरोपी के खिलाफ छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 एवं नियम-7 तथा छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1966 के नियम-10 (viii) के प्रावधानों तहत सेवा से के हटाया जाने हेतु दीर्घ शास्ति।**

1. श्री धनीराम निर्मलकर, भृत्य - 1 सीजी नेवल युनिट एनसीसी रायपुर द्वारा लगातार कर्तव्यों से अनुपस्थित होने के कारण आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ शासन के उपरोक्त सन्दर्भित पत्र एवं सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम - 3 एवं नियम - 7 तथा सिविल आचरण नियम 1966 के नियम 10 (viii) एवं विभागीय जांचकर्ता अधिकारी के अभिमत तथा निदेशालय रा. छा. से. म.प्र. एवं छ.ग. भोपाल द्वारा प्रकरण अनुपस्थित कर्मचारी को सेवा से हटाये जाने हेतु पत्र क्रमांक म.प्र. एवं छ.ग. निदे / 60351/ यो एवं सम/एनसीसी/रायपुर दिनांक 23 दिसम्बर 2024 के आधार पर निम्नानुसार निर्णय लिया जाता है :-

विभागीय जांचकर्ता अधिकारी के अभिमत के आधार पत्र श्री धनीराम निर्मलकर भृत्य 1 सीजी नेवल युनिट एनसीसी रायपुर दिनांक 28 सितम्बर 2017 से आज दिनांक 20 मई 2024 तक बिना पूर्व सूचना के लगातार अपने कर्तव्यों से अनुपस्थित होने के कारण आरोपी के खिलाफ छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 एवं नियम - 7 तथा छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1966 के नियम - 10 (ii) एवं छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक- एफ-3-1/2014/1-3 दिनांक 10 फरवरी 2015 के प्रावधानों के तहत सेवा से हटाया जाने हेतु शास्ति अधिरोपित की जाती है।

(पि अनिरुध)
ले. कमाण्डर
कार्यवाहक कमान अधिकारी

G-242506144/1

# जरूरतमंद की मदद करती आईं नजर...



**मुंबई।** वरुण धवन की भतीजी अभिनेत्री अंजिनी धवन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक जरूरतमंद की मदद करती हुई नजर आ रही हैं। दरअसल, अभिनेत्री एक व्यक्ति कुछ पैसे मांगता है, जिसके बाद अभिनेत्री कार में बैठते हुए उससे पूछती हैं, "गूगल पे है?" इसके बाद वह अपना नंबर बताता है और वह उसे पैसे ट्रांसफर करती हैं। अंजिनी के इस वीडियो ने सोशल मीडिया यूजर्स का दिल जीत लिया वह अभिनेत्री की प्रशंसा कर रहे हैं। हालांकि, कुछ यूजर्स ने उन्हें ट्रोल भी किया। अंजिनी धवन के इस काम की तारीफ करते हुए एक यूजर ने लिखा, बच्ची क्यूट है.. बाकी स्टार किड्स के मुकाबले तो। एक और यूजर ने लिखा, मैं ऐसी ही लड़की से शादी करना चाहूंगा।

## 1955 में आई 'देवदास' में चुन्नी बाबू का किरदार निभाकर पाई पॉपुलैरिटी

# बॉलीवुड के पहले नेचुरल एक्टर, रईसी के थे खूब चर्चे, लोग कहते थे ट्रेजेडी किंग



*नई दिल्ली। बीते जमाने के बेहतरीन एक्टर मोतीलाल ने करीब तीन दशक तक हिंदी फिल्मों में काम किया। इस दौरान उन्होंने करीब 60 फिल्में कीं। 1955 में आई फिल्म 'देवदास' में उन्होंने चुन्नी बाबू का किरदार निभाकर पॉपुलैरिटी पाई। बेहतरीन एक्टिंग के कारण उन्हें हिंदी फिल्मों का पहला नेचुरल एक्टर कहा गया। मोतीलाल नेवी में भर्ती होने के लिए बॉम्बे आए थे, किस्मत ने उन्हें सिनेमा एक्टर बना दिया। 1940 में आई फिल्म 'अछूत' में उन्होंने अछूत व्यक्ति के किरदार को पर्दे पर जीवंत कर दिया। महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल ने भी उनकी तारीफ की। वह अपनी स्टाइल और निजी जिंदगी की वजह से ही चर्चा में रहे। रईस खानदान से ताल्लुक रखने वाले मोतीलाल अपने अंतिम समय में पाई-पाई के लिए मोहताज हो गए थे। उस दौर में एक्ट्रेस शोभना समर्थ के साथ उनकी लव स्टोरी खूब चर्चा में रही।*

### नेवी छोड़ कर सिनेमा में हुए थे भर्ती

मोतीलाल का जन्म 4 दिसंबर 1910 को शिमला में एक एजुकेशनिस्ट के घर हुआ। हालांकि, वह एक साल के थे तभी उनके पिता की मौत हो गई। मोतीलाल को उनके चाचा ने पाल-पोसकर बड़ा किया, जो दिल्ली में मशहूर सर्जन थे। शुरुआती पढ़ाई शिमला में करने के बाद उन्होंने दिल्ली से स्कूल और कॉलेज की पढ़ाई की। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह बॉम्बे आ गए। यहां वो आए तो नेवी जॉइन करने के लिए थे, लेकिन ऐन वक्त पर इतना बीमार पड़ गए और टेस्ट में शामिल नहीं हो पाए। एक दिन वो बॉम्बे के सागर स्टूडियो में शूट देखने पहुंचे। फिल्म के डायरेक्टर केपी घोष थे, जो कि सागर प्रोडक्शन कंपनी के मालिक थे। केपी की नजर जब मोतीलाल पर पड़ी तो उनकी पर्सनालिटी से वे इम्प्रेस हो गए। उन्होंने तुरंत उन्हें फिल्म ऑफर कर दी। तब उनकी उम्र 24 साल थी। उन्होंने फिल्म 'शहर का जादू' से सिनेमा में डेब्यू किया।

### अछूत व्यक्ति का किरदार निभाकर किया चकित

एक्टिंग के बारे में तब वह कुछ नहीं जानते थे , लेकिन फिल्म रिलीज हुई तब उनकी एक्टिंग को खूब पसंद किया गया। फिर उन्हें कई फिल्मों के ऑफर मिले।1934 में उनकी अगली फिल्म वतन परस्त आई। इसके बाद सिल्वर किंग, डॉक्टर मधुरिका, दो घड़ी की मौज, लग्न बंधन, जीवन लता, दो दीवाने, दिलावर, कोकिला, कुलवधू, जागीरदार जैसी कई फिल्मों में दिखाई दिए। 1940 में आई फिल्म 'अछूत' में मोतीलाल ने एक अछूत व्यक्ति का किरदार निभाकर सबको चकित कर दिया। महात्मा गांधी और वल्लभभाई पटेल ने भी उनकी एक्टिंग की तारीफ की। इस फिल्म के बाद मोतीलाल का नाम फिल्म इंडस्ट्री के बड़े एक्टर्स की लिस्ट में शामिल हो गए।

**इन एक्ट्रेसेज से था अफेयर :** मोतीलाल से उस दौर की एक्ट्रेसेस काफी इम्प्रेस रहती थीं। उस दौर में दो एक्ट्रेसेस से उनका नाम जुड़ा। वो थीं शोभना समर्थ और नादिरा। नादिरा के साथ मोतीलाल कुछ समय तक रहे, लेकिन जल्द ही दोनों का ब्रेकअप हो गया। बाद मोतीलाल शोभना समर्थ के करीब आए। दोनों की मुलाकात फिल्मों में काम करने के दौरान हुई। शोभना उस जमाने की दिग्गज अभिनेत्री थीं। जब मोतीलाल से वह मिली तो पहले से वह शादीशुदा और चार बच्चों की मां थीं। शोभना की शादी कुमारसेन समर्थ से हुई थी, जिनसे उनके रिश्ते ठीक नहीं थे। शोभना समर्थ तनुजा की मां और काजोल की नानी थीं। शोभना मोतीलाल को दोस्त मानती थी, लेकिन वह उनसे एकतरफा प्यार करते थे। बाद में शोभना की शादी टूट गई। मोतीलाल ने उन्हें प्रपोज किया। उन्होंने मोतीलाल से शादी नहीं की, लेकिन उनकी नजदीकियां हमेशा चर्चा में रहीं।

**तंगहाली में गुजरा अंतिम समय :** मोतीलाल को शराब और जुए की लत थी। शराब पीने की वजह से 1960 के आसपास मोतीलाल की तबीयत खराब रहने लगी, जिसके चलते उन्होंने फिल्मों में काम करना कम कर दिया। उन्हें तीन हार्टअटैक आ चुके थे। बाद में वह एक्टिंग छोड़कर स्क्रिप्ट राइटिंग, डायरेक्शन और प्रोडक्शन का काम करने लगे। उन्होंने फिल्म 'छोटी छोटी बातें' लिखीं, प्रोड्यूस और डायरेक्ट की। हालांकि, रिलीज से पहले ही वो चल बसे। इस फिल्म के लिए उन्हें मरणोपरांत दो नेशनल अवॉर्ड दिया गया।


### हिंदी सिनेमा का पहला नेचुरल एक्टर

मोतीलाल अपने किरदार को इतने नेचुरल तरीके से पर्दे पर निभाते थे कि वो एक्टिंग लगती ही नहीं थी। उन्हें हिंदी फिल्मों का पहला नेचुरल एक्टर कहा गया। 1955 में आई दिलीप कुमार स्टारर 'देवदास' से मोतीलाल का सितारा बुलंदियों पर पहुंच गया। इस फिल्म में उन्होंने चुन्नी बाबू का रोल निभाया था, जिसके लिए उन्हें बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला।

### लाइफस्टाइल थी चर्चा का विषय

मोतीलाल ने रईस खानदान से थे, इसलिए उन्हें पैसों की कोई कमी नहीं थी।उनकी लाइफस्टाइल उस दौर में चर्चा का विषय थी। वह अपने बिंदास अंदाज के लिए इंडस्ट्री में मशहूर थे। हमेशा सूट-बूट में रहने वाले मोतीलाल को हैट पहनने का भी बहुत शौक था। मोतीलाल को तेज रफ्तार में कार चलाने और प्लेन उड़ाने का भी शौक था। उन्होंने लाइसेंस भी लिया था। हॉर्स राइडिंग और क्रिकेट खेलने का भी उन्हें बहुत शौक था। शूटिंग के दौरान भी ब्रेक मिलने पर वो को-स्टार्स के साथ क्रिकेट खेलते थे।

# योगी आदित्यनाथ की बायोपिक की पहली झलक आई सामने





**मुंबई।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर अब फिल्म बन रही है जिसका नाम है 'अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ योगी'। फिल्म की पहली झलक सामने आ गई है। फिल्म के मोशन पोस्टर को शेयर किया गया है जिसमें एक्टर को अनंत जोशी को भगवा रंग के कपड़ों में देखा जा सकता है। मोशन पोस्टर में योगी आदित्यनाथ की जर्नी दिखाने की कोशिश की गई। इस वीडियो में उनका आम जीवन, आध्यात्मिक और राजनीति जर्नी की एक झलक है। फिल्म में इसे विस्तार से दिखाया जाएगा। फिल्म को सम्राट सिनेमैटिक्स के तले बनाया जा रहा है। ऋतू मेंगी फिल्म की प्रोड्यूसर और रवींद्र गौतम ने डायरेक्शन की कमान संभाली है। फिल्म शांतनु गुप्ता की लिखित किताब 'द मॉन्क हू बिकेम चीफ मिनिस्टर पर आधारित है। इस फिल्म में उनके राजनीतिक फैसलों, त्याग, भगवान से उनका रिश्ता दिखाया जाएगा। योगी आदित्यनाथ की इस बायोपिक में एक्टर अनंत जोशी लीड रोल में हैं जिन्हें आपने रवि किशन की वेब सीरीज 'मामला लीगल है' में देखा होगा। इनके अलावा भोजपुरी एक्टर दिनेश लाल यादव यानी निरहुआ, अजय मेंगी, पवन मल्होत्रा, गरिमा सिंह, ईशान खट्टर के पिता राजेश खट्टर अहम रोल निभाते दिखेंगे।

# योगी की बायोपिक की पहली झलक आई सामने...



**मुंबई।** श्रद्धा कपूर के हालिया एक्स पोस्ट ने फैंस को परेशान कर दिया है। जिसके बाद अब फैंस ये समझ नहीं पा रहे हैं कि अभिनेत्री का अकाउंट हैक हो गया है या कोई और बात है। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो अपनी लाइफ से जुड़ी बातें और चीजें अपने सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। इसीलिए फैंस को श्रद्धा के पोस्ट का काफी इंतजार भी रहता है। लेकिन, अब श्रद्धा ने अपने एक्स अकाउंट से एक ऐसा पोस्ट किया है, जिसने सभी फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचा है। क्योंकि, फैंस श्रद्धा के इस पोस्ट का मतलब नहीं समझ पा रहे हैं। श्रद्धा ने ये ट्वीट मंगलवार को लगभग रात साढ़े दस बजे के करीब किया है। अपने इस ट्वीट या पोस्ट में श्रद्धा ने सिर्फ इतना लिखा है, "**Easy** $28. **GG**!" श्रद्धा के इस पोस्ट के बाद अब फैंस ये समझ नहीं पा रहे हैं कि श्रद्धा ने ये क्या लिखा है और क्यों लिखा है। श्रद्धा के इस पोस्ट के बाद अब फैंस अपने अलग-अलग कयास लगा रहे हैं। कुछ फैंस का कहना है कि श्रद्धा का अकाउंट हैक हो गया है, तो वहीं कुछ ये नहीं समझ पा रहे हैं कि ये कोई पीआर स्टंट है या श्रद्धा ने किसी गेम में कोई 28 डॉलर जीते हैं। फिलहाल तो श्रद्धा का ये पोस्ट अभी भी एक रहस्य ही बना हुआ है।

# दिलजीत को मिला बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड




**मुंबई।** फिल्म क्रिटिक्स गिल्ड ने क्रिटिक्स च्वाइस अवॉर्ड्स 2025 के विनर्स का नाम अनाउंस कर दिया है। फीचर फिल्म सेगमेंट में, 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट'ने बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड जीता है। वहीं , दिलजीत दोसांझ ने 'अमर सिंह चमकीला'में अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए बेस्ट एक्टर का खिताब अपने नाम किया है।

***बेस्ट एक्ट्रेस :*** बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड दर्शना राजेंद्रन को मिला है। उन्हें ये अवॉर्ड फिल्म 'पैराडाइज'में उनके शानदार परफॉर्मेंस की वजह से मिला है। 'लापता लेडीज'में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए रवि किशन बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड मिला है। वहीं कनी कुसरुति को 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स'में उनकी भूमिका के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला है।

***वेब सीरीज :*** वेब सीरीज की कैटेगरी में 'पोचर'को बेस्ट वेब सीरीज का अवॉर्ड मिला है। निमिशा सजयान को 'पोचर'और बरुन सोबती को 'रात जवान है'के लिए बेस्ट एक्टर के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

***शार्ट फिल्म :*** लघु फिल्मों में, ओबुर ने श्रेणी में अपना दबदबा बनाया, जिसने कई अन्य पुरस्कारों के साथ सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म का पुरस्कार जीता। हरीश खन्ना को जल तू जलाल तू के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार दिया गया।

## टीवी मसाला



# 'बड़े अच्छे लगते हैं' के नए सीजन का प्रोमो रिलीज...

**नई दिल्ली।** सीरियल 'बड़े अच्छे लगते हैं'के कई सीजन आ चुके हैं। हर बार नए चेहरों के साथ नई प्रेमी कहानी दर्शकों को देखने को मिलती है। हाल ही में 'बड़े अच्छे लगते हैं'के नए सीजन का प्रोमो सामने आया है। इस बार सीरियल में शिवांगी जोशी और हर्षद चोपड़ा नए किरदारों में नजर आ रहे हैं। इस प्रोमो को देखकर सोशल मीडिया पर फैंस भी काफी उत्साहित हैं। सोनीटीवी ऑफिशियल के इंस्टाग्राम पेज पर सीरियल 'बड़े अच्छे लगते हैं'का प्रोमो साझा किया गया। इसमें अभिनेता हर्षद चोपड़ा का लुक काफी अलग नजर आया। लंबे बालों वाला उनका अंदाज फैंस को खूब भाया है। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने एक्टर के नए लुक की तारीफ की है। शिवांगी जोशी की बात की जाए तो वह सीरियल 'बड़े अच्छे लगते हैं' के प्रोमो में चश्मे वाले लुक में दिखीं। उनका पहनाव भी बहुत सादगी से भरा नजर आया। शिवांगी और हर्षद के किरदार प्रोमो में शॉपिंग करते हुए दिखे। दोनों एक्टर्स के बीच बहुत ही अच्छी केमिस्ट्री नजर आ रही हैं। इस प्रोमो पर कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने भी रिएक्शन दिए हैं। एक यूजर लिखता है, 'शिवांगी बहुत प्यारी लग रही है।' वहीं, एक-दूसरे यूजर ने लिखा, 'हर्षद और शिवांगी कितने क्यूट लग रहे हैं।' सीरियल के प्रोमो के साथ एक कैप्शन भी साझा किया गया है, जिसमें लिखा, 'हैप्पीली मैरीड होना सबका ख्वाब है, पर कैसे? ये सिर्फ इनका राज है।'

## बजरंगबली का संकटमोचन अवतार दिखेगा हनुमान जयंती को ...



**नई दिल्ली।** एनिमेटेड वेब सीरीज 'द लीजेंड्स ऑफ हनुमान'का अगला सीजन आगामी हनुमान जयंती पर स्ट्रीम किया जाएगा। यह सीरीज भगवान हनुमान के जीवन पर आधारित है, जिसमें भगवान राम, लक्ष्मण, देवी सीता और अन्य लोगों के जीवन को भी दर्शाया गया है। इसके पहले पांच सीजन को दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया गया है। 'द लीजेंड्स ऑफ हनुमान'का छठा सीजन 11 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होना शुरू होगा। इस दिन हनुमान जयंती का पर्व भी पड़ रहा है, जो इसके रिलीज में आध्यात्मिकता को जोड़ेगा। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर सीरीज का ट्रेलर शेयर किया और लिखा, 'इसमें भक्ति की शक्ति है, उसके लिए पर्वत भी हल्का है! ट्रेलर में बजरंगबली अपने संकटमोचन अवतार में दिखें। उन्होंने संजीवनी बूटी के लिए पूरा पर्वत उठा लिया।

## भारत में 'संतोष' की रिलीज पर रोक...



**नई दिल्ली।** ब्रिटिश-इंडियन फिल्ममेकर संध्या सूरी की फिल्म 'संतोष', जो ऑस्कर अवॉर्ड में यूके की तरफ से भेजी गई थी और शॉर्टलिस्ट भी हुई थी। उसे भारत में रिलीज होना था। लेकिन सीबीएफसी ने इसकी रिलीज पर रोक लगा दी है। इस फिल्म को क्रिटिक्स से भर-भरकर तारीफ मिली थी। लेकिन, बोर्ड को ये डर है कि इसमें महिलाओं के प्रति गलत भावना, इस्लामोफोबिया और इंडिया पुलिस फोर्स में हिंसा दिखाई गई है, जिसका असर समाज पर पड़ेगा। 'संतोष' को रिलीज करने से पहले उसमें कई कट लगाने को कहे हैं, जो पुलिस फोर्स और कई सामाजिक मुद्दों से संबंधित हैं। उत्तर भारत में बनाई गई इस फिल्म में एक ऐसी महिला की कहानी दिखाई गई है, जिसे उसके पति की मौत के बाद उसकी जगह पर पुलिस में नौकरी मिलती है।

## ऑस्कर विजेता निर्देशक बलाल दिखें घायल...



**लॉस एंजिल्स।** ऑस्कर विजेता डॉक्यूमेंट्री फिल्म के निर्देशक हमदान बल्लाल को मंगलवार को रिहा कर दिया गया। उन्हें वेस्ट बैंक में यहूदी निवासियों द्वारा हमला किए जाने के बाद सेना ने हिरासत में लिया था। इस मामले पर निर्देशक की पत्नी का कहना है कि हमले के दौरान निर्देशक के साथ मारपीट की गई थी और वीडियो बनाया गया। घटनास्थल पर मौजूद एसोसिएटेड प्रेस के पत्रकारों के अनुसार, बल्लाल के चेहरे पर चोट के निशान थे और उनके कपड़ों पर खून लगा था। रिहा होने के बाद तीनों को पड़ोसी फलस्तीनी शहर हेब्रोन के एक अस्पताल में ले जाया गया। उनके वकील, ली त्सेमेल ने कहा कि उन्होंने रात सैन्य अड्डे के फर्श पर बिताई, जबकि हमले में आई उनकी चोटों की काफी कम देखभाल की गई। उन्होंने पहले कहा था कि उन पर एक युवा निवासी पर पत्थर फेंकने का आरोप लगाया गया था।




## खबर संक्षेप

### इरेडा ने बांड के ज़रिए 910 करोड़ रुपए जुटाए



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इरेडा ने बांड जारी करके 910 करोड़ रुपये जुटाए हैं। जुटाई गई धनराशि से इरेडा की टियर-2 पूंजी बढ़ेगी, जिससे उसकी कुल संपत्ति और पूंजी-से-जोखिम-भारित संपत्ति अनुपात में वृद्धि होगी। 7.74 प्रतिशत की वार्षिक कूपन दर पर 10 साल की अवधि के लिए निजी तौर पर रखे गए।

### एयरलाइन प्रति सप्ताह भरेगी 25,610 उड़ानें



**मुंबई।** भारतीय एयरलाइन कंपनियां इस साल ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम के तहत प्रति सप्ताह कुल 25,610 उड़ानों का परिचालन करेंगी। नागर विमानन महानिदेशक ने यह जानकारी देते हुए कहा कि पिछले साल इस दौरान प्रति सप्ताह 24,275 उड़ानें संचालित हुईं थीं। इस तरह प्रति सप्ताह कुल उड़ानों की संख्या में इस साल 5.50 प्रतिशत सालाना वृद्धि होगी।

### एनटीपीसी की नोख सौर परियोजना चालू

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी ने 245 मेगावाट क्षमता की नोख सौर परियोजना का परिचालन शुरू कर दिया है। एनटीपीसी समूह की क्षमता 77,806.50 मेगावाट पर पहुंच गयी है। राजस्थान में 245 मेगावाट क्षमता की परियोजना 26 मार्च, 2025 को रात 12:00 बजे से वाणिज्यिक रूप से परिचालन में आ गयी।

### आरईसी को 1.7 लाख करोड़ रुपए जुटाने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लि. के निदेशक मंडल ने अगले वर्ष में कंपनी को 1.7 लाख करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी दी है। कंपनी यह राशि बॉन्ड और रुपये में कर्ज और अन्य माध्यमों से जुटाएगी। कंपनी ने 26 मार्च, 2025 को हुई अपनी बैठक में 2025-26 के लिए 1.7 लाख करोड़ रुपये की कर्ज योजना को मंजूरी दी।

### इंदिरा आईवीएफ ने वापस लिया आईपीओ दस्तावेज




**नई दिल्ली।** फर्टिलिटी क्लिनिक श्रृंखला इंदिरा आईवीएफ हॉस्पिटल ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए दस्तावेजों का मसौदा वापस ले लिया है। कंपनी ने ये दस्तावेज गोपनीय तरीके से दाखिल किए थे। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के एक 'अपडेट' से यह जानकारी मिली है।

### ब्लूपाइन एनर्जी को मिला नैबफिड से वित्तपोषण

**नई दिल्ली।** ब्लूपाइन एनर्जी ने कहा कि उसे राष्ट्रीय अवसंरचना वित्तपोषण एवं विकास बैंक (नैबफिड) से 1,787 करोड़ रुपये का वित्तपोषण मिला है। नैबफिड के साथ सहयोग से ऋण सेवा लागत कम करने, नकदी प्रवाह में सुधार करने और वित्तीय लचीलापन सक्षम करने में मदद मिलेगी। कंपनी ने कहा, 'ब्लूपाइन एनर्जी ने अक्षय ऊर्जा पोर्टफोलियो को मजबूत करने के लिए नैबफिड के साथ 1,787 करोड़ रुपये का व्यवस्थित वित्तपोषण सौदा सफलतापूर्वक पूरा किया है।'

# सब छूट गए पीछे, जेएसडब्ल्यू स्टील बनी विश्व की सबसे वैल्यूएबल स्टील कंपनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- जेएसडब्ल्यू ने विश्व की सभी स्टील कंपनियों को पछाड़ा
- सेल और टाटा स्टील दोनों के मार्केट कैप से आगे निकला जेएसडब्ल्यू

जेएसडब्ल्यू स्टील ने दुनिया की सभी स्टील कंपनियों को पछाड़ दिया है। मार्केट कैप की बात की जाए तो ये दुनिया में सबसे आगे निकल चुकी है।

इसका मार्केट कैप ढाई लाख करोड़ के ऊपर आ गया है। सज्जन जिंदल की अगुवाई वाली कंपनी जेएसडब्ल्यू स्टील दुनिया की सबसे वैल्यूएबल स्टील कंपनी बन गई है। जेएसडब्ल्यू स्टील का मार्केट कैप 2.5 लाख करोड़ रुपए के पार निकलते हुए सेल और टाटा स्टील दोनों के कुल मार्केट कैप से आगे निकल गया है। जेएसडब्ल्यू स्टील निप्पॉन स्टील और आर्सेलर मित्तल से भी आगे निकल गई है। भारतीय स्टील इंडस्ट्री में कंपनी की बादशाहत और मजबूत हो गई है।

## कंपनी का मार्केट कैप 2.5 लाख करोड़ के पार पहुंचा

### जेएसडब्ल्यू स्टील पर ब्रोकरेज की राय

ब्रोकरेज का कहना है कि दूसरी छमाही में जेएसडब्ल्यू स्टील के वॉल्यूम ग्रोथ में रिकवरी संभव है। चौथी तिमाही में कंपनी के वॉल्यूम में सालाना आधार पर 15 फीसदी की अच्छी वॉल्यूम ग्रोथ देखने को मिल सकती है। कंपनी को आगे 90 फीसदी क्षमता पर ऑपरेट करने का भरोसा है। क्षमता विस्तार का काम ट्रैक पर चल रहा है। कंपनी का कैप्टिव आयरन ओर एनर्जी बूस्ट पर जोर है। जेएसब्ल्यू स्टील पर आईसीआईसीआई सिक्यूरिटी ने ने 1230 रुपए का टारेगट दिया है। वहीं, एमओएफएसएल पर इस शेयर ने 1150 रुपए का टारगेट दिया है। जबकि एचडीएफसी सिक्यूरिटी ने 1080 रुपए का टारेगट दिया है।



### जेएसडब्ल्यू स्टील का रिटर्न

जेएसडब्ल्यू स्टील के रिटर्न की बात करें तो इस स्टॉक ने 1 महीने में 11 फीसदी, इस साल 18 फीसदी और 1 साल में 31 फीसदी रिटर्न दिया है। हाल के दिनों में सरकार की तरफ से भी घरेलू स्टील कंपनियों को राहत दी गई है। फ्लैट स्टील प्रोडक्ट पर 12 फीसदी सेफगार्ड ड्यूटी की सिफारिश की गई है। डीजीटीआर से 200 दिनों के लिए सेफगार्ड ड्यूटी की सिफारिश की है।

### मार्केट कैप में सबसे आगे

मार्केट कैप पर नजर डालें तो जेएसडब्ल्यू स्टील इंडिया का मार्केट कैप 2.50 लाख करोड़ रुपए के आसपास है। वहीं,आर्सेलर मित्तल यूरोप का मार्केट कैप 2.32 लाख करोड़ रुपए, निप्पॉन स्टील जापान का मार्केट कैप 2.28 लाख करोड़ रुपए और चाइना बाऊ स्टील ग्रुप का मार्केट कैप 1.93 लाख करोड़ रुपए है।

## वित्त मंत्रालय ने मासिक आर्थिक समीक्षा के फरवरी संस्करण में कहा

# निजी निवेश में तेज वृद्धि से वैश्विक जोखिमों से पार पा सकता है भारत

- उद्योग निवेश व्यय व उपभोक्ता मांग के बीच संबंध पहचाने
- आयकर में राहत से नीतिगत दर में कटौती से उपभोग में अंतर आएगा
- निजी क्षेत्र को क्षमता विस्तार की दिशा में निवेश करना चाहिए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि निजी निवेश में तेजी लाने की जरूरत है। इससे देश को बाहरी कारणों से वृद्धि के रास्ते में उत्पन्न जोखिमों को दूर करने में मदद मिल सकती है। मंत्रालय ने एक रिपोर्ट में कहा कि निजी क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूती और इसके निरंतर वृद्धि परिदृश्य से राहत मिलनी चाहिए।

आर्थिक मामलों के विभाग की तरफ से जारी मासिक आर्थिक समीक्षा के फरवरी संस्करण में कहा गया, ''यह आवश्यक है कि उद्योग अपने निवेश व्यय और उपभोग मांग के बीच सह-संबंध को पहचाने। रिपोर्ट के मुताबिक, आयकर में राहत और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दर में कटौती से उपभोग में तेजी आने की उम्मीद है।

### निजी क्षेत्र विस्तार क्षमता पर करे निवेश

निजी क्षेत्र को इन कदमों से संकेत लेना चाहिए और क्षमता विस्तार की दिशा में निवेश करना शुरू करना चाहिए। इसमें कहा गया है कि भारत की ठोस बुनियाद और आर्थिक संभावनाओं पर केंद्रित घरेलू निजी क्षेत्र का पूंजी निर्माण वित्त वर्ष 2025-26 में आर्थिक वृद्धि का एक महत्वपूर्ण चालक होगा।



### विदेशी मुद्रा भंडार पर्याप्त

विदेशी मुद्रा भंडार 11 महीने से अधिक के आयात बिल को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर तनावों और व्यापार नीति गतिविधियों से उत्पन्न अनिश्चितता से प्रभावित है। इसमें कहा गया है कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि में तेजी आई, जो निजी खपत में सुधार और मुख्य वस्तुओं (गैर-तेल, गैर-सर्राफा) के निर्यात में वृद्धि के कारण हुई।

### कृषि गतिविधियों में तेजी से ग्रामीण मांग को समर्थन

रिपोर्ट के अनुसार, ''कृषि गतिविधियों में तेजी से ग्रामीण मांग को समर्थन मिला है। आर्थिक गतिविधियों के बारे में बताने वाले महत्वपूर्ण आंकड़ें वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में बेहतर विकास गति का संकेत देते हैं। इन आंकड़ों में ईवे बिल में वृद्धि दहाई अंक में है और पीएमआई सूचकांक में विस्तार जारी है।''

### आर्थिक मजबूती को लेकर विश्वास बढ़ा

मंत्रालय के अनुसार, केंद्रीय बजट में दीर्घकालिक विकास को गति देने के उपायों और सुधारों पर ध्यान दिया गया है, जो कि विकसित भारत की महत्वाकांक्षा के इर्द-गिर्द है। यह महत्वपूर्ण वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच घरेलू आर्थिक मजबूती को लेकर भरोसे को बढ़ाता है।

### खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट आई

रिपोर्ट में मुद्रास्फीति के बारे में कहा गया है कि खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट के कारण फरवरी, 2025 में यह सात महीने के निचले स्तर पर आ गई है। वित्त वर्ष 2024-25 में खाद्यान्नों के रिकॉर्ड उत्पादन की उम्मीद से आने वाले महीनों में खाद्य मुद्रास्फीति को कम करने में मदद मिलेगी।

### मध्यम वर्ग के पास खर्च करने योग्य पूंजी

रिपोर्ट के अनुसार, ''व्यक्तिगत आयकर ढांचे में प्रस्तावित बदलावों से मध्यम वर्ग के पास खर्च योग्य आय और उनकी खपत में सुधार होने की उम्मीद है। फरवरी में नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती के साथ नकदी बढ़ाने के उपाय अधिक उदार मौद्रिक नीति वृद्धि की गति को बढ़ा सकते हैं।''

### प्रमुख वस्तुओं का निर्यात बढ़ा

रिपोर्ट में कहा गया है कि बाह्य मोर्चे पर, प्रमुख वस्तुओं के निर्यात में उल्लेखनीय मजबूती देखने को मिली है, जो वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल से फरवरी) के दौरान 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। सकल एफडीआई प्रवाह मजबूत बना हुआ है। यह वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल से जनवरी) के दौरान 12.4 प्रतिशत बढ़ा है।

# स्वर्ण मौद्रीकरण योजना बंद करने का फैसला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- वित्त मंत्रालय ने कहा, अल्पावधि जमा जारी रहेगी
- सरकार नवंबर 2024 तक 31,168 किलोग्राम सोना जुटा चुकी

सरकार ने बेहतर होती बाजार स्थितियों को ध्यान में रखते हुए स्वर्ण मौद्रीकरण योजना (जीएमएस) को 26 मार्च 2025 से बंद करने का फैसला किया है।

मंत्रालय ने कहा कि बैंक एक से तीन साल वाली अपनी अल्पकालिक स्वर्ण जमा योजनाओं को जारी रख सकते हैं। सरकार स्वर्ण मौद्रीकरण योजना के तहत नवंबर, 2024 तक लगभग 31,164 किलोग्राम सोना जुटा चुकी थी। सरकार ने इस योजना की घोषणा 15 सितंबर, 2015 को की थी। इसे लाने का उद्देश्य लंबी अवधि में सोने के आयात पर देश की निर्भरता को कम करने के साथ देश में परिवारों और संस्थानों द्वारा रखे गए सोने को जुटाना था ताकि इसका उपयोग उत्पादक उद्देश्यों के लिए किया जा सके। जीएमएस में अल्पकालिक बैंक जमा (एक-तीन वर्ष), मध्यम अवधि सरकारी जमा (पांच-सात वर्ष) और दीर्घकालिक सरकारी जमा (12-15 वर्ष) के रूप में तीन घटक शामिल हैं।

### मध्यम अवधि वाले घटक में कोई सोना जमा नहीं होगा


मंत्रालय ने कहा कि जीएमएस के मध्यम-अवधि वाले घटक के तहत कोई भी सोना जमा 26 मार्च, 2025 से स्वीकार नहीं किया जाएगा। लेकिन इस घटक के तहत मौजूदा जमा जीएमएस के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुरूप अवधि पूरी होने तक जारी रहेगा। नवंबर, 2024 तक जमा कुल 31,164 किलोग्राम सोने में से अल्पकालिक स्वर्ण जमा 7,509 किलोग्राम, मध्यम अवधि स्वर्ण जमा (9,728 किलोग्राम) और दीर्घकालिक स्वर्ण जमा (13,926 किलोग्राम) था।

### 5693 जमाकर्ताओं ने भाग लिया

जीएमएस में लगभग 5,693 जमाकर्ताओं ने भाग लिया। सोने की कीमतें एक जनवरी, 2024 को 63,920 रुपये प्रति 10 ग्राम से 26,530 रुपये यानी 41.5 प्रतिशत बढ़कर 90,450 रुपये प्रति 10 ग्राम (25 मार्च 2025 तक) हो गई हैं।

# शेयर बाजार में सात दिन की तेजी पर विराम, सेंसेक्स 729 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- वायदा व विकल्प खंड में निपटान रहा
- बैंक व आईटी शेयरों में रही मुनाफावसूली

स्थानीय शेयर बाजार में बीते सात कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 729 अंक लुढ़क गया। वहीं एनएसई निफ्टी 23,500 अंक से नीचे आ गया। वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक अनुबंधों के निपटान से पहले मुख्य रूप से बैंक और आईटी शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 728.69 अंक यानी 0.93 प्रतिशत गिरकर 77,288.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 822.97 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 181.80 अंक यानी 0.77 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,486.85 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इनवेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''हाल की तेजी के बाद बाजार में मुनाफावसूली देखने को मिली। यह मुनाफावसूली अगले सप्ताह अमेरिका में शुल्क दरों की घोषणा से पहले हुई है। औषधि और आईटी जैसे उन क्षेत्रों में कुछ बिकवाली दबाव देखने को मिला, जिनका काफी कारोबार अमेरिकी बाजार से जुड़ा है।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग के हैंगसेंग बढ़त में रहे, जबकि चीन के शंघाई कम्पोजिट में गिरावट दर्ज की गई। यूरोप के प्रमुख बाजारों में कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार मंगलवार को लाभ में रहे थे।

### इन शेयरों में रहा नुकसान

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, जोमैटो, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, मारुति, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एचडीएफसी बैंक के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

### ये शेयर रहे लाभ में

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा और पावर ग्रिड शामिल हैं।

## एलएंडटी को कतर से मिला 15,000 करोड़ रुपए का ठेका...



**नई दिल्ली।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को कतर एनर्जी एलएनजी से अपने अपतटीय हाइड्रोकार्बन कारोबार के लिए बेहद बड़ा ठेका मिला है। कंपनी 15,000 करोड़ रुपये से अधिक के ठेके को ''बेहद बड़ा ठेका'' बताती है। लार्सन एंड टुब्रो ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, ''विश्व की प्रमुख एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) कंपनी कतर एनर्जी एलएनजी ने लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड (एलएंडटी) के हाइड्रोकार्बन कारोबार (एलएंडटी एनर्जी हाइड्रोकार्बन- एलटीईएच) को 'नॉर्थ फील्ड प्रोडक्शन सस्टेनेबिलिटी ऑफशोर कम्प्रेशन प्रोजेक्ट' के लिए बेहद बड़ा ठेका दिया है। एलएंडटी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक एस. एन. सुब्रह्मण्यन ने कहा, 'हम परियोजना क्रियान्वयन में नए मानक स्थापित करने के लिए तत्पर हैं। यह कतर की तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएलजी) क्षेत्र में अग्रणि स्थिति को और मजबूत करेगी।'

# मारुति तीसरे संयंत्र पर 7410 करोड़ करेगी खर्च

- खरखौदा में 2 .5 लाख वाहन प्रति वर्ष की क्षमता वाले तीसरे संयंत्र की स्थापना को मंजूरी दी गई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




देश की प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया के निदेशक मंडल ने हरियाणा के खरखौदा में तीसरा संयंत्र स्थापित करने के लिए 7,410 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दे दी है।

मारुति सुजुकी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि खरखौदा में मौजूदा उत्पादन क्षमता 2.5 लाख इकाई प्रति वर्ष है। 2.5 लाख इकाई सालाना उत्पादन क्षमता वाला एक और संयंत्र निर्माणाधीन है। सूचना के अनुसार, बुधवार को हुई निदेशक मंडल की बैठक में खरखौदा में 2.5 लाख वाहन प्रति वर्ष की क्षमता वाले तीसरे संयंत्र की स्थापना को मंजूरी दे दी गई। इसके लिए 7,410 करोड़ रुपये के निवेश किया जाएगा। इस वृद्धि के साथ खरखौदा में क्षमता सालाना 7.5 लाख इकाई तक पहुंचने की संभावना है। प्रस्तावित संयंत्र 2029 तक पूरा होने की उम्मीद है।

# निसान सात सीटों वाला बहुउद्देशीय वाहन लाएगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- अगले 30 माह में पांच मॉडल पेश करने की योजना

जापान की वाहन विनिर्माता निसान ने बुधवार को कहा कि वह अगले वित्त वर्ष 2025-26 में भारत में एक नया सात सीट वाला बहुद्देश्यीय वाहन पेश करेगी।

निसान मोटर इंडिया ने बयान में कहा कि नया 7-सीट वाला बी-एमपीवी (बहुउद्देश्यीय वाहन) पहले से घोषित दो कॉम्पैक्ट-एसयूवी (पांच तथा सात-सीट), एक किफायती ईलेक्ट्रिक वाहन, साथ ही मौजूदा नई मैग्नाइट और एक्स-ट्रेल के अलावा एक नया वाहन होगा। कंपनी ने कहा, '' यह कंपनी की भारतीय कारोबार के लिए योजनाओं के अनुरूप है, जिसके तहत वह अपने ग्राहकों की बढ़ती आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अपने नए उत्पादों को नया आकार देगी तथा बी-एमपीवी तथा सी-एसयूवी जैसे सभी उच्च वृद्धि वाले खंड में उत्पाद पेश करेगी।''

*परिचालन बदलने की योजना*

*निसान इंडिया ने पिछले साल जुलाई में घोषणा की थी कि वह अगले 30 माह में पांच मॉडल पेश करने की योजना बना रही है क्योंकि उसकी योजना तेजी से बढ़ते भारतीय कार बाजार में अपने परिचालन को बदलने की है।*

## बिजनेस साइट

### केएससी टेक्नो प्राइवेट लिमिटेड ने आयोजित किया विशाल किसान प्रशिक्षण संगोष्ठी

**रायपुर।** कीटनाशक, माइक्रोन्यूट्रियंट और बीज बनाने वाली अग्रणी कंपनी केएससी टेक्नो प्राइवेट लिमिटेड ने ग्राम कुरना, चारामा में एक बड़े किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को भूमि के सही उपयोग, खादों के संतुलित प्रयोग और फसल संरक्षण के मुद्दों पर जागरूक करना था। इस प्रशिक्षण में विशेष रूप से मिट्टी के सही उपयोग और खादों के संतुलित इस्तेमाल पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही, फसल संरक्षण संबंधी समस्याओं का समाधान भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को तना छेदक बिलाइट, ब्लास्ट और पौधों की वृद्धि को उत्तम बनाने के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। कंपनी के कार्यकारी निदेशक सुनीत चतुर्वेदी ने किसानों को तना छेदक के नियंत्रण के लिए 'स्कॉट दानेदार' और 'स्कॉट प्लस लिक्विड' के स्प्रे की अनुशंसा की। इसके अलावा फंगस से बचाव के लिए 'ग्लोस्टर' नामक दवा का 200 मिलीलीटर प्रति एकड़ की दर से उपयोग करने की सलाह दी गई। फसल की वृद्धि और फल-फूल की गुणवत्ता सुधारने के लिए न्यूट्रिएंट बेस उर्वर गोल्ड ग्रेन्यूल और उर्वर गोल्ड लिक्विड के उपयोग पर भी जोर दिया गया। ये उत्पाद 4 किलोग्राम और 250 मिलीलीटर प्रति एकड़ की दर से इस्तेमाल किए जाते हैं। इसके साथ-साथ किसानों को पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी के बारे में भी जानकारी दी गई। इस आयोजन में 200 से अधिक किसान उपस्थित थे और उन्होंने इस कार्यक्रम से भरपूर ज्ञान प्राप्त किया।



## संपत्ति प्रबंधक कंपनी कोटक ने अपनी सर्वे रिपोर्ट की जारी

# दूसरे देशों में बसना चाहते हैं भारत के 22 फीसदी 'अमीर'

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश में कम से कम 22 प्रतिशत अति धनाढ्य लोग यहां रहने की स्थिति, विदेशों में बेहतर जीवन स्तर और अन्य देशों में कारोबार सुगमता जैसे कारणों से भारत के बारह बसना चाहते हैं।

### गोल्डन वीजा योजना बनी पसंदीदा

अति धनाढ्य 150 व्यक्तियों के बीच किए गए सर्वेक्षण में पाया गया कि अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और यहां तक कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) अपनी 'गोल्डन वीजा' योजना के कारण उनके पसंदीदा गंतव्य हैं, जहां अमीर लोग बसना पसंद करते हैं। देश की अग्रणी संपत्ति प्रबंधक कंपनी कोटक प्राइवेट ने परामर्श कंपनी ईवाई के साथ मिलकर यह सर्वेक्षण किया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, हर साल 25 लाख भारतीय दूसरे देशों में बसने चले जाते हैं।

- हर साल 25 लाख भारतीय दूसरे देशों में बसने चले जाते हैं

### भारतीय नागरिकता बरकरार रखना चाहते हैं

*इसके निष्कर्षों में कहा गया, सर्वेक्षण में शामिल पांच में से एक अति धनाढ्य व्यक्ति वर्तमान में प्रवास की प्रक्रिया में है या प्रवास की योजना बना रहा है। उनमें से अधिकतर अपनी भारतीय नागरिकता बरकरार रखते हुए अपनी पसंद के देश में स्थायी रूप से निवास करना चाहते हैं।*

*भारतीय केवल 2,50,000 डॉलर ही निकाल सकते हैं*

*गावनकर ने कहा कि भारत में रहने वाला एक भारतीय नागरिक प्रति वर्ष केवल 2,50,000 अमेरिकी डॉलर ही निकाल सकता है, जबकि एक प्रवासी को 10 लाख अमेरिकी डॉलर की अनुमति है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि पूंजी देश से बाहर नहीं जाएगी।*



### जीवनशैली में सुधार चाहते हैं

इसमें कहा गया, वे जीवन स्तर, स्वास्थ्य देखभाल समाधान, शिक्षा या जीवनशैली में सुधार चाहते हैं। दो-तिहाई से अधिक लोगों ने कारोबार सुगमता को भी इसकी मुख्य वजह बताया। सर्वेक्षण में शामिल लोगों ने प्रवास के निर्णय को ''भविष्य में निवेश'' बताते कहा कि अपने बच्चों के लिए उत्कृष्ट उच्च शिक्षा की चाहत उन्हें यह विकल्प चुनने के लिए प्रेरित करती है।

### पूंजी बाहर जाने की सीमा तय है

कोटक महिंद्रा बैंक की अध्यक्ष गौतमी गावनकर ने कहा कि स्थानांतरण के निर्णय को देश से पूंजी के बाहर जाने के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूंजी के बाहर जाने की सीमा तय करने से यह सुनिश्चित होता है कि यदि कोई व्यक्ति अपना निवास स्थान बदलता है तो भी धन बाहर नहीं जाएगा।

### अविनाश ग्रुप के नए प्रोजेक्ट 'अविनाश कॉस्मोसिटी' का भूमिपूजन आयोजित

**रायपुर।** मध्य भारत के प्रमुख रियल एस्टेट ग्रुप, अविनाश ग्रुप ने अपनी नई परियोजना 'अविनाश कॉस्मोसिटी' का भव्य भूमिपूजन कार्यक्रम पुरसुलिडीह में आयोजित किया। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य उन लोगों को एक बेहतरीन मौका देना है, जो 600 से 2000 वर्ग फुट तक के प्लॉट खरीदने का सपना देख रहे हैं। बुधवार को आयोजित इस शानदार कार्यक्रम में अविनाश ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर आनंद सिंघानिया, कंचन सिंघानिया, डायरेक्टर मुकेश सिंघानिया, प्रियांक सिंघानिया, सौरभ अग्रवाल और प्रतीक शर्मा, वाइस प्रेसिडेंट रमेश सिंह, सीनियर जीएम (सेल्स) विपिन झा, प्रोजेक्ट सेल्स हेड सोनराज शर्मा और अविनाश ग्रुप की पूरी टीम सहित कई ग्राहकगण भी उपस्थित रहे। इस मौके पर अविनाश ग्रुप ने अपने ग्राहकों के लिए एक विशेष प्री-लांच ऑफर का ऐलान किया। इसके तहत ग्राहक अपनी पसंद के प्लॉट को प्री-बुक कर सकते हैं और इस सुनहरे अवसर का लाभ उठा सकते हैं। इसके साथ ही, साइट विजिट की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।






# आईपीएल : कोलकाता ने राजस्थान को आसानी से रौंदा, डिकॉक शतक से चूके

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

क्विंटन डिकॉक ने मुश्किल विकेट पर नाबाद 97 रन की पारी खेलकर कोलकाता नाइट राइडर्स को बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच राजस्थान रॉयल्स पर आठ विकेट से शानदार जीत दिलाई।

वरुण चक्रवर्ती (17 रन पर दो विकेट) और मोईन अली (23 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से केकेआर ने रॉयल्स को नौ विकेट पर 151 रन पर रोक दिया। डिकॉक ने इसके बाद 61 गेंदों पर आठ चौकों और छह छक्कों की मदद से 97 रन की नाबाद पारी खेलकर केकेआर को 17.3 ओवर में आसानी से लक्ष्य पार पहुंचा दिया।



### 83 रन की अटूट साझेदारी

केकेआर ने मोईन अली (पांच) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (18) का विकेट जल्दी गंवा दिया लेकिन टीम जरूरी रन गति को ज्यादा बढ़ने नहीं दिया। डिकॉक ने एक छोर को मजबूती से संभाले रखा और उन्हें युवा अंगकृष रघुवंशी 22 (17 गेंद) के रूप में अच्छा साथी मिला। दोनों की 44 गेंद में 83 रन की अटूट साझेदारी से गत चैंपियन टीम ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया।

### जुरेल ने बनाए 33 रन

राजस्थान रॉयल्स के लिए ध्रुव जुरेल ने सबसे ज्यादा 33 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल ने 29 और कप्तान रियान पराग ने 25 रन का योगदान दिया। बारासपारा मैदान की पिच पर गेंद रुक कर आ रही थी और पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद राजस्थान के बल्लेबाज अपने घरेलू मैदान पर सामंजस्य बैठाने के लिए संघर्ष करते दिखे।



### गेंदबाजों ने झटके दो-दो विकेट

चक्रवर्ती और अली ने पावरप्ले के तुरंत बाद लगातार ओवरों में दो-दो विकेट चटका कर रॉयल्स के मध्यक्रम को ध्वस्त कर दिया। तेज गेंदबाज वैभव अरोड़ा (दो विकेट) महंगे रहे लेकिन उन्होंने दो महत्वपूर्ण विकेट लिए। रॉयल्स के नियमित कप्तान संजू सैमसन (11 गेंद पर 13 रन) को पावरप्ले में यॉर्कर से आउट किया और फिर इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर आये शुभम दुबे (नौ) को सस्ते में आउट किया। हर्षित राणा (दो विकेट) ने आखिरी ओवरों में शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने ध्रुव जुरेल की 28 गेंद की पारी को खत्म करने के बाद खतरनाक शिमरोन हेटमायर को सिर्फ सात रन पर चलता किया। जोफ्रा आर्चर ने सात गेंदों पर 16 रन की तेज पारी खेली जिससे टीम 150 रन के आंकड़े तक पहुंचा सकी।

### डिकॉक 97 रन बनाकर बने प्लेयर ऑफ द मैच

## स्कोर बोर्ड

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का हर्षित बो मोईन | 29 | 24 | 2 | 2 |
| संजू सैमसन बो वैभव | 13 | 11 | 2 | 0 |
| पराग का डिकॉक बो चक्रवर्ती | 25 | 15 | 0 | 3 |
| नीतीश राणा बो मोईन | 08 | 09 | 0 | 0 |
| हसरंगा का रहाणे बो चक्रवर्ती | 04 | 04 | 0 | 0 |
| ध्रुव जुरेल बो हर्षित | 33 | 28 | 5 | 0 |
| शुभम दुबे का रसेल बो वैभव | 09 | 12 | 1 | 0 |
| हेटमायर का रघुवंशी बो हर्षित | 07 | 08 | 1 | 0 |
| जोफ्रा आर्चर बो जॉनसन | 16 | 07 | 0 | 2 |
| महीश तीक्षणा नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |
| तुषार देशपांडे नाबाद | 02 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 20 ओवर में 151/9
गेंदबाजी : जॉनसन 4-0-42-1, अरोड़ा 4-0-33-2, हर्षित 4-0-36-2, मोईन 4-0-23-2, चक्रवर्ती 4-0-17-2.

| कोलकाता | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मोईन अली रन आउट | 05 | 12 | 0 | 0 |
| क्विंटन डिकॉक नाबाद | 97 | 61 | 8 | 6 |
| रहाणे का तुषार बो हसरंगा | 18 | 15 | 1 | 1 |
| अंगकृष रघुवंशी नाबाद | 22 | 17 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 17.3 ओवर में 153/2
गेंदबाजी : आर्चर 2.3-0-33-0, तीक्षणा 4-0-32-0, रियान 4-0-25-1, संदीप 2-0-11-0, हसरंगा 3-0-34-1, नीतीश राणा 1-0-9-0, देशपांडे 1-0-7-0.

खास खबर

## डब्लूपीएल टीमें बढ़ाने की कोई योजना नहीं



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि उसका महिला प्रीमियर लीग की मौजूदा पांच टीमों की संख्या में बढ़ोतरी करने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी डब्लूपीएल समिति के भी प्रमुख हैं। आईपीएल के अध्यक्ष और डब्ल्यूपीएल समिति के सदस्य अरुण धूमल ने कहा, 'अभी फिलहाल हमारा ध्यान इस टूर्नामेंट को मजबूत करने पर है। इसमें कोई अतिरिक्त टीम जोड़ने से पहले हम इसे और अधिक मजबूत करना चाहते हैं। अभी इसमें कोई नई टीम जोड़ने की कोई तात्कालिक योजना नहीं है।'

## अय्यर ने कहा था, मेरे शतक की चिंता मत करो



**अहमदाबाद।** शशांक सिंह की गुजरात टाइटंस के खिलाफ अंतिम ओवर में आक्रामक बल्लेबाजी के कारण श्रेयस अय्यर इंडियन प्रीमियर लीग में अपने पहले शतक से चूक गए। लेकिन इस बल्लेबाज ने बाद में खुलासा किया कि पंजाब किंग्स के कप्तान ने ही उन्हें उनके शतक की परवाह के बिना बड़े शॉट खेलने की हिदायत दी थी। जब पंजाब की पारी का 20वां ओवर शुरू हुआ तब श्रेयस अय्यर 97 रन बनाकर नॉन स्ट्राइकर छोर पर खड़े थे। शशांक ने मोहम्मद सिराज के इस ओवर में पांच चौके लगाए जिससे अय्यर को बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिला।

## हैदराबाद की आक्रामक बल्लेबाजी से आज सतर्क रहेगा लखनऊ

**हैदराबाद।** पहले मैच में पराजय का सामना करने वाली लखनऊ सुपर जॉइंट्स को आईपीएल के अपने अगले मैच में गुरुवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स की टीम ने इस सत्र में भी अपने आक्रामक अंदाज बरकरार रखे हैं। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में उसकी टीम आईपीएल में अपने सर्वोच्च स्कोर के रिकॉर्ड को तोड़ने के करीब पहुंच गई थी। सनराइजर्स ने यह मैच 44 रन से जीता था। पैट कमिंस की अगुवाई वाली सनराइजर्स की टीम के पास कई विस्फोटक बल्लेबाज हैं और ऐसे में ऋषभ पंत के नेतृत्व वाली टीम के लिए अपने प्रमुख गेंदबाजों की अनुपस्थिति में उन पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा।



# टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले बल्लेबाजों में कोई भारतीय नहीं

### किरोन पोलार्ड (908)

वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर किरोन पोलार्ड इस सूची में दूसरे स्थान पर काबिज हैं। उन्होंने अपने करियर में 695 टी-20 मैच खेले हैं, जिसकी 617 पारियों में उन्होंने 31.33 की औसत और 150.19 की स्ट्राइक रेट से 13,537 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 1 शतक और 61 अर्धशतक जड़े हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 104 रन का रहा है। इस प्रारूप में उन्होंने कुल 908 छक्के जड़े हैं। इसके अलावा, उन्होंने 842 चौके भी जड़े हैं।



### आंद्रे रसेल (733)

वेस्टइंडीज के दिग्गज ऑलराउंडर आंद्रे रसेल इस मामले में तीसरे पायदान पर हैं। उन्होंने अपने करियर में 539 टी-20 मैच खेले हैं, जिसकी 466 पारियों में उन्होंने 26.58 की औसत और 168.89 की स्ट्राइक रेट से 9,012 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 2 शतक और 31 अर्धशतक जड़े हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 121* रन का रहा है। इस प्रारूप में उन्होंने कुल 733 छक्के जड़े हैं। इसके अलावा, उन्होंने 594 चौके भी जड़े हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के चौथे मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 1 विकेट से हराकर विजयी आगाज किया। इस मैच में एलएसजी के बल्लेबाज निकोलस पूरन (75) ने अहम उपलब्धि हासिल की। अपनी पारी का पहला छक्का लगाते ही उनके टी-20 क्रिकेट में 606 छक्के पूरे हो गए। वह यह उपल्बधि हासिल करने वाले चौथे बल्लेबाज हैं। टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले 5 बल्लेबाजों में एक भी भारतीय बल्लेबाज का नाम नहीं है।



### क्रिस गेल (1,056)

वेस्टइंडीज के पूर्व महान बल्लेबाज क्रिस गेल इस सूची के शीर्ष पर कायम हैं। उन्होंने अपने करियर में 463 टी-20 मैच खेले हैं, जिसकी 455 पारियों में उन्होंने 36.22 की औसत और 144.75 की स्ट्राइक रेट से 14,562 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 22 शतक और 88 अर्धशतक जड़े हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 175* रन का रहा है। इस प्रारूप में उन्होंने कुल 1,056 छक्के जड़े हैं। इसके अलावा, उन्होंने 1,132 चौके भी जड़े हैं।

### निकोलस पूरन (606)

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन इस मामले में चौथे पायदान पर हैं। उन्होंने अपने करियर में 385 टी-20 मैच खेले हैं, जिसकी 359 पारियों में उन्होंने 8,717 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 3 शतक और 52 अर्धशतक जड़े हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 102* रन का रहा है। इस प्रारूप में उन्होंने कुल 606 छक्के जड़े हैं। इसके अलावा, उन्होंने 580 चौके भी जड़े हैं।



### एलेक्स हेल्स (552)



इंग्लिश बल्लेबाज एलेक्स हेल्स टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के जड़ने के मामले में 5वें स्थान पर है। उन्होंने अपने करियर में 494 टी-20 मैच खेले हैं, जिसकी 490 पारियों में उन्होंने 30.04 की औसत और 145.28 की स्ट्राइक रेट से 13,610 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 7 शतक और 85 अर्धशतक जड़े हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 119 रन का रहा है। इस प्रारूप में उन्होंने कुल 552 छक्के जड़े हैं। इसके अलावा,

## निशानेबाजों का जत्था विश्व कप के लिए रवाना



**नई दिल्ली।** भारत के 22 निशानेबाजों का पहला जत्था 13 सहयोगी कर्मचारियों के साथ बुधवार को ब्यूनस आयर्स के लिए रवाना हुआ जो साल के पहले आईएसएसएफ विश्व कप में भाग लेंगे। यह विश्व कप तीन अप्रैल से अर्जेंटीना की राजधानी में शुरू होगा। यह संयुक्त विश्व कप होगा जिसमें राइफल, पिस्टल और शॉटगन निशानेबाजी के तीनों स्पर्धाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। कुल 35 भारतीय निशानेबाज 15 पदक स्पर्धाओं में भाग लेंगे जिसमें 12 व्यक्तिगत और तीन मिश्रित टीम स्पर्धाएं शामिल हैं। दो बार ओलंपिक पदक जीतने वाली मनु भाकर एकमात्र निशानेबाज हैं, जिन्होंने दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं में जगह बनाई है। टीम के बाकी सदस्य 29 मार्च को रवाना होंगे क्योंकि टूर्नामेंट के अंतिम चरण में उनकी प्रतियोगिताएं शुरू होंगी। कुछ को छोड़कर सभी निशानेबाजों ने 14 मार्च से दिल्ली में डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिविर में भाग लिया।

## सना पाकिस्तान टीम की कप्तान बरकरार



**लाहौर।** ऑलराउंडर फातिमा सना को नौ से 19 अप्रैल तक लाहौर में होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप क्वालीफायर में हिस्सा लेने वाली पाकिस्तान टीम की कप्तान बरकरार रखा गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चयनकर्ताओं ने युवा बल्लेबाज शवाल जुल्फिकार को कंधे की चोट से उबरने के बाद टीम में वापस बुलाया है। पाकिस्तान की अनुभवी ऑलराउंडर और पूर्व कप्तान निदा डार को टीम में शामिल नहीं किया गया। डार और एक अन्य अनुभवी खिलाड़ी आलिया रियाज को पिछले नवंबर में महिलाओं के केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखा गया था।

## सबालेंका और पाओलिनी ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

आर्यना ने चीन की किनवेन झेंग को 6-2, 7-5 से हराया

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका और जैस्मिन पाओलिनी ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। छठी वरीयता प्राप्त पाओलिनी ने पोलैंड की गैरवरीयता प्राप्त मैग्डा लिनेट को 6-3, 6-2 से हराया। वह इस टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंचने वाली इटली की पहली खिलाड़ी बन गई है।

सेमीफाइनल में पाओलिनी का मुकाबला सबालेंका से होगा। सबालेंका ने मंगलवार रात अपने क्वार्टर फाइनल मैच में नौवीं वरीयता प्राप्त चीन की किनवेन झेंग को 6-2, 7-5 से हराया। महिला एकल के अन्य क्वार्टर फाइनल मैचों में चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिका की जेसिका पेगुला का मुकाबला ब्रिटेन की एम्मा राडाकानु से जबकि दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक का सामना फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा एला से होगा।






## न्यूजीलैंड ने 4-1 से जीती सीरीज, पाकिस्तान की घर में हुई किरकिरी

एजेंसी ▶▶| वेलिंग्टन

चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पाकिस्तान को एक बार फिर करारी हार का सामना करना पड़ा है। बुधवार को न्यूजीलैंड ने उन्हें आखिरी टी20 मैच में आठ विकेट से हराकर 4-1 से सीरीज अपने नाम कर ली। वेलिंग्टन में खेले गए इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान ने 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 128 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड ने 10 ओवर में दो विकेट गंवाकर 131 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।




### नीशम ने बरपाया कहर

इससे पहले पाकिस्तान की टीम एक बार फिर बल्ले से प्रभावित करने में नाकाम रही। उनकी तरफ से कप्तान सलमान आगा ने 39 गेंदों में 51 रनों की पारी खेली जबकि शादाब खान ने 28 रन बनाए। वहीं, पांच बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। पाकिस्तान के हसन नवाज, सुफियान मुकीम और मोहम्मद अली खाता भी नहीं खोल सके। सलामी बल्लेबाज मोहम्मद हारिस 11 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए। कीवियों के लिए जेम्स नीशम ने सर्वाधिक पांच विकेट चटकाए जबकि जैकब डफी को दो सफलताएं मिलीं। वहीं, बेन सियर्स और ईश सोढी को एक-एक विकेट मिला।

## अर्जेंटीना विश्व कप के लिए क्वालीफाई, ब्राजील को हराया



एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

अर्जेंटीना के लिए मंगलवार का दिन विशेष रहा। उसकी टीम ने पहले अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया और फिर अपने चिर प्रतिद्वंद्वी ब्राजील को 4-1 से करारी शिकस्त देकर जोरदार अंदाज में इसका जश्न मनाया।

मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने ब्राजील के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर उतरने से पहले ही बोलीविया और उरुग्वे के मैच के ड्रॉ छूटने से विश्व कप में अपनी जगह सुरक्षित कर दी थी। बोलीविया के उरुग्वे को हराने में असफल रहने का मतलब था कि अर्जेंटीना 2026 में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली दक्षिण अमेरिका की पहली टीम बन गई। एल ऑल्टो में उरुग्वे और बोलीविया का मैच गोल रहित ड्रॉ छूटने के बाद अर्जेंटीना ने चोटिल लियोनेल मेसी की अनुपस्थिति के बावजूद मंगलवार को मोनुमेंटल डी नुनेज़ स्टेडियम में 85,000 प्रशंसकों के सामने ब्राजील को 4-1 से पराजित करके विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का जश्न मनाया। दक्षिण अमेरिका क्वालीफाइंग में शीर्ष पर रहने वाली छह टीम विश्व कप के लिए सीधा क्वालीफाई करेंगी जबकि सातवें स्थान की टीम अंतरराष्ट्रीय प्लेऑफ में खेलेगी।

**आधिपत्य सूचना**

HDFC BANK

**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**
**शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर**
Tel: 0771-4243149/240 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

जबकि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी), प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ('उक्त अधिनियम') और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किए गए। उक्त अधिनियम के तहत, निम्नलिखित उधारकर्ताओं/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों से आव्हान किया गया है कि वे अपने संबंधित नामों के सामने उल्लेखित राशि का भुगतान उक्त नोटिस में उल्लेखित लागू दरों पर ब्याज सहित करें। उक्त नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिन, आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि भुगतान और/या वसूली की तारीख तक।

| क्रं. | ऋणी (ओं) के नाम/ कानूनी वारिस (ओं) एवं कानूनी प्रतिनिधि (यों) | बकाया राशि* | मांग सूचना की दिनांक | आधिपत्य दिनांक | अचल संपत्ति (यों) का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | **श्री सुना जया,** यूनिट-एफ-5, एफ-6, गुलशन वाटिका, स.क्र. 181/1, 181/5, 181/5, 181/8, 181/12, 181/4, 181/6, 181/11, 181/11, 181/18, प.ह.नं. 119, मौजा - सेजबहार, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड के पास, रायपुर-492001. **श्री सुना जया,** एमआईजी 46, बी ब्लॉक, हिमालय हाइट्स, डुमरतराई - 492001. **श्री सुना जया,** मेसर्स जया सूना, एमआईजी 46, बी ब्लॉक, हिमालय हाइट्स, रायपुर - 492001. **श्री सुना धनु,** एमआईजी-46 ब्लॉक-बी, हिमालय हाइट्स, डुमरतराई, रायपुर - 492001. **श्री सुना धनु,** यूनिट-एफ-5, एफ-6, गुलशन वाटिका, स.क्र. 181/1, 181/5, 181/5, 181/8, 181/12, 181/4, 181/6, 181/11, 181/11, 181/18, प.ह.नं. 119, मौजा - सेजबहार, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड के पास, रायपुर-492001. | **₹ 26,57,848/-** दिनांक 30.10.24* तक | 26-Nov-2024 | 24-Mar-2025 (सांकेतिक कब्जा) | प्लॉट एवं उस पर निर्मित समस्त भाग व अंश जिसका क्रमांक एफ-5 और एफ-6, क्षेत्रफल -1200 वर्ग फीट (600 वर्ग फीट और 600 वर्ग फीट) खसरा नं. 15000/41, गुलशन वाटिका, स्थित - ग्राम - सेजबहार, प.ह.नं.-82, आरआईसी- रायपुर-18, कंडुल, तहसील और जिला रायपुर छत्तीसगढ़। |
| 01. | **श्री खान इमरान,** फ्लैट-195-ब्लॉक-सी, फ्लोर-6, डिडवानिया रीजेंसी, डीमार्ट के पास, रायपुरा, स.क्र., ख.नं. 325/54/325/55, 325/35, 316/4, 325/16, 2, प.ह.नं. 104, मौजा-रायपुर-492001. **श्री खान इमरान,** फ्लैट नंबर 195, द्वारका ब्लॉक, 6वीं मंजिल, डिडवानिया रेजीडेंसी, डीमार्ट के पास, रायपुरा - सुंदर नगर, रायपुर - छत्तीसगढ़, पिन - 492013 - भारत। **श्री खान इमरान,** महानिदेशालय केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, बीजापुर, O/o. कमांडेंट, 199 बीएन सीआरपीएफ, पाथुरपारा, भैरमगढ़, बीजापुर एस.ओ.-494444. | **₹ 31,17,779/-** दिनांक **31-Aug-2024*** तक | 03-Oct-2024 | 24-Mar-2025 (सांकेतिक कब्जा) | फ्लैट-195-ब्लॉक-सी, फ्लोर-6 डीडवानिया रिजेंसी, स.क्र., ख.नं. 325/ 54/325/55 325/35, 316/4, 325/16, 2 प.ह.नं. 104, मौजा-रायपुर, छ.ग. |

*भुगतान और/या वसूली की तारीख तक लागू अतिरिक्त ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि के साथ।

हालाँकि, चूँकि ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी और कानूनी प्रतिनिधि देय राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिए ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों को विशेष रूप से और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि एचडीएफसी के प्राधिकृत अधिकारियों ने धारा 13(4) के तहत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऊपर वर्णित अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति(यों) पर कब्ज़ा कर लिया है। उक्त अधिनियम ऊपर उल्लेखित तिथियों पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़ा जाता है।

विशेष रूप से ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी और कानूनी प्रतिनिधि और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे उपरोक्त अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) के साथ लेनदेन न करें और उक्त अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) के साथ कोई भी लेनदेन एचडीएफसी के बंधक के अधीन होगा। उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा 8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

निकाले गए पंचनामा और बनाई गई सूची की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे सामान्य कार्यालय समय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर अधोहस्ताक्षरी से संबंधित प्रति प्राप्त करें।

**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड के लिए**
वास्ते
प्राधिकृत अधिकारी

**स्थान-रायपुर, दिनांक : 27.03.2025**

**रजिस्टर्ड ऑफिस : एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापती बापत मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई-400013**

रायगढ़ के महापौर जीवर्धन से विशेष बातचीत

# आज भी मैं चाय दुकान जाता हूं, फिर जनता की सेवा के लिए निकल जाता हूं

*यह भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है कि एक चाय वाला महापौर बना दिया जाए। मैंने सपने में भी नहीं सोचा था। मैंने अपना बायोडाटा ऐसे ही पार्टी को दे दिया था। 1996 से भाजपा से जुड़ा था।उम्मीद भी नहीं थी कि मुझे टिकट मिल ही जाएगी। लेकिन टिकट मिली और कार्यकर्ताओं ने जिता भी दिया। महापौर बनने के बाद मुझमें कोई खास बदलाव नहीं आया है। आज भी मैं पहले चाय दुकान जाता हूं और फिर जनता की सेवा के लिए निकल जाता हूं। जनता और पार्टी की सेवा आज भी कर रहा हूं। यह कहना है रायगढ़ के महापौर जीवर्धन का। प्रस्तुत हैं हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी से हुए संवाद के प्रमुख अंशः-*



**एक चाय बेचने वाले के रूप में जो सुर्खियां आपको मिली, अब आप महापौर हैं, ये बदलाव आपको कितना चौंका रहा है ?**

▸▸ मेरे जीवन में एक बदलाव आया है पर मैं आज भी चाय दुकान जाता हूं, समय देता हूं। फिर जनता ने मुझे महापौर चुना है तो जनता की सेवा के लिए निकल जाता हूं।

**कितना चौंके आप, कितना चौंकाने वाला था आपके लिए भाजपा का महापौर प्रत्याशी घोषित होना?**

▸▸ मेरे जीवन में सबसे चौंकाने वाली बात रही है महापौर का चुनाव लड़ना। मैंने सपने भी नहीं सोचा था। मैंने तो ऐसे ही पार्टी में अपना बायोडाटा दे दिया था। भारतीय जनता पार्टी से मैं 1996 से जुड़ा हूं। उससे पहले आरएसएस से जुड़ा था। पार्टी ने पहले दायित्व दिया। भाजयुमो में फिर भाजपा में मंडल अध्यक्ष बना, जिला कार्यकारिणी में भी रहा। युवा मोर्चा का नगर अध्यक्ष बनाया गया। नगर निगम में एल्डरमेन भी नियुक्त किया गया। अनुसूचित जाति मोर्चा का प्रदेश मंत्री भी बनाया गया। पार्टी ने जो भी दायित्व दिया उसे अच्छे से निभाया। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं चुनाव लड़ूंगा, क्योंकि गरीब परिवार से मैं आता हूं। ये हमारी पार्टी की सोच है, जो एक चाय वाले को चुनकर आगे बढ़ाया। मेरा जीवन बहुत संघर्ष में बीता, बच्चों का इलाज नहीं करा पाता था। पार्टी के नेताओं को अपनी अवस्था भी नहीं बता पाता था। मेरे मां-बाप की शिक्षा कि बेटा कभी हार न मानना मेरे काम आया। मैंने हार न मानते हुए संघर्ष जारी रखा, जनता की सेवा करता रहा। उनके आशीर्वाद से आज यहां तक पहुंचा हूं।

नए महापौर नई बात

**कौन ऐसा मसीहा रहा, जिसने आपको यहां तक पहुंचा दिया ?**

▸▸ मेरे 30 साल की राजनीति में सभी से अच्छा संबंध रहा। माननीय लाडले विधायक ओपी चौधरी की नजर मुझ पर पड़ी। एक रुपया भी नहीं था, चुनाव लड़ने के लिए। लाडले विधायक ने मुझे चुना और जिताया भी।

**चुनाव लड़ने के लिए पैसे नहीं थे, फिर आप जीत भी गए। कितना कर्जा हुआ, चंदा-वंदा कितना आया, कर्जा बढ़ गया या पैसे बच गए ?**

▸▸ सारी जवाबदारी विधायकजी ने, हमारे संगठन ने लिया। मैं तो आज जो कपड़ा पहना हूं, वह भी संगठन का दिया हुआ है, ओपी चौधरी का दिया हुआ है। मैं तो अपने बच्चों का शौक पूरा नहीं कर पाता था।

**घर चाय के दुकान से चलता था, पार्टी ने चुनाव लड़ा दिया, कितना नुकसान हो गया, दुकान कैसे सम्हल रही है ?**

▸▸ चुनाव के समय फ्री में चाय पिलाना पड़ता था। घर चलाने में विधायकजी ने मदद की।

**अब क्या करेंगे, महापौर की जिम्मेदारी निभाएंगे या चाय दुकान चलाएंगे ?**

▸▸ चाय की दुकान भी चलाउंगा और जनता की सेवा भी करुंगा। जनता ने बहुत विश्वास के साथ जिताया है। जब से महापौर बना हूं, अब मेरे पास जनता का काम आने लगा है।

**कैसे समय देंगे दुकान और जनता को ?**

▸▸ सुबह 4 बजे उठता हूं। 5 बजे सफाई व्यवस्था देखने निकल जाता हूं। सुबह 8 बजे लौटकर दुकान आता हूं। फिर 10 बजे नगर निगम पहुंच जाता हूं।

**महापौर बनने के बाद दुकान में बरकत आई है या संकट में आई है।**

▸▸ दुकान में तो बरकत आई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी मेरे दुकान में चाय पी है। विधायक और मंत्री ओपी चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी चाय पी है। चुनाव जीतने के बाद दुकान भी चर्चित हो गई है। आमदनी बढ़ गई है।

**इन्होंने चाय के पैसे दिए थे या नहीं ?**

▸▸ इन्होंने मुझे आशीर्वाद इतना दिया कि आज रायगढ़ नगर निगम का महापौर बन गया।

**महापौर बनकर अब करेंगे क्या, किसलिए बने हैं महापौर ?**

▸▸ जनता की सेवा, रायगढ़ का विकास करुंगा, इसे महानगर बनाने का प्रयास करुंगा।



## बोटिंग के दौरान नाव पलटी, एसडीआरएफ ने सभी को सुरक्षित निकाला

**जशपुर।** जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल मयाली नेचर पार्क में लोगों से भरी बोटिंग नाव पलट गई। इस नाव पर सवार पर्यटक सेल्फी लेने के दौरान नाव के एक हिस्से मे आ गए, जिससे यह हादसा हुआ। इस नाव में सवार सभी 7 लोगों को मौके पर तैनात एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर बाहर सुरक्षित निकाल लिया है। कुनकुरी थाना क्षेत्र के मयाली नेचर पार्क में शिव पुराण कथा वाचक प्रदीप मिश्रा का पंडाल में हजारों श्रद्धालु आ रहे हैं। कथा के बाद यहां श्रद्धालु बोटिंग नाव पर सैर कर रहे थे।

सौरभ हत्याकांड पर बोले आचार्य

# धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा-नीले ड्रम से सदमे में बहुत से पति



**मेरठ।** मेरठ के खौफनाक सौरभ हत्याकांड से बागेश्वर धाम के पीठाधेश्वर आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री भी चिंतित हैं। बुधवार को उन्होंने कहा कि नीला ड्रम पूरे देश में वायरल हो रहा है। इससे बहुत से पति सदमे में हैं। उन्होंने कहा कि भगवान की कृपा है कि हमारी शादी नहीं हुई है। उन्होंने इस हत्याकांड की निंदा की। कहा, ऐसी घटनाएं पाश्चात्य संस्कृति का आगमन, पालन-पोषण और संस्कारों की कमी का परिणाम है।मेरठ में श्री हनुमंत कथा के लिए आए धीरेंद्र शास्त्री ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि सौरभ हत्याकांड अत्यंत निंदनीय है। पाश्चात्य संस्कृति का आगमन इस सब का कारण है। वर्तमान समय में घटते हुए परिवार की व्यवस्था इसके लिए दोषी है। प्यार के चक्कर में परिवार को मिटाने की साजिश बेहद गंभीर मामला है। ऐसी घटनाएं तलाक की व्यवस्था का परिणाम हैं। जीवन में एक ही शादी होनी चाहिए।

## हवाई अड्डे के कचरे के डिब्बे में नवजात का शव

**मुंबई।** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (टी-2) के एक शौचालय में कचरे के डिब्बे से नवजात शिशु का शव बरामद किया गया है। यह मामला बुधवार को सामने आया, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मंगलवार रात करीब 10:30 बजे एयरपोर्ट सुरक्षा कर्मियों को शौचालय के कचरे के डिब्बे में एक नवजात शिशु के पड़े होने की सूचना मिली। तुरंत उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और एयरपोर्ट के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई है।




## 5 दिन में 8 लाख तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

**देहरादून।** उत्तराखंड चारधाम यात्रा के कपाट खोलने की तारीखों के ऐलान के साथ ही सरकार ने तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। 21 मार्च से शुरू चारधाम ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का आंकड़ा 8 लाख के करीब पहुंच गया है। चारों धामों में दर्शन करने को भक्तों में काफी उत्साह है। श्रद्धालुओं के लिए एक गुड न्यूज यह भी है कि इस साल 2025 में 10 दिन ज्यादा यात्रा चलेगी। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं के पंजीकरण का आंकड़ा 747699 पहुंच गया है। मंगलवार शाम पांच बजे तक यमुनोत्री धाम के लिए 134376, गंगोत्री के लिए 138258, केदारनाथ के लिए 242038 और बदरीनाथ धाम के लिए 224493 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण करा लिया था।






RALAS MOTORS: RAIPUR, BALODA BAZAR, MAHASAMUND, SARAIPALI - 7290057246, SHIVNATH AUTOMOBILES: BHILAI, RAJNANDGAON, BALOD, KAWARDHA, BEMETARA - 7290057248, SHIVNATH MOTORS: RAIPUR, GARIABAND - 9667947878, RALAS AUTOMOBILES: DHAMTARI, KANKER, KONDAGAON - 7290057247, BR BALAJI LLP: JAGDALPUR, SUKMA, DANTEWADA, BIJAPUR - 8448989091

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com